वर्ष : 31 | अंक :32
प्रतापगढ़ | बुधवार , 4 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


● लोकसभा में बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर ●

# भारत-चीन संबंधों में हो रहा है सुधार

**एलएसी पर हालात सामान्य लेकिन सेना मुस्तैद**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में कहा कि भारत और चीन के संबंध 2020 से असामान्य थे, जब चीन की कार्रवाइयों की वजह से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बाधित हुई। उन्होंने बताया कि सतत कूटनीतिक साझेदारी को दर्शाने वाले हालिया घटनाक्रम ने भारत-चीन संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में बढ़ाया है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम चीन के साथ इस दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सीमा मुद्दे पर समाधान के लिए निष्पक्ष और परस्पर स्वीकार्य रूपरेखा पर पहुंचें। एस जयशंकर ने कहा कि मैं सदन को भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल के कुछ घटनाक्रमों और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभाव से अवगत कराने के लिए खड़ा हुआ हूं। सदन इस बात से अवगत है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं जब चीनी कार्यों के परिणामस्वरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई थी। हाल के घटनाक्रम जो तब से हमारी निरंतर राजनयिक भागीदारी को दर्शाते हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्ष और उससे पहले की घटना के परिणामस्वरूप चीन ने अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर लिया है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5,180 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया था, जो 1948 से उसके कब्जे में है। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को हल करने के लिए कई दशकों से बातचीत की है। हालांकि वास्तविक नियंत्रण रेखा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इसकी आम समझ नहीं है।एस जयशंकर ने कहा कि हम सीमा समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सदस्यों को याद होगा कि अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों को इकट्ठा करने के परिणामस्वरूप कई बिंदुओं पर हमारी सेना के साथ आमना-सामना हुआ। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण गश्ती गतिविधियों में भी बाधा उत्पन्न हुई। यह हमारे सशस्त्र बलों का श्रेय है कि साजो-सामान संबंधी चुनौतियों और तत्कालीन प्रचलित कोविड स्थिति के बावजूद, वे तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम थे।विदेश मंत्री ने कहा कि सदन जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प की परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित है।

उसके बाद के महीनों में, हम एक ऐसी स्थिति को संबोधित कर रहे थे जिसमें 45 वर्षों में पहली बार न केवल मौतें देखी गई, बल्कि घटनाएं गंभीर भी हुई। एलएसी के करीब भारी हथियार तैनात करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार की तत्काल प्रतिक्रिया पर्याप्त क्षमता की दृढ़ प्रति-तैनाती थी, वहीं इन बढ़े हुए तनावों को कम करने और शांति और अमन-चैन बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयास की भी अनिवार्यता थी। चीन के साथ हमारे संबंधों का समकालीन चरण 1988 से शुरू होता है जब यह स्पष्ट समझ थी कि चीन-भारत सीमा प्रश्न को शांतिपूर्ण और मैत्रीपूर्ण परामर्श के माध्यम से हल किया जाएगा।

भाजपा नेता ने कहा कि 1991 में, दोनों पक्ष सीमा प्रश्न का अंतिम समाधान होने तक एलएसी के पास के क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमत हुए। इसके बाद 1993 में शांति और शांति बनाए रखने पर एक समझौता हुआ। इसके बाद 1996 में भारत और चीन सैन्य क्षेत्र में विश्वास बहाली के उपायों पर सहमत हुए। 2003 में, हमने अपने संबंधों और व्यापक सहयोग के सिद्धांतों की घोषणा को अंतिम रूप दिया, जिसमें विशेष प्रतिनिधियों की नियुक्ति शामिल थी। 2005 में, एलएसी पर विश्वास-निर्माण उपायों के कार्यान्वयन के लिए तौर-तरीकों पर एक प्रोटोकॉल तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि साथ ही सीमा प्रश्न के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनी। 2012 में, परामर्श और समन्वय के लिए एक कार्य तंत्र ङ्खरूष्ट्ट की स्थापना की गई थी और एक साल बाद हम सीमा रक्षा सहयोग पर भी एक समझ पर पहुंचे। मेरे द्वारा इन समझौतों को याद करने का उद्देश्य शांति और शांति सुनिश्चित करने के हमारे साझा प्रयासों की विस्तृत प्रकृति को रेखांकित करना और 2020 में इसके अभूतपूर्व व्यवधान के हमारे समग्र संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव की गंभीरता पर जोर देना है।

# नागरिकों के अधिकारों के रक्षक बन रहे नए आपराधिक कानून-प्रधानमंत्री

**● कानूनी जटिलताओं का फायदा नहीं उठा पाएंगे आतंकी**



**चंडीगढ़, एजेंसियॉ।** चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि देश में संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर संवैधानिक मूल्यों पर आधारित भारतीय न्याय संहिता का आरंभ होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून सभी नागरिकों के लाभ के लिए संविधान में निहित आदर्शों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम को दर्शाते हैं। मोदी ने कहा कि नए कानूनों के तहत आतंकवादी और आतंकी संगठन कानूनी जटिलताओं का कोई फायदा नहीं उठा पाएंगे। नए आपराधिक कानून नागरिकों के अधिकारों के रक्षक बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि एक ऐसे समय में जब देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित %भारतीय न्याय संहिता% के प्रभाव का प्रारंभ होना, बहुत बड़ी बात है। देश के नागरिकों के लिए हमारे संविधान ने जिन आदर्शों की कल्पना की थी, उन्हें पूरा करने की दिशा में ये ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशकों में न्याय व्यवस्था के सामने जो चुनौतियां आई, उन पर गहन मंथन किया गया।

हर कानून का व्यवहारिक पक्ष देखा गया, भविष्यवादी पैरामीटर पर उसे कसा गया, तब भारतीय न्याय संहिता इस स्वरूप में हमारे सामने आई है। मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का, माननीय न्यायाधीशों का, देश की सभी हाई कोर्ट का विशेष आभार व्यक्त करता हूं।प्रधानमंत्री ने कहा कि 1947 में, सदियों की गुलामी के बाद जब हमारा देश आजाद हुआ, पीढ़ियों के इंतजार के बाद, लोगों के बलिदानों के बाद, जब आजादी की सुबह आई, तब कैसे-कैसे सपने थे, देश में कैसा उत्साह था। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने सोचा था कि अंग्रेज गए हैं, तो अंग्रेजी कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। अंग्रेजों के अत्याचार के, उनके शोषण का जरिया ये कानून ही तो थे। ये कानून ही तब बनाए गए थे, जब अंग्रेजी सत्ता भारत पर अपना शिकंजा बनाए रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार थी।

उन्होंने कहा कि 1857 में देश का पहला बड़ा स्वधीनता संग्राम लड़ा गया। उस 1857 के स्वतंत्रता संग्राम ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं, तब जाकर 1860 में अंग्रेज इंडियन पीनल कोड यानी आईपीसी लाए। उसके कुछ साल बाद, इंडियन पीनल एक्ट लाया गया यानी सीआरपीसी का पहला ढांचा अस्तित्व में आया। इस कानूनों की सोच व मकसद यही था कि भारतीयों को दंड दिया जाए, उन्हें गुलाम रखा जाए।

# ताज महल को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**जांच में जुटी पुलिस, चलाया गया तलाशी अभियान**



**आगरा, एजेंसियॉ।** आगरा के प्रतिष्ठित ताज महल को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने कहा कि पर्यटन विभाग को ईमेल मिला। उसके आधार पर ताजगंज थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है। आगे की जांच चल रही है। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) की टीम और स्थानीय पुलिस मुगल स्मारक पर पहुंची और देश के शीर्ष पर्यटक स्थल के परिसर में तलाशी अभियान चलाया।ताज की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे एसीपी ने कहा कि बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड और अन्य टीमों को सेवा में लगाया गया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन कार्यालय को एक ईमेल प्राप्त हुआ था जिसमें ताज महल को उड़ाने की धमकी दी गई थी। हमें ईमेल के अनुसार कुछ भी नहीं मिला।

बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और अन्य टीमें सुरक्षा जांच के लिए ताज महल पहुंचीं। उत्तर प्रदेश पर्यटन की उप निदेशक दीप्ति वत्स के अनुसार, बम की धमकी से संबंधित ईमेल को तुरंत कार्रवाई के लिए आगरा पुलिस और एएसआई, आगरा सर्कल को भेज दिया गया था।

जम्मू-कश्मीर सेना को बड़ी कामयाबी

# मारा गया लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी जुनैद



**जम्मू-कश्मीर, एजेंसियॉ।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी जुनैद अहमद भट को मार गिराया, जो हाल ही में घाटी के गगनगीर और गांदरबल में नागरिकों की हत्याओं में शामिल था। दाचीगाम में आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई अभी भी जारी है, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना संयुक्त अभियान चला रही है।

कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर लिखा कि चल रहे ऑपरेशन में एक आतंकवादी मारा गया और उसकी पहचान जुनैद अहमद भट (एलईटी, श्रेणी ए) के रूप में हुई है। उक्त आतंकवादी गगनगीर, गांदरबल और कई अन्य आतंकवादी हमलों में नागरिकों की हत्या में शामिल था। ऊपरी इलाकों में ऑपरेशन जारी है। हाल के दिनों में आतंकियों द्वारा किए गए कई हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन बढ़ा दिया है। इससे पहले 23 नवंबर को बारामूला पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में बारामूला जिले के कुंजर इलाके में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया था।

अक्टूबर में संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर में तीन दशकों से अधिक की हिंसा में निर्माण कर्मचारियों पर सबसे बड़े लक्षित हमले में छह श्रमिकों और एक डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी।

मध्य में एक सुरंग का निर्माण कर रही। एक निजी कंपनी के शिविर पर रविवार रात लगभग 8.15 बजे स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की गई।

मरने वालों में मध्य कश्मीर के बडगाम के डॉ. शाहनवाज; पंजाब के गुरदासपुर से गुरमीत सिंह (30), बिहार से इंदर यादव (35); जम्मू के कठुआ से मोहन लाल (30) और जगतार सिंह (30); कश्मीर से फैयाज अहमद लोन (26) और जहूर अहमद लोन।

# उधमपुर में आतंकियों की मदद के आरोप में दो महिलाएं हिरासत में

**जम्मू, (हि.स.)।** पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत दो महिला ओवरग्राउंड वर्कर (आतंकियों की सहयोगी) को हिरासत में लिया है।पुलिस अधिकारी के अनुसार दोनों महिलाओं को आतंकवादियों का सहयोग करने के आरोप में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया है। दोनों की पहचान मरियमा बेगम निवासी लौधरा, बसंतगढ़ और अरशद बेगम निवासी राय चक, बसंतगढ़ उधमपुर के रूप में हुई है। इन दोनों की गतिविधियां राज्य की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा माना गया था।

# संभल हिंसा के लिए अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर कार्रवाई हो




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने शून्य काल के दौरान संभल हिंसा का मुद्दा उठाया। उन्होंने हिंसा के लिए पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि घटना से जुड़े अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।समाजवादी पार्टी के नेता के बयान के दौरान सत्ता पक्ष की ओर से सांसदों ने विरोध जताया। उनके बयान के बाद कांग्रेस के उज्ज्वल रमण सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से मामले की जांच कराए जाने की मांग की।सपा नेता ने कहा कि संभल में सदियों पुराने आपसी भाईचारे को साजिश के तहत तोड़ने की कोशिश की गई है। अगर इसी तरह से भाजपा और उसके समर्थक लोग जगह-जगह पर खुदाई की मांग करते रहेंगे तो देश आपसी सौहार्द्र और गंगा-जमुनी तहजीब खो देगा।सपा नेता ने घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को पुलिस ने भड़काया है, जिसका वीडियो भी सबके सामने हैं। इस हिंसा में पांच मासूमों ने अपनी जान गंवा दी।

# पुलिस ने प्रेरणास्थल पर आंदोलनरत सात सौ किसान गिरफ्तार

**पुलिस लाइन ले जाया गया**

**भाकियू ने सिसौली में बुलाई बैठक**



**नोएडा,(हि.स.)।** अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत सात सौ से ज्यादा किसानों को दलित प्रेरणा स्थल से पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया । सभी किसानों को गिरफ्तार कर सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन ले जाया गया । मौके पर 4,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। इस समय मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान किसान जय जवान, जय किसान के नारे लगाते रहे। किसान नेताओं का कहना है कि अब आंदोलन और भी ज्यादा उग्र हो सकता है।पुलिस किसानों को अपने साथ पुलिस लाइन ले गयी, जिसके बाद किसान संगठनों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने सिसौली में आपातकालीन बैठक बुलाई है।आंदोलन के दौरान नोएडा पुलिस सभी किसानों को उठाकर ले गई। पुलिस के इस कदम के बाद भारतीय किसान यूनियन में आक्रोश पैदा हो गया है। भारतीय किसान यूनियन ने ऐलान किया है कि मंगलवार शाम 4 बजे सिसौली (मुजफ्फनगर) में एक आपातकालीन पंचायत बुलाई गई है,जिसमें किसानों से अधिकतम संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।उधर, भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि देश का किसान कमजोर नहीं है। यह मीटिंग नोएडा में होगी। हम बातचीत कर फिर बैठक करेंगे। किसानों को जहां लेकर जाएंगे, हम भी वहीं चले जाएंगे। अगले 2 घंटे में हम भी नोएडा पहुंच रहे हैं।

हमको भी गिरफ्तार करो या फिर बातचीत करो।भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता सुनील प्रधान ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर किसान लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। मांगें पूरी नहीं होने पर दिल्ली कूच की तैयारी की गई, लेकिन अधिकारियों ने 7 दिन का समय मांगा।

# सुखबीर बादल व अन्य धार्मिक सजा भुगतने पहुंचे अकाल तख्त साहिब, बदला चोला

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** शिरोमणि अकाली दल (बादल) के पूर्व प्रधान और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल और बादल सरकार के पूर्व मंत्रियों आज सुबह चोला बदल गया। सभी ने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह की कल सुनाई गई धार्मिक सजा का पालन शुरू कर दिया।आज सुबह सुखबीर बादल सभी नेताओं के साथ अमृतसर स्थित दरबार साहिब पहुंचे। बादल और पूर्व केंद्रीयमंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा ने सेवादार का चोला पहना। गले में दोषी माफी वाली तख्ती लटकाने के बाद सुखबीर व ढींडसा दरबार साहिब की मुख्य ड्योढी के बाहर हाथों में बरछे लेकर बैठे। अकाल तख्त साहिब के प्रबंधक ने उनकी हाजिरी लगवाई।

# हिन्दुओं के लिए बांग्लादेश से भिड़ने को तैयार दीदी

**अंतरराष्ट्रीय शांति सेना को बांग्लादेश भेजा जाए**



**कोलकाता, एजेंसियॉ।** बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए दीदी बंगाल का दरवाजा खोलने की पेशकश कर रही हैं और ढाका में फोर्स उतारने की मांग कर रही हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी और केंद्र से बांग्लादेश में शांति सेना तैनात करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से अनुरोध करने का आग्रह किया और पड़ोसी देश से सताए गए भारतीयों को वापस लाने के लिए पीएम के हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने संसद में बांग्लादेश पर प्रधानमंत्री से और उनके अनुपलब्ध होने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से बयान देने की भी मांग की। पिछले 10 दिनों से केंद्र ने चुप्पी साध रखी है। इस बीच, उनकी पार्टी (भाजपा) रोजाना रैलियां कर रही है और कह रही है कि वे सीमा को अवरुद्ध कर देंगे और खाद्य आपूर्ति बंद कर देंगे। यह (मुद्दा) हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। हम चाहते हैं कि पीएम भारत का रुख स्पष्ट करें।

विदेश मंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए। दोनों देशों को बातचीत में शामिल होने दीजिए। यदि नहीं, तो केंद्र को भारतीय नागरिकों को वापस लाने दें। हम उनके लिए भोजन सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हो, तो सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद करने के लिए वहां (अंतरिम) सरकार से बात करने के बाद एक अंतरराष्ट्रीय शांति सेना को बांग्लादेश भेजा जाए। बांग्लादेश में जो हो रहा था वह %दुर्भाग्यपूर्ण% था। सीएम ने कहा कि यह केंद्र सरकार को संबोधित करने का मामला है। हालाँकि, हमारे कई दोस्त और रिश्तेदार बांग्लादेश में रहते हैं। हम धर्म, जाति या समुदाय की परवाह किए बिना किसी भी समूह पर हमले की निंदा करते हैं। हम चाहते हैं कि शांति लौटे।% बाद में पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने कहा कि बांग्लादेश की अशांति के कारण यहां जवाबी हिंसा हो सकती है। उन्होंने (बहुसंख्यक समुदाय) बदले में दंगों का सहारा नहीं लिया। बांग्लादेश में घटती अल्पसंख्यक आबादी के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि केंद्र ने इतने समय तक कार्रवाई क्यों नहीं की? हमने कुछ राजनीतिक दल के सांसदों को आश्रय दिया है। हम हिंदू और मुस्लिम में फर्क नहीं करते. हमने ढाका प्रेस क्लब सचिव को वापस लाने की भी कोशिश की, लेकिन बीएसएफ हमारे अधीन नहीं है। हम यहां कुछ नहीं कर सकते, हम विदेश मंत्रालय का समर्थन करेंगे।

संभल के बाद एक और विवाद

# बदायूं में शम्सी शाही मस्जिद या निलकंठ मंदिर

**बदायूं , एजेंसियॉ।** धार्मिक संरचनाओं पर एक और विवाद में, यूपी की एक अदालत ने बदायूं में शम्सी शाही मस्जिद के खिलाफ याचिका स्वीकार कर ली है। वकील विवेक रेंडर ने इसकी जानकारी दी है। याचिकाकर्ता के वकील विवेक रेंडर ने कहा कि याचिका 2022 में यूपी कोर्ट के समक्ष दायर की गई थी और अदालत ने स्वीकार किया है कि याचिका सुनवाई योग्य है। याचिकाकर्ता के वकील विवेक रेंडर ने कहा कि याचिका 2022 में यूपी कोर्ट के समक्ष दायर की गई थी और अदालत ने स्वीकार किया है कि याचिका सुनवाई योग्य है।रेंडर ने बताया कि मामला ये है कि जिस संपत्ति पर विवाद है वो असल में नीलकंठ महादेव का मंदिर है। याचिका 8 अगस्त 2022 को दायर की गई थी। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने ये भी माना कि अर्जी सुनवाई योग्य है। हमारी मुख्य मांग यह है कि हमें नीलकंठ महादेव मंदिर में पूजा करने की अनुमति दी जानी चाहिए, जैसा कि पहले के समय में किया जाता था। याचिकाकर्ता ने मंदिर में पूजा की इजाजत के लिए दलील दी है और दावा किया है कि उसने कोर्ट में पुख्ता सबूत पेश



किए हैं। बदायूँ की जामा मस्जिद शम्सी मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे वकील असरार अहमद सिद्दीकी ने कहा कि जो मुकदमा दर्ज कराया गया है वह फर्जी है। यह शांति भंग करने के लिए किया गया है। उनका (हिन्दू पक्ष का) इस मस्जिद पर कोई अधिकार नहीं है। शम्सी शाही मस्जिद, जो सोथा मोहल्ले नामक ऊंचे क्षेत्र पर बनी है, को बदायूँ की सबसे ऊँची इमारत माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह मस्जिद देश की तीसरी सबसे पुरानी और सातवीं सबसे बड़ी मस्जिद है, जिसकी क्षमता 23,500 लोगों की है। हालाँकि, शम्सी शाही मस्जिद की प्रबंधन समिति ने बदायूँ की अदालत को बताया है कि हिंदू संगठन की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। शम्सी शाही मस्जिद की मस्जिद इंतजामिया कमेटी और वक्फ बोर्ड ने शनिवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के समक्ष अपनी दलीलें पूरी कर लीं और अदालत अब इस मामले पर 3 दिसंबर को सुनवाई करेगी। संभल में जामा मस्जिद कमेटी के एक सर्वेक्षण के बाद हुई हिंसा पर राजनीतिक विवाद के बीच बदायूं मस्जिद के मामले में विकास हुआ है, जिसमें पांच लोग मारे गए थे और पुलिस सहित दर्जनों अन्य घायल हो गए थे।

# अदाणी मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में दो फाड

**● कांग्रेस के प्रोटेस्ट से तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी ने बनाई दूरी**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा से बहिर्गमन किया। विपक्ष की ओर से रिश्वत मामले में अमेरिकी अभियोजकों द्वारा गौतम अडानी को दोषी ठहराए जाने और संभल हिंसा जैसे मुद्दे शीतकालीन सत्र उठाए जा रहे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब एक दिन पहले ही सरकार और विपक्ष के बीच लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सुचारू कामकाज के लिए सहमति बन गई थी। हालांकि, इंडिया गुट में दरार मंगलवार को खुलकर सामने आ गई जब गौतम अडानी रिश्वत मामले पर संसद परिसर में संयुक्त विपक्ष के विरोध प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी शामिल नहीं हुई। जबकि विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कुछ कांग्रेस सहयोगी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। अडानी मामले पर संसद में इंडिया अलायंस के विरोध प्रदर्शन में टीएमसी के शामिल नहीं होने पर टीएमसी सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि गठबंधन का हाल आप देख सकते हैं। कभी टीएमसी गायब तो कभी आम आदमी पार्टी गायब। कांग्रेस जहां भी जनता के पास जाती है, वहां जनता उन्हें नकार देती है। कांग्रेस के पास अब सिर्फ एक ही जगह है संसद गेट या फिर सदन को चलने नहीं देना। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस का एजेंडा है। टीएमसी कब कहां जाएगी, कोई नहीं जानता। ममता बनर्जी चाहती थीं कि मल्लिकार्जुन खड़गे इस गठबंधन का चेहरा बनें।

# डीएपी नदारद, बोआई बाधित, अन्नदाता परेशान

## पिछड़ रही है गेहूं की बोआई, समितियों पर जाकर निराश लौट रहे किसान, बाजार में महंगे दामों में खरीदने के लिए मजबूर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** गेहूं सहित अन्य फसलों की बोवाई के लिए डीएपी नहीं मिलने से किसान परेशान है। कोरांव तहसील क्षेत्र के 11 साधन सरकारी समितियों के गोदाम में डीएपी के अभाव किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है । डीएपी ने मिलने के कारण किसानों की पैरा विधि से गेहूं की बोवाई का काम अब पीछे रहा है । इसके अलावा आलू , सरसों , मसूर , चना , अलसी सहित अन्य फसलों की बोवाई का काम बाधित है । डीएपी नहीं मिलने के कारण किसान चिंतित है कि आखिर बोवाई कब करेंगे ।क्षेत्र की कुछ साधन सरकारी समितियां पर एनपीके के खाद भेजी गई है । लेकिन किसान डीएपी न मिलने से फसलों की बोवाई नहीं कर पा रहे हैं । साधन सहकारी समिति लेड़ियारी सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को 200 बोरी डीएपी खाद समिति में विभाग द्वारा भेजी गई थी । तहसील क्षेत्र में 11 साधन सहकारी समितियां हैं लेकिन किसी भी समिति




में डीएपी का भी उपलब्धता नहीं है । इस वजह से किसान निराश हो गए हैं । डीएपी के बजाय एमपी के बांटने से किसा मायूस ।
साधन सहकारी समिति लेड़ियारी में डीएपी के स्थान पर एनपीके वितरण की जा रही है` शुक्रवार से सुबह से लाइन लगे किसानों का कहना है कि लंबे इंतजार के बाद डीएपी के लिए साधन सहकारी समिति खूंटा पर सुबह से आधार कार्ड जमा कर कतार में खड़े थे । पता चला कि डीएपी के स्थान पर एनपीके मिल रही है । कुछ किसानों ने खाद ली मगर ज्यादातर किसान निराश लौट गए । इस रबि फसल की बुवाई चल रही है । जिसमें डीएपी ना मिलने से क्षेत्रीय किसान खेती किसान काफी परेशान है` इस संबंध में सचिव अनिल सिंह, आदर्श मिश्रा ने बताया कि एक किसान को एक आधार कार्ड पर दो बोरी डीएपी दी जा रही है। तीन सौ बोरी आई है। छः सौ किसानों को मिलना मुश्किल है। जबकि अल्प किसानों को एक बोरी दी जा रही है।

**महंगी खाद खरीदने को विवश हैं अन्नदाता**

साधन सहकारी समिति में डीएपी खाद न होने से किसान परेशान है । जहां एक तरफ आलू की आलू गेहूं की बोवाई के लिए किसान अपने खेतों की तैयारी में जुट गए हैं । वहीं क्षेत्र की साधन सरकारी समिति में डीएपी खाद न होने के कारण किसानों को महंगे दामों में व्यापारियों से खरीदना मजबूरी हो गया है 1350 रूपए की डीएपी क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा 1800 रुपए प्रति बोरी बोरी दी जा रही है । समिति में खाद न आने के कारण व्यापारियों की पौ बारह हो गई है । खाद की किल्लत पर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कुछ नहीं बता पा रहे हैं।
साधन सहकारी समिति पूरादतु पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि चार माह से आज तक हमारे यहां डीएपी खाद नहीं आ रही है। एक सप्ताह पूर्व एनपीके दो सौ बोरी आई थी। इसके बाद कोई खाद उपलब्ध नहीं है।
एक तरफ प्रदेश सरकार खाद की कमी नहीं होने की ढिंढोरा पीट रही है। दूसरी तरफ खाद न मिलने से खेत परती पड़ती जा रही है। जिससे क्षेत्रीय किसान उमाशंकर शंकर पांडेय, कृष्ण देव, विद्या कांत पांडेय, राज नारायण, निर्मला देवी आदि किसानों का कहना है कि रबि और खरीब की बोआई के समय समितियों में खाद नहीं मिलने से दिक्कत उठानी पड़ती है। जबकि इस समय गेहूं की बोवाई तेजी से चल रहा है।

# कांटेदार वृक्ष सड़क तक फैलने से हो रही दिक्कत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में जाने वाली मार्ग पर विलायती कांटेदार वृक्ष फैलने से राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हो रही है । इस संबंध में ग्राम प्रधान रवि सिंह ने मंडी सचिव से कटवाने की बात कही। लेकिन इस ओर ध्यान न देने से समस्या बनी हुई है।इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।सामाजिक के कार्यकर्ता आशीष मिश्रा , सुशील कुमार सिंह, शांति प्रसाद सिंह, शिव मोहन द्विवेदी , राकेश कुमार कुशवाहा , सुनील कुमार कुशवाहा, अरविंद केसरी आदि लोगों का कहना है कि लेड़ियारी स्टेट राजमार्ग से मंडी परिसर तक



प्रतिदिन मजदूर , व्यापारी ,साइकिल सवार, छात्र - छात्राएं सैकड़ो की संख्या में विद्यालयों में आवागमन होता है ।आने-जाने वाले वाहनों से आएं दिन इस विलायती कांटेदार वृक्ष के चपेट में आने से घायल हो जाते हैं । क्योंकि सड़क के किनारे उगे विलायती कांटेदार वृक्ष काफी बड़े हो गए हैं । अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या का समाधान करने की मांग की है । मंडी सचिव दिलीप सिंह का कहना है कि गांव के कुछ लोग दबंगई के कारण नहीं काटने दे रहे हैं । इस सड़क का न्यायालय में विचाराधीन होने से कांटेदार वृक्ष फैला हुआ है।

# अधिवक्ता के साथ मारपीट में चार खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कोराव (प्रयागराज)।** संबंधित थाना क्षेत्र के करपिया निवासी एक अधिवक्ता के साथ 29 नवम्बर को हुई मारपीट और अधिवक्ता को मिली जान से मारने की धमकी के मामले मे चार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जॉच पड़ताल शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार करपिया निवासी अधिवक्ता रजनीश मिश्रा तहसील कोराव में विधि व्यवसायरत है 29 नवम्बर को रजनीश सुबह 8 बजे अपने घर पर बैठे थे उसी वक्त पड़ोस के रहने वाले ब्रह्मशंकर पाण्डेय पुत्र राम निश्चय पाण्डेय, सुशीला देवी पत्नी ब्रह्मशंकर पाण्डेय, नवीन पाण्डेय पुत्र विद्याकांत पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय पुत्र कृष्णकांत पाण्डेय पहुंचे और अधिवक्ता को लाठी से पीटना शुरू कर दिया अगल बगल के लोगों ने दौड़ कर अधिवक्ता की जान बचाई, जाते वक्त आरोपियों ने अधिवक्ता और उसके पूरे परिवार को फर्जी मुकदमा में फसाने और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए अधिवक्ता ने मामले की सूचना तत्काल इलाकाई पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने अधिवक्ता के साथ हुई घटना के मामले मे उपरोक्त अभियुक्तों अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2),352,351(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जॉच पड़ताल शुरू कर दी है।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर संगोष्ठी में वाणी विकार एवं निदान पर हुई चर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** गुरुनानक नगर स्थित बाल पुनर्वास केन्द्र दिव्यांगता दिवस पर अभिभावको के लिए शीघ्र पहचान एवं निदान पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमे डा0 गुलाब सिहं ने वाणी विकार एंव निदान के बारे मे बताया। व्यवहार परिपार्जन हेतु गीता जायसवाल ने अभिभावको को गृह आधारित क्रियाकलाप के माध्यम से होने वाले व्यवहार सुधारों की चर्चा कि श्वेता कन्नौजिया विशेष शिक्षिका ने विशेष शिक्षा के उपयोग से समावेशी शिक्षा के बारे मे बताया। सतीश चन्द्र तिवारी ने गृह आधारित दैनिक क्रियाकलापो को करने की क्रिया को बताया। दूसरे सत्र पासिंग द पिलो बाल फेकना ग्लास टावर सामूहिक नृत्य तथा चित्रकला प्रतियोगिता में आर्यन पटेल प्रथम द्वितीय अंश बैद्य तृतीय रोहन रहे। सामूहिक नृत्य में ऋषि, जोसु, पारस, अंश, मयंक सिहं, शरद तिवारी, समर, रचिता, सजान, सूर्यांश, आर्यन विश्वकर्मा आर्यन पटेल, शैलवी, लकी, अक्षत रोहन।
बच्चो को उपहार मनोवैज्ञानिक डा0 सुजाता गौड ने दिया उत्साह वर्धन सांत्वना पुरस्कार शशांक अग्रवाल ने दिया।
कार्यक्रम को सफल बनाने मे फिजियोथेरेपिस्ट शैलेश कुमार आक्यूपेशनल अंकेश कुमार नीतू अंशू सेठ दीक्षा सपना आदि ने सहयोग प्रदान किया।
कार्यक्रम के अन्त में केन्द्र की संयोजिका गीता जायसवाल ने सबका आभार व्यक्त किया।

# दलालों के चक्कर में न पड़े किसान- संजय पांडेय




**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** किसान दलालों के बजाय सीधे क्रय केंद्रों पर संपर्क करें और अपनी उपज धान का विक्रय क्रय केंद्रों पर करें । उक्त बातें मार्केटिंग इंस्पेक्टर व विपणन शाखा लेड़ियारी के केंद्र प्रभारी संजय पांडेय ने एक भेंट वार्ता के दौरान कही।
उन्होंने कहा की शासन के मंशा के अनुसार धान की खरीद सुचारू रूप से चालू है । जबकि प्रति दिन छः सौ कुंतल धान खरीदी की जा रही है। किसान किसी भी बिचौलिए या दलालों के चक्कर में फसने की बजाय सीधे क्रय केंद्र पर आकर टोकेन लेकर तथा मुझसे मिलकर अपनी समस्या को कह सकते है।
उन्होंने बताया कि केंद्र पर पूरी तरह से पारदर्शी टोकन की व्यवस्था की गई है । किसी भी हालत में किसी किसान को केंद्र पर परेशान नहीं होना पड़ेगा। बिचौलिए और दलालों के सन्दर्भ में संजय पांडेय ने कहा कि अगर किसी भी किसानों की समस्या और शिकायत आती है तो तत्काल अवगत कराएं। अगर किसानों को बिचौलियों और दलालों द्वारा गुमराह किया गया तो उनके खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी, किसानों के हित से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने ने कहा की शासन की मंशा के विकास खंड कोरांव क्षेत्र में 25 क्रय केंद्र खोले गए है । जहां किसानों की खरीद सुचारू रूप से चल रही है।

# शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि चैड़ी पत्ती वाले खरपतवार के नियंत्रण के लिये 2-4डी, सोडियम साल्ट 80 प्रतिशत की 625 ग्राम प्रति है. अथवा 2-4डी मिथाइल एमाइन साल्ट 58 प्रतिशत एस. एस. की 1.25 लीटर प्रति हे की मात्रा को लगभग 500 से 600 पानी में घोल बनाकर बुवाई के 30 से 35 दिन बाद छिड़काव करना चाहिये।रबी मक्का की बुवाई के 20 से 25 व 40 से 45 दिन बाद निराई गुहाई करें अथवा एट्राजीन 50 प्रतिषा डब्लूपी 1 से 15 किग्रा भात्रा 500 से 600 ली पानी में घोलकर बुवाई के बाद तथा जमाव से पहले छिड़काव करें।सरसों में आवश्यकता से अधिक धने पौधों की छटाई विरलीकरण बुवाई के 15-20 दिन बाद या प्रथम सिंबाई से पूर्व कर पौधों से पौधों की दूरी 10-15 से मी. कर देनी चाहिये। चना की विलम्ब से बुवाई दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक अवश्य कर दें। यदि लहसुन की बुवाई अब तक नहीं हो पाई है तो अवश्य पूर्ण कर लें। पूर्व में बोई गई लहसुन की फसल की निराई गुड़ाई एवं सिंचाई करें -केले में 50 से 60 ग्राम यूरिया तथा 100 से 125 ग्राम म्यूरेट भ क पोटाष प्रति पौधे की दर से प्रयोग करें तथा 10 दिनों के अंतराल पर सिचाई करें। तालाब में मछलियों के लिये पूरक आहार का प्रयोग मछलियों के शरीर के भार के 1.8 प्रतिशत से ज्यादा नहीं करें।

# राख निष्पादन से पर्यावरण पर होगा अनुकूल असर-कमलेश सोनी

## फ्लाई ऐश की पहली मालगाड़ी को किया गया रवाना, मेजा ऊर्जा निगम की उपलब्धि में जुड़ा नया अध्याय

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम ने अपने परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। 2 दिसम्बर को फ्लाई ऐश साइलों द्वारा लोडेड पहली मालगाड़ी के पहले रेक को रवाना किया गया। राख़ निस्पादन में यह उपलब्धि पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
सिलो-लोडेड सूखे फ्लाई ऐश को मालगाड़ी के रेक द्वारा ॅष्ट सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड , गौरीगंज, रायबरेली के लिए भेजा गया। इस ऐतिहासिक घटना के साक्षी एवं मुख्य अतिथि कमलेश सोनी रहे। क्षेत्रीय कार्यकरी निदेशक, पश्चिमी क्षेत्र-ढ्ढ एवं मुख्य




कार्यकारी अधिकारी मेजा उर्जा निगम रहे, और उन्होने मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया।
श्री सोनी, ने इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं सहयोगी संस्थान के सदस्यो को बधाई दी और कहा कि यह मेजा ऊर्जा निगम के लिए एक गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि है। इन साईलो की कमीशनिंग से पहले, तीन एचसीएसडी साईलो की एक अस्थायी व्यवस्था थी, जिनकी प्रत्येक क्षमता मात्र 3 × 525 स्र्ज्ञ फ्लाई ऐश भंडारण और हैंडलिंग की आवश्यकताओं को पूरा कर रही थी। इस नई सुविधा के पूरा होने के साथ, सभी चार साईलो जिनकी क्षमता 4 × 1200 स्र्ज्ञ जो अब पूरी तरह से कमीशन हो गए हैं तथा फ्लाई ऐश भंडारण और हैंडलिंग की आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगी।
इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम के अजीत बसाक, महाप्रबन्धक (ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस), चंदर शेखर, महाप्रबन्धक(प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन), अनिल बवेजा, महाप्रबन्धक (इंजीनियरिंग), सुमित कुमार कुंडू, अपर महाप्रबन्धक (ऐश हैंडलिंग), विवेक चन्द्र अपर महाप्रबंधक(मा.सं) भी उपस्थित थे।

# हड़ताल के दरमियान नायब तहसीलदार की कोर्ट वकीलों ने बंद कराई

**फूलपुर ।** इन दिनों जिले से लेकर तहसील तक अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते तहसील के सभी कार्य यहां तक की कोर्ट भी बाधित है। इस बीच नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार रावत ने अपनी कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू कर दी, एक फाइल का निपटान हुआ था। तभी वकीलों से विवाद हो गया और हंगामा होने लगा तभी तहसील के तमाम अधिवक्ता सुनकर भागे आए अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी भी आ गए, मौके की नजाकत भापते हुए कोर्ट बंद कराया गया। कुछ अधिवक्ताओं का कहना था कि पांच मुकदमों में पुकार हो चुकी है। उसको सुन लिया जाए परंतु अधिकांश इस पर असहमत थे, कोर्ट बंद करा कर ही हटे।

# शादी की जिद करने पर आशिक़ और मामा ने मिलकर कर दी थी मालती की हत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** पांच दिन पहले हुई युवती की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए स्थानीय पुलिस ने उसके आशिक और उसके रिश्ते के मामा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।
बता दें कि 29 नवम्बर को पुलिस को अचेतावस्था में छीतेमऊ गांव के पास एक युवती मिली थी। इलाज के लिए प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया था। उसकी शिनाख्त सुखना का पुरवा नवागंज निवासी धीरेन्द्र कुमार पटेल की पत्नी मालती देवी के रूप में हुई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में धीरेन्द्र कुमार पटेल ने कहा है कि पुणे महाराष्ट्र में मालती और उसका प्रेमी नागेन्द्र कुमार हरिजन पुत्र भारत लाल ग्राम मानी उमरपुर दोनों मिलते थे। उसके बोलने पर झगड़ा होता था। वह



मालती को लेकर घर नवाबगंज चला आया। अगस्त माह में नागेन्द्र उसकी पत्नी मालती देवी को भगाकर पुणे लेकर चला गया। मालती देवी नागेन्द्र कुमार से शादी की जिद पर अड़ गई। इसके बाद नागेन्द्र कुमार और नागेन्द्र कुमार के रिश्ते के मामा जयप्रकाश गौतम पुत्र स्वर्गीय मोहन लाल ग्राम झंडापुर देवपट्टी बाघराय, जो नागेन्द्र कुमार के साथ पूणा महाराष्ट्र में साथ में काम करता था, मालती को लेकर मऊआइमा के छीतेमऊ नहर के पास ले जाकर मफ़लर से गला कस दिया और उसको मरी समझकर भाग गए। 29 नवम्बर को देर रात मऊआइमा पुलिस बेहोशी हालत में मालती देवी को एसआरएन प्रयागराज ले जा रही थी मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सर्विलांस की मदद से मऊआइमा थाना के उप निरीक्षक उमाशंकर, किशन पटेल, अमलेश कुमार ने मंगलवार को मऊआइमा के ग्राम सेमरावीरभानपुर तिराहे से दोनों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर कट्टरपंथियों का कहर- राजू भैया

## वैश्विक ताकतों के इशारे पर हिंदुओं को मिटाने की चल रही साजिश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के चर्चित जन सेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल राजू भैया ने कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने अल्प संख्यक हिंदुओं के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दी हैं।मंदिरों के तोड़ने,हिन्दू साधु संतों को जबरन जेल में डालने और मन्दिर जाने पर उन्हें सरेराह पीटने की घटनाएं दिल को झकझोर रही हैं।राजू भैया ने सरकार से हिंदुओं की रक्षा की गुहार लगाई है।
राजू भैया ने वार्ता क्रम में कहा कि हिंदुओं को कत्लेआम करने का एजेंडा मात्र बांग्लादेश का नही है।इसके पीछे दुनिया की षड्यंत्रकारी ताकतें पीछे से काम कर रही हैं,जो हिंदुओ को पूरी दुनिया से मिटा देना



चाहती हैं।कट्टरपंथियों की बर्बरता पूरी दुनिया देख रही है।हिन्दू महिलाओं के साथ जलालत की जा रही है।सरकारी नौकरियों से जबरन स्तीफा लिया जा रहा है।दुर्गा पूजा पर वैन लगा दिया गया,इस्कान पर वैन लगाने के लिए प्रदर्शन चल रहा है।राजू भैया ने कहा कि हिन्दू डरे,सहमे हैं और वह जिंदा होते हुए भी जिंदा नही हैं।भाजपा नेता ने कहा कि यूनुस सरकार कट्टर पंथियों के साथ अपनी पुलिस और सेना को खुली छूट दे रखी है।वहां हुए नर संहार इस बात की गवाही दे रहे हैं।हिंदुओं को मिटाने और भारत को कमजोर करने की यह बड़ी साजिश है। ग्लोबल नेता बन चुके देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छबि खराब करने की भी कोशिश है।राजू भैया ने कहा कि यह हिन्दू जागरण का समय है।हिन्दू संतों व धर्माचार्यो द्वारा जात पांत से उठकर हिन्दूओं को संगठित होने की जो अलख जगाई जा रही है,उस पर हर हिन्दू को अमल करना होगा। उंन्होने कहा, उठो, जागो और संगठित होकर अपने अस्तित्व व वजूद की रक्षा करो। उंन्होने सरकार से आग्रह किया है कि हिंदुओं की रक्षा के लिए गम्भीर पहल करे।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जन्म दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में मनाया गया प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद और महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस जी की जन्म जयंती।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव कक्षा 8 की कक्षा अध्यापिका सुमन पांडेय ने भगवान गणेश, मां सरस्वती और डॉ राजेंद्र प्रसाद तथा खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया ।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 छात्रा खुशी यादव और समृद्धि मिश्रा ने किया। स्वाति मिश्रा ने डॉ राजेंद्र प्रसाद का जीवन परिचय सुनाया। स्वास्तिक शुक्ला ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया ।
अनुष्का यादव और साक्षी गुप्ता ने उनके कृतित्व और खुदीराम बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। तृषा यादव और शिवा पाल ने इनके जीवन पर प्रेरक संवाद एवं ओजस्वी कविता सुनाया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने कहा डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद विद्यार्थी जीवन में एक आदर्श विद्यार्थी की तरह अव्वल रहते थे।
प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने दोनों महापुरुषों के जन्म जयंती पर कृतज्ञतापूर्वक नमन करते हुए कहा कि भारत महापुरुषों की जन्मस्थली है । इनके जीवन और कार्य से हमें सदैव प्रेरणा प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव विजय बहादुर विश्वकर्मा कमलेश प्रसाद यादव आयुष कुमार श्रीवास्तव विभव प्रजापति आकाश यादव अमित कुमार जैन शशांक त्रिपाठी नीतीश कुमार प्रियराज दुबे अनामिका तिवारी ममता मिश्रा मीना धुरिया दिव्या पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# आशा की संघर्ष भरी जिंदगी और उसके हौसले को सलाम



➪पति की हत्या के बाद असहाय हो चुकी आशा की संघर्ष भरी जिंदगी की दर्द भरी दास्ताँ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** अबला जीवन हाय तेरी यही कहानी, आंचल में दूध और आंखों में पानी। महिलाओं की दर्द को उकेरने वाली यह पक्ति के साथ उतरांव के अतरौरा गाँव की रहने वाली आशा की जिंदगी की कहानी कुछ अलग ही है। अतरौरा गांव के स्वर्गीय कुंज बिहारी पटेल की पत्नी आशा पटेल की दो बेटे दो बेटी हैं। वर्ष 2014 में जब वह अंतिम बच्चें को जना था। प्रशव के 10 दिन के बाद ही उसके पति कुंज बिहारी की गला घोंट कर हत्या करने के बाद उसके घर के पीछे अमरूद के नीचे शव को फेंक दिया गया था। सुबह हुई शव देख उसके होश उड़ गए। उसने सोचा कि शायद ठंड से पति की मौत हुई है। दाह संस्कार की तैयारी होने लगी। तिख्ती भी तैयार हो चुकी थी। उसी समय कुंज बिहारी की हत्या करने वाले कुछ लोग आशा पटेल के ऊपर पति की हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस तक पहुंचा दी। मौके पर पुलिस पहुँच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही साथ भारी संख्या में लोग लाम बंद होकर थाने पर पहुंचकर आशा पटेल के ऊपर उसकी बहनोई से मिलकर हत्या का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे। पति की हत्या का आरोप लगा तो आशा बिल्कुल टूट गयी। उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुंज बिहारी की गला घोंट कर हत्या की पुष्टि हो चुकी थी। उसे कुछ समझ में नहीं आ रहा था। उसे पक्का यकीन हो गया था कि उसे पति की हत्या के आरोप में गांव वाले जेल भिजवा ही देंगे। वह गांव से पलायन करना चाहती थी लेकिन कुछ लोगों ने हिम्मत देकर उसके हौसले को बुलंद कर दिया। वही पुलिस ने अपने स्तर से जांच शुरू की तो हत्यारा उस रात हुई मुर्गा पार्टी का निकला। जो पकड़ कर जेल गया। पति की हत्या के बाद आशा अपने कंधे पर चार मासूम बच्चों की परवरिश उनकी पढ़ाई लिखाई का जिम्मा लेकर आज खेती करके बखूबी निभा रही है। जो समाज में महिलाओं के लिए एक मिशाल तो है। अबला जीवन हाय तेरी यही कहानी,आंचल में दूध और आंखों में पानी यह पंक्ति आशा की जिंदगी में सटीक बैठती है।

# शाहापुर में छात्रों को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** थाने की मिशन शक्ति टीम में शामिल उप निरीक्षक अनूप शर्मा, महिला उपनिरीक्षक काजल पटेल एवं मिताली सिंह द्वारा मिशन शक्ति 05 के तहत एस आर पी इंटरमीडिएट कॉलेज शाहापुर में जाकर वहां शिक्षारत छात्राओं तथा अध्यापिकाओं को जागरुक करते हुए उन्हें उनकी सुरक्षा हेतु कई टिप्स दिए। महिलाओं हेतु सरकार द्वारा दी जा रही तमाम लाभकारी योजनाओं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 वूमेन पावर 112 चाइल्ड हेल्पलाइन सीएम हेल्पलाइन विधवा वृद्धा पेंशन योजना आदि के बारे में पूरी जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबर दिए तथा सरकार द्वारा जारी पंपलेट भी वितरित किए गए। विशेषतया बालिकाओं छात्राओं को सुरक्षा टिप्स से अवगत कराया गया।

# खबर का असर: बना हैंड पाइप,साप्ताहिक बाजार वालों के लिए बहु उपयोगी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** मैंलहन बाजार के मध्य अनुपम गुप्ता के घर के पास लगा हैंड पाइप महीनों से तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ा था।
बीच बाजार का यह हैंड पाइप मोहल्ले वालों के लिए लाभकारी था, ही साप्ताहिक बाजार वालों के लिए बहु उपयोगी था । इसी प्रकार बाजार के किनारे मुकेश साइकिल स्टोर के सामने वाले पंप की चेन टूट गई थी। उसके मरम्तिकरण हेतु धन की



व्यवस्था प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी ने कर दी है, एक-दो दिन में वह भी जलापूर्ति करने लगेगा। बीच बाजार लगे दोनों हैंडपंप से साप्ताहिक बाजार वालों को बड़ा फायदा मिल रहा है।

# परास के मो सैफ बने सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** राजनैतिक दल अपने संगठनों को मजबूत करने में जुटी हुई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने के क्रम में विस्तार कर रही है। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इसी क्रम में कौशांबी जनपद के सिराथू विधानसभा क्षेत्र के परास निवासी मो सैफ को सपा अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय सचिव नामित किया है।

समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद इकबाल खान कादरी व पूर्व राज्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव यामीन खान व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो ताज खान के द्वारा मो सैफ को राष्ट्रीय सचिव नामित किए जाने सपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। गौरतलब है कि मो सैफ इससे पहले अल्पसंख्यक सभा में प्रदेश सचिव के पद पर थे । मो सैफ को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा में राष्ट्रीय सचिव का दायित्व दिया गया है।

इस दौरान मो सैफ ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव , अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो इकबाल कादरी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो ताज खान सहित सपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हुए समाजवादी पार्टी को एकजुट कर मजबूत करने का संकल्प लिया हैं।

# पांच दिन पहले गंगा नदी में डूबे हुए युवक का कोखराज थाना क्षेत्र में मिला शव,पुलिस जांच में जुटी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू/ भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव के सामने गंगा नदी में युवक का शव पाया गया, बता दे कि मृतक की पहचान कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कजियाना निवासी तौहीद अहमद के रूप में हुई है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कजियाना निवासी तौहीद अहमद पुत्र सईद 28 वर्ष पांच दिन पहले कड़ा धाम थाना क्षेत्र में कुबरी घाट पर गंगा किनारे मछली मारने गया था, इस दौरान तौहीद अचानक गंगा नदी में डूब गया,पुलिस और ग्रामीणों ने गोताखोरों की मदद से युवक की खोजबीन की लेकिन युवक का सुराग नहीं लगा । मंगलवार को कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव



के पास एक युवक का कई दिन पुराना शव गंगा नदी में उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की तो उसकी शिनाख्त तौहीद अहमद के रूप में हुई,पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी, पुलिस की सूचना कर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे, कोखराज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पड़ोसियों ने दस साल पुरानी बाउंड्री को गिराया

## मारपीट व धमकी के आरोप में तीन पर मुकदमा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस के तीन लोगों ने दस साल पुरानी बाउंड्री को गिरा दिया जिसका विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर पीड़ित पक्ष के दो लोगों को जख्मी कर दिया, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई है।

कड़ाधाम थाना क्षेत्र के घड़ियालीपुर निवासी श्रीमती पत्नी राजेंद्र ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी दस साल पुरानी बाउंड्री को पड़ोस के रहने वाले महिपाल अपनी पत्नी सुनीता व बेटी नेहा के साथ मिलकर सोमवार की शाम को गिरा दिया, श्रीमती का आरोप है कि इस बात का विरोध करने पर दबंग मारपीट करने लगे जिसमें उसकी सास ननकी व चाची बबीता जख्मी हो गए , इस दौरान दबंगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे । पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# शादी समारोह में फोटोग्राफी करने गए फोटोग्राफर का कैमरा चोरी

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का एक युवक फोटोग्राफर है , बीती शाम फोटोग्राफर कैमरा लेकर शादी समारोह ने गया था जहां बीती रात कुछ उचक्कों ने कैमरामैन का कैमरा लेकर चंपत हो गया, फोटोग्राफर ने मामले की लिखित सूचना सैनी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदूरा का मजरा महुलीतीर निवासी गोविंद पटेल पुत्र स्व जुगुन्ता ने मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह फोटोग्राफर है , सोमवार को वह सैनी कोतवाली क्षेत्र के चकसैनी गांव में शादी समारोह में कैमरा लेकर गया था , गोविंद का आरोप है कि लगभग तीन बजे रात अपना कैमरा कमरे में रखकर बाहर निकला तभी एक व्यक्ति कमरे से कैमरा लेकर बाइक से रफूचक्कर हो गया , पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की हैं।

# अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के नईम मिंया का पूरा स्थित पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने भागकर उन्हें उठाया और इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

संदीपन घाट थानाक्षेत्र के काजीपुर बाजार निवासी संजय कुमार पुत्र नन्हूलाल सोमवार शाम बाइक से रिश्तेदारी निमंत्रण गया था।

मंगलवार की दोपहर वह घर लौट रहा था। इसी दौरान नईम मिंया का पूरा स्थित पेट्रोल पंप के समीप डीहा मोड़ पर पीछे से आ रही अनियंत्रित पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना के बाद आई पुलिस ने घायल को इलाज के लिए चायल सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# प्रेशर कूकर फटने से झुलसी रसोईया

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रुपनारायनपुर गोरियो में मंगलवार की सुबह एमडीएम बनाते समय प्रेशर कुकर फटने से रसोईया झुलस गई। हेडमास्टर दूधनाथ सिंह ने घायल रसोइया को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया है। सिराथू बीआरसी क्षेत्र के रुपनारायनपुर गोरियों प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत 153 बच्चों के लिए किचन सेट में रसोईया विमला देवी मध्यान भोजन के तहत प्रेशर कुकर में दाल बना रही थी। इस दौरान अचानक कुकर फट गया। जिसमें रसोईया का चेहरा झुलस गया। आवाज सुनकर शिक्षक मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

# आटो की टक्कर से बाइक सवार महिला समेत तीन बच्चे घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के गुंगवा का बाग में मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित ऑटो ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया।हादसे में बाइक पर बैठी महिला समेत तीन बच्चे घायल हो गए। लोगों ने घायलों को इलाज के लिए चायल सीएचसी में भर्ती कराया।

एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी दयाराम दिवाकर अपनी पत्नी प्रभा दिवाकर, बेटा सत्यम व बेटियों आयशा और शालिनी के साथ सोमवार की शाम बाइक से रिश्तेदारी सैता गांव बहन के घर निमंत्रण में गया था। मंगलवार की दोपहर वह सभी घर लौट रहे थे।इसी दौरान पिपरी कोतवाली क्षेत्र के गुंगवा का बाग में अनियंत्रित ऑटो ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठी प्रभा दिवाकर के दाएं हाथ में चोट आई। वहीं, बेटा सत्यम व बेटियों आयशा और शालिनी को मामूली चोंटे आई। जबकि बाइक चालक पिता दयाराम बाल बाल बच गए। हादसे के बाद चालक ऑटो छोड़ कर मौके से भाग निकला। घटनास्थल पर जुटे लोगों ने घायलों को उठाकर इलाज के लिए सीएचसी चायल अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर आई पुलिस ऑटो को कब्जे में लेकर थाने ले गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# दबंग भाइयों ने खेत में बकरी जाने पर मां-बेटे को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के ओदारपुर गांव में सोमवार की शाम दबंग भाइयों ने खेत में बकरी जाने से नाराज होकर मां-बेटे को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा के ओदारपुर गांव की मनकी देवी पत्नी हरिश्चंद्र के अनुसार सोमवार को उसका पुत्र पुष्पराज बकरी चराने के लिए खेत की ओर गया था। इसी दौरान उसकी बकरी मटर बोये एक खेत में चली गई।खेत मालिक दबंग दो भाई उसके साथ गाली गलौच करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों मिलकर उसकी जमकर पिटाई करने लगे।शोर सुनकर मौके पर पहुंची मां मनकी देवी को भी पीटा दिया।पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

# भयाहू ने जेठ व रिश्तेदारों पर लगाया मारपीट का आरोप, एसपी से शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पारिवारिक विवाद को लेकर हुए झगड़े में जेठ व उसके रिश्तेदारों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शीतला धाम निवासी गुड़िया देवी पत्नी ओमप्रकाश ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि रविवार को घर के बंटवारे को लेकर उसके पति व जेठ से विवाद हुआ था , जिसकी शिकायती पत्र कड़ा धाम पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की थी , गुड़िया देवी का आरोप है कि रविवार की दोपहर उसका जेठ पंडा समाज अध्यक्ष अपने रिश्तेदारों व सहयोगी के साथ मिलकर मारपीट करने लगे , पीड़िता का आरोप है कि मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष द्वारा उसको बेरहमी से मारा गया । पीड़िता ने एसपी से कार्यवाही की मांग की है।

# बाबातारा गांव में मारपीट के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के बाबातारा गांव में मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बाबातारा गांव की नीलम देवी पत्नी अनिल कुमार ने बताया कि वह अपनी भूमिधरी जमीन पर निर्माण कार्य कर रही थी। इसी दौरान गांव के जुगुल किशोर, अभिषेक सिंह,कंचन सिंह और जितेन्द्र कुमार एक राय होकर वहां पहुंचे और निर्माण का विरोध करते हुए गाली गलौच करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर वह सभी नीलम की पिटाई करने लगे। बीच बचाव करने पहुंचे पति अनिल कुमार, जेठानी मंजू देवी और उमा को भी पीट दिया। इससे चारों को काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर पिता-पुत्र समेत चार आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बलीपुर टाटा गांव में रामलीला व नाटक का आयोजन 9 दिसंबर से

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय रामलीला, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक किया जाएगा।

ग्राम प्रधान पुष्पा देवी के अनुसार 9 दिसंबर को शाम 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। 10 दिसंबर को धनुष यज्ञ का मंचन 12 बजे दोपहर से शाम 6 बजे तक तथा शाम 8 बजे से सुबह 5 तक किया जाएगा।इसके बाद 11, 12 और 13 दिसंबर को शाम 8 बजे से सुबह 5 बजे तक नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। ग्राम प्रधान ने लोगों से इन कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

# पिपरी पुलिस ने छह जुआरियों को धर दबोचा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के लोधौर गांव स्थित नलकूप के समीप से सोमवार देर शाम पुलिस ने छापेमारी कर छह जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने उन्हें थाने लाकर लिखापढ़ी के बाद निजी मुचलके पर छोड़ दिया। इंस्पेक्टर शिवचरन राम के मुताबिक कई दिनों से मुखबिर से सूचना मिल रही थी कि लोधौर गांव स्थित नलकूप के समीप रोज जुंए की फड़ सजती है। सोमवार देर शाम इंस्पेक्टर के निर्देश पर चौकी प्रभारी अतुल रंजन तिवारी ने टीम के साथ जुंए की फड़ पर छापा मारा।

पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से छह जुआरियों को धर दबोचा। जुंए की फड़ से पुलिस ने ताश की गड्डी के साथ 660 रुपया नगदी और जामा तलाशी के दौरान 740 रुपया बरामद किया। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने अपना नाम संतोष साहू पुत्र शिवलाल साहू, राम बहोरी पुत्र मंगली, राकेश रैदास पुत्र मोहनलाल रैदास, लक्ष्मण रैदास पुत्र लल्लू रैदास, रमेश रैदास पुत्र राम सूरत रैदास और छोटू निषाद पुत्र रामजी निषाद निवासीगण उमरवल गांव बताया। पुलिस ने सभी जुआरियों को थाने लाकर उनके खिलाफ लिखापढ़ी के बाद निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड़ की ली सलामी, किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं, टॉयलेट तथा मेंस आदि का निरीक्षण कर संबंधित साफसफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गश्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से महिला थाना व थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर अन्तर्गत भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों व मुख्य मार्गों, चौराहों में पैदल गस्त की गई।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में महिला थाना, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा, थाना पिपरी, थाना महेवाघाट, थाना कौशाम्बी, थाना कडाधाम पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं



संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्यैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया

एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के ससुर खदेरी नदी पुल के समीप नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी हो गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजवाया।प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर के धनकामऊ निवासी मतलबी 40 वर्ष अजुहा कस्बे के अंबेडकर नगर में अपनी बहन विमला देवी के यहां आया था , मतलबी मंगलवार की शाम बाइक से अपनी बहन के यहां से घर लौट रहा था , जैसे ही वह अजुहा कस्बे के ससुर खदेरी नदी पुल के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया , हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया , उधर से गुजर रहे राहगीरों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी

# जिलाधिकारी ने की गैर आकांक्षी विकास खण्डों तथा आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड के प्रगति की विस्तृत समीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में गैर आकांक्षी 03 विकास खण्ड-सिराथू, नेवादा एवं सरसवॉ तथा आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 24 पैरामीटर के तहत विकास खण्डों में तैनात कर्मचारी ग्राम पंचायतों का नियमित रूप से भ्रमण कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत कराये जाने के लिए प्रतिदिन की रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। खण्ड विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे एवं हर 4 दिन में समीक्षा कर रिपोर्ट प्राप्त की जायेंगी। उन्होंने कहा



कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तरीय नामित अधिकारीध्कर्मचारी आवंटित ग्रामों में उपस्थित होकर योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण करायें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के इंडीकेटर्स में जनपद की रैंक की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रगति में और तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# आग लगने से उजड़ गई घर की गृहस्ती



**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस चौकी चम्पहा बाजार क्षेत्र के बरौली का पुरवा निवासी कांग्रेस मौर्य उर्फ साहब दीन पुत्र स्वर्गीय ननका मौर्य की गांव के बाहर बनी झोपड़ी में आपत्तिजनक हालत में लगी। आग इतना विकराल रूप पकड़ लिया कि कांग्रेस मौर्य उर्फ साहब दीन आग की लपट में घिर गया। किसी तरह अपनी जान बचाकर झोपड़ी से बाहर भाग निकला चीख पुकार सुनते लोग गांव के सभी लोग इकट्ठा हुए और आग पर काबू पाया गया। लेकिन कांग्रेस मौर्य उर्फ साहब दीन की जान तो बच गई लेकिन एक-एक समान जलकर हो गया राख सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली कि यह आग किसी ने लगाई है लेकिन कांग्रेस मौर्य को किसी पर शक नहीं आ रहा है की किस व्यक्ति ने लगाया है इसलिए कांग्रेस मौर्य अपने घर पर डर कर बैठा हुआ है और अपनी आपबीती गांव में कई लोगों से बता चुका है लेकिन इस बात की दिक्कत यह है कि अभी तक कोई राजस्व विभाग की टीम पहुंचकर या कोई प्रशासनिक अधिकारी पहुंचकर व्यक्त की हाल-चाल तो क्या उसकी पता भी नहीं ली गई। कांग्रेस मौर्य उर्फ साहब दीन के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सराय अकिल में अतिक्रमण करने वालों का बोलबाला, रोजाना लगता है जाम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बा में अतिक्रमण करने वालों का बोलबाला नगर प्रशासन की तरफ से कोई कडी कार्रवाई नहीं की जा रही। रोजाना सड़कों पर घंटो-घंटो जाम लगा रहता है। पुलिस प्रशासन आकर हटवाते हैं, जाम सड़कों पर दुकान लगाकर आवागमन बाधित करते हैं।

बता दे, जिले के सबसे पुरानी नगर पंचायत सराय अकिल कस्बा है जो कई गांव के लोग बाजार करने आते हैं ,जाम से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों ने सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है। लेकिन नगर पंचायत की तरफ से कोई उचित



कार्रवाई नहीं हो रही, जाम से रोजाना मारपीट की नौबत आती है। पुलिस विभाग को जानकारी देने पर पुलिस वहां पहुंचकर जाम से निजात दिलाती है ई-रिक्शा की वजह से जगह-जगह जाम जैसी स्थिति बन जाती है तथा दुकानदार सड़कों पर दुकान लगता लगा लेते हैं जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है सब्जी मंडी व चावल मंडी भगवतीगंज में दुकानदारों ने सड़कों पर दुकान सजा ली है जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है राहगीर को परेशानियां का सामना करना पड़ता है।

इसी मार्ग से रोजाना नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह का आवागमन होता रहता है अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह महीनो पहले दुकानदारों को नोटिस दिया, लेकिन दुकानदारों को नोटिस देने के बावजूद भी इन लोग अपनी दुकान सड़कों से नहीं हटा रहे हैं जिसके कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है, सोमवार को दोपहर जाम में लगने के कारण राहगीर आपस में मारपीट करते हुए दिखाई दिए, जाम को हटवाने के लिए पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम से निजात दिलाया, जिलाधिकारी आकृष्ट करते हुए सड़कों से अतिक्रमण हटाने की लोग मांग कर रहे हैं।

# सराय अकिल उपचुनाव सभासद के लिए कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र कुमार चौरसिया पर्चा भरा

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय अकिल कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल कर दिए हैं। चुनावी सरगर्मी के बीच कांग्रेस ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए वार्ड नंबर 10 से जितेंद्र कुमार चौरसिया ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बता दें, नगर पंचायत सराय अकिल में कांग्रेस के उम्मीदवार जितेंद्र कुमार चौरसिया ने वार्ड नंबर 10 से नामांकन भरा ,चौरसिया ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए अपने वार्ड के विकास और जनसमस्याओं को सुलझाने का वादा किया। उन्होंने कहा,जनता की सेवा और क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारा मुख्य उद्देश्य बताया ,सराय अकिल



कस्बे के नागरिकों के लिए यह चुनाव केवल राजनीतिक बदलाव का अवसर नहीं है, बल्कि अपने इलाके के विकास की नई उम्मीद भी है। कांग्रेस के उम्मीदवारों जितेन्द कुमार चौरसिया वार्ड नंबर 10 से नामांकन पत्र दाखिल किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में मिल रही धमकी, एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश में मिल रही धमकी व प्रताड़ना को लेकर पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत की है। लालगंज कोतवाली के इदिलपुर गांव निवासी सुधाकर विश्वकर्मा पुत्र राम नारायण विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर परिवार के कुछ लोग उससे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि आरोपितों ने उन्तीस नवंबर को उसके मकान का जबरन ताला तोड़ दिया। विरोध करने पर उसे धमकी दी। एसडीएम नैंनसी सिंह को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में पीडित ने यह भी आरोप है कि आरोपीगण आये दिन उसके साथ मारपीट भी किया करते हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत कई बार किया लेकिन कार्रवाई नही हुई। शिकायती पत्र के जरिए पीडित ने उचित कार्रवाई की मांग उठाई है। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक व कोतवाल लालगंज को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो गंभीर, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। हालत गंभीर होने से ट्रामा सेण्टर से चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। लालगंज कोतवाली के रामपुर निवासी शंकर लाल पटवा 60 मंगलवार सुबह करीब नौ बजे अपने पुत्र विकास पटवा के साथ बाइक से किसी काम से लालगंज आ रहे थे। लालगंज-कालाकांकर मार्ग पर भेभौरा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ग्राइंडर से गला काट कर महिला ने दी जान

**दिलीपपुर प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नजियापुर में महिला ने ग्राइंडर से गला काट कर जान दे दी। बताया गया कि राधा(34) पत्नी अनिल कुमार का विवाह वर्ष 2009 में हुआ था।पारिवारिक विवाद के कारण राधा ने घर में लगे ग्राइंडर मशीन से गला काट लिया,जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।वहीं ग्रामीणों की मानें तो राधा की बहन भी उसके साथ रहती थी, उसका कुछ समय से अनिल के साथ अफेयर चल रहा था। इसी बात को लेकर राधा और अनिल में अक्सर विवाद होता रहता था, विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मार-पीट भी हो जाती थी। इससे आजिज आकर राधा ने घर में लगे ग्राइंडर से अपना गला काट कर जान दे दी। इसकी सूचना तत्काल थानाध्यक्ष दिलीपपुर को दी गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष दिवाकर सिंह मयफोर्स घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### कोर्ट के आदेश से जब्त शराबों का कराया गया विनिष्टीकरण

**प्रतापगढ़।** आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न मुकदमों से संबंधित जब्त शराबों को किया गया नष्ट। थाना अन्तू, पट्टी,फतनपुर से कुल 23467 लीटर अवैध शराब को कराया गया नष्ट।अभी तक थाना पट्टी 11336 लीटर, थाना अन्तू 10685 लीटर व थाना फतनपुर से 1446 लीटर, (कुल 23467 लीटर) अवैध शराब को नष्ट कराया गया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वीध्पश्चिमी) तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण के कुशल मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा मा0न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न मुकदमों में जब्त शराबध्मादक पदार्थो के विनिष्टीकरण की नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है । प्रभारी नारकोटिक्स सेल उ0नि0 उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी के प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा जब्त शराबों के विनिष्टीकरण हेतु आदेश जारी किया गया ।मा0न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रतापगढ़ पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारी के साथ गठित टीम व सम्भ्रान्त व्यक्तियोंध्पत्रकार बन्धुओं की उपस्थिति में अब तक कुल 23467 लीटर जब्त अवैध शराब को नष्ट कराया जा गया है । थाना परिसर में रखे माल मुकदमाती शराबों के विनिष्टीकरण की कार्यवाही से थानों में कार्यरत अधिकारीध्कर्मचारियों व आने वाले फरियादियों के स्वास्थ्य व कार्यप्रणाली पर अनूकल प्रभाव पडेगा व उन्हें सुविधा होगी। थाना परिसर की साफ-सफाईध्स्वच्छता के मद्देनजर यह अभियान आगे भी इसी प्रकार से चलाया जायेगा ।

### 2 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 दीपक कुमार मय हमराह हे0कां0 अशरफ अली, कां0 विकास बाबू देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मा0 न्यायालय विशेष न्यायलय प्रतापगढ़ द्वारा जारी वारंटी प्राप्तशुदा मु0अ0सं0 65ध्94 धारा 457, 380 भादवि से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त हरीलाल पुत्र कलेश्वर पासी निवासी ग्राम तिवारीपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।कोतवाली नगर के उ0नि0 सुनील कुमार गुप्ता मय हमराह कां0 योगेश यादव देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मा0 न्यायालय विशेष न्यायलय प्रतापगढ़ द्वारा जारी वारंटी प्राप्तशुदा एसटी नं0 79ध15 मु0अ0सं0 728ध14 धारा 2ध3 यूपी गैंगस्टर एक्ट से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त दीपक त्रिपाठी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम शिवपुरी थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को अयोध्या प्रसाद की दुकान कोहरौटी के पास से गिरफ्तार किया गया ।

### अवैध तमन्चा 315 बोर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कोहड़ौर,प्रतापगढ़।** क्षेत्रान्तर्गत नहर पुलिया बरौली के पास से 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैश के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोहड़ौर उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक कुमार यादव मय हमराह का0 राहुल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त 01- राज बहादुर उर्फराजू पुत्र कृष्ण नारायण हरिजन निवासी बाम्बे टेलर गली कस्बा कोहड़ौर थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़घ् को थाना कोहड़ौर क्षेत्रांन्तर्गत नहर पुलिया बरौली के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना कोहड़ौर में मु0अ0सं0 193ध2024 धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

### 25 हजार का ईनामियां गैगस्टर गिरफतार

**प्रतापगढ़।** बीट आरक्षी के सतर्कता से 25 हजार का ईनामियां गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है।थाना कोतवाली नगर के आरक्षी सूरज नाथ मौर्या ने गैंगस्टर अभियुक्त पर कसा शिकंजा।एसपी द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये थाना कोतवाली नगर के आरक्षी सूरज नाथ मौर्या व स्वाटध्सर्विलासं टीम को दिया जाएगा प्रशस्ति-पत्र।इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर के बहादुर आरक्षी सूरज नाथ मौर्या के सहयोग से आज दिनांक 03.12.2024 को थाना अंतू पुलिस द्वारा सर्विलांस टीमध् स्वाट टीम के सहयोग से मु0अ0सं0 709ध2023 धारा 2ध3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में 01 वांछित अभियुक्त अनुज कुमार ओझा उर्फआशीष ओझा पुत्र अरुण ओझा निवासी निवासी रुपानगर थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र अन्तू के ककरहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# नगरपालिका अध्यक्ष के उपचुनाव में भाजपा से प्रेमलता व सपा से राजकुमार सिंह ने किया नामांकन

▸▸ नामांकन के अंतिम दिन भाजपा-सपा के अन्य प्रत्याशियों ने दिखाया दम

▸▸ दावेदारों ने शहर की सूरत बदलने का किया दावा

















**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेल्हा के अध्यक्ष पद के उपचुनाव के नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को भाजपा, सपा सहित अन्य प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व भाजपा एवं सपा प्रत्याशी ने शहर में जुलूस निकाल कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। वहीं दावेदारों ने मतदाताओं से मौका मिलने पर शहर की तस्वीर बदलने का दावा किया है।नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह के निधन से नगर पालिका बेल्हा की अध्यक्ष की सीट रिक्त हो गई थी। निर्वाचन आयोग के आदेश पर उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंगलवार को अध्यक्ष पद के नामांकन की अंतिम तिथि थी। भाजपा ने एक बार फिर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह की पत्नी प्रेम लता सिंह पर अपना भरोसा जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है। मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता सिंह पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह, पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में शहर में जुलूस निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया और सदर तहसील परिसर में पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि शहर का विकास का पहिया थमने नहीं पाएगा। उन्होंने बताया कि जो कार्य अधूरे रह गए हैं यदि मौका मिला तो उसे पूरा किया जाएगा। इस दौरान पूर्व भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, राघवेन्द्र शुक्ल, रामजी, सुनील कुमार, विजय सिंह सोलंकी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह सपा से घोषित प्रत्याशी पूर्व ब्लाक प्रमुख राज कुमार सिंह राय साहब ने समाजवादी पार्टी के सचेतक एवं रानीगंज विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक डॉ आरके वर्मा, पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष शांति सिंह व सपा सांसद के पीआरओ जितेन्द्र सिंह की मौजूदगी में अपने अजीत नगर स्थित आवास से जुलूस निकाला। सर्वप्रथम उन्होंने मां बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं की सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में जुलूस निकाला। यह जुलूस शहर के भरत चौक, जिला अस्पताल होते हुए शहर के अंबेडकर चौक पहुंचा। यहां सपा प्रत्याशी ने अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सदर तहसील स्थित नामांकन स्थल पहुंचकर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। सपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह ने कहा कि यदि मौका मिला तो शहर की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने कहा कि शहर में सीवर लाइन, शुद्ध पेयजल, जलनिकासी सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, ज्योत्सना सिंह, महेंद्र दुबे, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे, संजय पांडे, अश्वनी सोनी, वासिक खान, जिला उपाध्यक्ष जगदीश मौर्य, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, मनीष पाल, सैफी सिद्दीकी, राजकुमार यादव, विकास खंडेलवाल, डॉ एजाज अहमद, उदय सरोज, ब्लॉक प्रमुख समीम खान, उमंग यादव, अहमद अली, राजू यादव, साजिद खान, डॉ राम बहादुर पटेल, सुरेश फौजी, अंकुर मौर्य उर्मिला यादव, शमशा तबरेज, सफत खान, जावेद खान, अनिल यादव समाजवादी पार्टी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### नगर पालिका उपचुनाव में सात दावेदारों ने ठोकी ताल

नगर पालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव के नामांकन का मंगलवार को अंतिम दिन था। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एवं पालिका अध्यक्ष पत्नी प्रेमलता सिंह ने चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं सपा से उम्मीदवार पूर्व ब्लाक प्रमुख राज कुमार सिंह राय साहब ने तीन सेट में अपना पर्चा भरा है। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं शहर के प्रमुख व्यवसाई संतोष मिश्रा ने निर्दलीय तीन सेट, निर्दलीय उम्मीदवार रवीन्द्र कुमार ने एक सेट, एमआईएम से मुहिब्बुल आरफीन ने दो सेट, आजाद समाज पार्टी कांशीराम से मो. तौफीक रजा ने एक सेट व हिमायत उल्ला उर्फ बन्ने भाई ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

# नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव हेतु होगा रोचक मुकाबला

▸▸ भाजपा से बागी सन्तोष मिश्र के समर्थन में डेढ़ दर्जन से अधिक सभासद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़** अध्यक्ष नगर पालिका के उप चुनाव में भाजपा-सपा सहित अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन किया है ।भाजपा से प्रेमलता सिंह और समाजवादी पार्टी से राजकुमार सिंह राय साहब ने अपना नामांकन पत्र हम दाखिल कर दिया है तो दूसरी तरफ भाजपा से बगावत करते हुए पूर्व विधायक राजपति मिश्र के पुत्र बीजेपी नेता सन्तोष मिश्र ने भी अपना नामांकन पत्र दायर कर दिया, श्री मिश्र के समर्थन में नगर पालिका परिषद के डेढ़ दर्जन से अधिक सभासद खुलकर श्री मिश्र का साथ देते हुए नामांकन के समय उपस्थित रहे जिसमें भाजपा सभासदों की संख्या अधिक थी ।

उनके नामांकन में ट्रांसपोर्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह , पूर्व एम एल सी आनन्द भूषण सिंह बब्बू राजा के समर्थकों भाजपा कार्यकर्ताओं का भी साथ सन्तोष मिश्र को मिल रहा है। उनके बगावती रुख को देखकर भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है ।

सन्तोष मिश्र को मनाने की कोशिशें शुरू हो गई, पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष , पूर्व जिलाध्यक्ष , सहित कई भाजपा नेताओं ने श्री मिश्र को मनाने का प्रयास किया किन्तु सफल नहीं हुए । भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के मिल रहे समर्थन से सन्तोष मिश्र काफी उत्साहित दिखाई पड़े । उल्लेखनीय है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रेमलता सिंह के बजाय किसी दूसरे को प्रत्याशी बनाने की मांग प्रदेश के भाजपा नेताओं से किया था कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक ही परिवार से पिछले 30 वर्षो से कार्यकर्ताओं की इच्छा के विपरीत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया जाता रहा है प्रदेश संगठन स्थानीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा किया ।

ज्ञात हो कि सन्तोष मिश्र एक मृदुभाषी , सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं उनका राजनैतिक परिवार रहा है उनके पिता स्व0 राजपति मिश्र जनता पार्टी से सदर विधायक चुने गए थे । उनके कार्यो और व्यवहार की आज भी प्रशंसा होती है।

# मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया को अच्छी तरह बताएं एवं अच्छे से प्रशिक्षित करे-सीडीओ

▸▸ नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन हेतु मास्टर टेªनर्स की कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन के कुशल निर्देशन में विकास भवन सभागार में मतदान कार्मिकों को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रशिक्षण देने के लिए जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें राज्य स्तरीय सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ मोहम्मद अनीस, ए0आर0पी0 धर्मेन्द्र कुमार ओझा और अशोक शुक्ला द्वारा निर्वाचन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तथा मत पेटिका को खोलने और बंद करने तथा सील करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि नगरीय निर्वाचन उपचुनाव 2024 बहुत ही महत्वपूर्ण है। जनपद में यह चुनाव नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए आयोजित किया जा रहा है, इसे हमें पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। हमें निर्वाचन आयोग के बताए गए दिशा निर्देशों का पालन पूरी तरह से करना है। मोबाइल फोन सभी मतदान केंद्रों पर पूर्णतया प्रतिबंधित है। कोई भी मतदाता या एजेंट मोबाइल फोन लेकर मतदान केंद्र पर नहीं जाएगा, सभी मास्टर ट्रेनर्स समस्त मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया को अच्छी तरह बताएं एवं अच्छे से प्रशिक्षित करें ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न न हो। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। टेंडर वोट एवं चैलेंज वोट के बारे में भी बताया गया। धर्मेंद्र कुमार ओझा ने संविधिक एवं आसांविधिक लिफाफों के बारे में एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रपत्रों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर रणवीर सिंह, राहुल शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चे भी हमारे समाज का अभिन्न अंग-सचिव सुमित पंवार

### जनपद न्यायालय सभागार में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन कमेटी के सदस्यों का प्रशिक्षण हुआ आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय सभागार में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन कमेटी के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में लोगों को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने कहा कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चे भी हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं, उनके स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं शिक्षा व कानूनी सहायता की उन तक पहुंच बनाने के लिए इस समिति का गठन किया गया है ,जो समाज में ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं उपलब्ध कराएगी। जिसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, हक कानूनी सहायता के बारे में जागरूकता फैलाना है। बच्चों के लिए कानूनो, योजनाओं और नीतियों को लागू करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने का कार्य यह समिति करेगी। दिव्यांग, अनाथ, गरीब बच्चों को शासन द्वारा हर प्रकार की विधिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान करने में यह समिति सहयोग करेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ओम प्रकाश दुबे, प्रशासक वन स्टाप सेंटर नीरजा कुमारी, अभय प्रताप सिंह डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पीएलवी एवं पैनल अधिवक्ता सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त खबरें

## जिला पर्यावरणीय समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोवस्त समिति की बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोवस्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा-यमुना नदी के किनार स्थित ग्रामों के नालों की साफ-सफाई करायी जाय एवं नालो का पानी गंगा-यमुना नदी में न बहने पाये इसके लिए शोकपिट बनवायें बनाये जायें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं एडीओ पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा-यमुना के किनारे स्थित ग्रामों का निरीक्षण करें, नालों के गंदे पानी को गंगा-यमुना नदी में न बहने दें, यदि पानी बह रहा है, तो उसके लिए समुचित उपाय किये जायें। उन्होंने ससुर खदेरी नदी की साफ-सफाई एवं पुनरोद्धार के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने कड़ाधाम में गंगा घाट की साफ-सफाई एवं वहॉ पर डस्टबिन रखवाये जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दियें। इसके साथ ही उन्होंने उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के उपस्थित अधिकारी को राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त किये बिना संचालित ईंट-भट्ठों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं गंगा समिति के विनय पाण्डा सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## ट्राला की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, विद्युत आपूर्ति बाधित



**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय जा रहा ट्राला अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से भीड़ गया जिसमें विद्युत पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई जिससे किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए परेशान होना पड़ेगा।बताते चले कि नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नं सात रसूलपुर मढियामई में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का निर्माण कार्य हो रहा है , मंगलवार की दोपहर विद्यालय के आवास निर्माण हेतु ट्राला चालक सामग्री लाद कर विद्यालय जा रहा था , ट्राला चालक जैसे ही अजुहा कस्बे के रसूलपुर मोड के नजदीक पहुंचा तभी ट्राला अचानक अनियंत्रित हो गया और सामने खड़े विद्युत पोल से टकरा गया हादसे में विद्युत पोल टूट गया जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई , स्थानीय लोगों की माने तो विद्युत पोल के टूटने से पांच किसानों के ट्यूबवेल बंद होने के चलते खेतों की सिंचाई प्रभावित होगीं।

## युवक संग किशोरी चंपत, परिजनों ने पकड़कर पुलिस को किया सुपुर्द

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी दस दिन पहले गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई थी , किशोरी के परिजनों ने खोजबीन के बाद किशोरी को आरोपी युवक के साथ पकड़कर कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया , पुलिस ने युवक को कई दिन चौकी में बैठाने के बाद आरोपी को बिना लिखापढ़ी के छोड़ दिया , किशोरी के परिजन जब युवक के घर उलाहना देने गए तो युवक के परिजन किशोरी के परिजनों को गाली गलौच करते हुए धमकाने लगे जिसके बाद किशोरी के परिजन अनहोनी की आशंका जताते हुए एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक 22 नवंबर को भगा ले गया था , परिजनों ने किशोरी की काफी खोजबीन की तो सयारा पुल के पास से किशोरी व युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया , किशोरी के पिता का आरोप है कि पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए आरोपी युवक को कई दिन चौकी में बैठा रखा और उसके बाद छोड़ दिया , जिसके बाद किशोरी के पिता युवक के घर उलाहना देने गए तो युवक के परिजन गाली गलौच करते हुए धमकाने लगे , पीड़ित ने एसपी कौशांबी से युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की हैं।

## ग्रामसभा की भूमि पर दबंगों का कब्जा, ग्रामीणों ने एसडीएम से अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में ग्रामसभा की भूमि पर पड़ोसी गांव के कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है , ग्रामीणों ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर ग्रामसभा की सुरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के कमासिन गांव के प्रधान प्रतिनिधि मो शाहिद , भोलानाथ , मुकेश, वीरन, बनवारी लाल, उषा देवी, दुखरानी, बड़कू, कुसमा देवी, गंगादिन आदि लोगों ने मंगलवार को सिराथू तहसील ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्रामसभा की खाद गड्ढा की सुरक्षित भूमि पर पड़ोसी गांव के कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा कर खेती करते है और शेष भूमि पर मकान निर्माण कर लिया है जिससे ग्रामीणों को खाद वगैरह डालने की व्यवस्था नहीं है, ग्रामीणों ने एसडीएम से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की हैं।

## पति ने दहेज की खातिर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**चायल, कौशाम्बी।** कोखराज थानाक्षेत्र के भरवारी नगर पालिका में पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की पिटाई कर घर से निकाल दिया। महिला रोते बिलखते मायके पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। मंगलवार को महिला ने चौकी सैयद सरांवा जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।चरवा थाने के चिल्ला शहबाजी गांव निवासी मोईनुद्दीन ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अलफिया की शादी दो साल पहले कोखराज थाने के भरवारी नगर पालिका निवासी अरशद पुत्र रईस उल्ला के साथ की थी। विवाह में उसने अपने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही पति कम दहेज मिलने का उलाहना देकर उसको प्रताड़ित करने लगा। वह दहेज में एक लाख रुपया नकद और बाइक की मांग करने लगा। उसने मांगों को लेकर अलफिया की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद दो दिन पहले उसने पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। महिला रोती बिलखती अपने मायके पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। मंगलवार को महिला ने पिता के साथ चौकी सैयद सरांवा जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# जिला स्वच्छता समिति की बैठक में अनुपस्थित रहें ईओ चरवा व सरांय अकिल, रोका वेतन

▶▶ जिलाधिकारी ने की कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मियों की लगाई क्लास



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गीद्वारा उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यो की समीक्षा कर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अधिकारी-चरवा एवं सराय अकिल के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दियें।

इसके साथ ही उन्होंने गांगा के किनारे अवस्थित ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण कार्य को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्हांने एडीओ पंचायत एवं डीसी को आपसी समन्वय बनाकर अपने-अपने विकास खण्डों के मॉडल ग्रामों का निरीक्षण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मॉडल ग्रामों का मानक के अनुसार मॉनीटरिंग करेंगे एवं ग्रामवासियों से बात-चीत कर फेटो सहित अवगत करायेंगे।

बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 15315 व्यक्ति पात्र पायें गये, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 11885 लाभार्थियों को 02 चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 4750 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी एम0आई0एस0 के सापेक्ष 3430 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 7135 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 408596 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 394845 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है,

अवशेष 13751 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के निर्देश दियें गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी श्री रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं सदस्यगण सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## निमंत्रण से लौट रहे साइकिल सवार को बाइक सवार ने मारी टक्कर, साइकिल सवार जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में निमंत्रण से लौट रहे सायकिल सवार को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया , हादसे में सायकिल सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया, सायकिल सवार वृद्ध को इलाज के लिए मंझनपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदूरा का मजरा महुली तीर निवासी गोपीलाल पुत्र मिठाईलाल 65 वर्ष सोमवार को सायकिल से निमंत्रण में गया था, गोपीलाल निमंत्रण निपटा कर सायकिल से वापस घर लौट रहा था, जैसे ही गोपीलाल सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदूरा में स्थित सब्जी मंडी के नजदीक पहुंचा लगभग नौ बजे रात तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया , हादसे ने सायकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

▶▶ जिलाधिकारी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जनशक्तिकरण दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा के अन्तर्गत खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन डायट मैदान, मंझनपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजन-अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर सुमित गुप्ता द्वारा शिव तांडव नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत मूक बधिर बच्चों द्वारा चित्रकला, चम्मच, गोली, रेस, 3 लेगरेस, 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसी प्रकार दृष्टि दिव्यांग बच्चों द्वारा धागा-मोती छूकर पहचानो, 100 मीटर दौड, कुर्सी दौड, शारीरिक दिव्यांग बच्चों द्वारा ट्राई साइकिल दौड, व्हीलचेयर दौड़, 50 मी0 कैलीपर दौड़ एवं रंगोली का आयोजन किया गया।

मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस जलेबी दौड़, कुर्सी दौड, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों की प्रतियोगिता में बलबीर प्रथम, सीमा द्वितीय एवं सुमन को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शारीरिक दिव्यांग बच्चों में ट्राई साइकिल दौड़ व अन्य दौड़ एवं मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराने तथा उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया। कार्यक्रम के संयोजक समेकित शिक्षा जिला समन्यवक धर्मनाथ व विशेष शिक्षक राम बहादुर कुशवाहा एवं समस्त स्पेशल एजुकेटर व फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों को अल्पाहार वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, डायट प्राचार्या निधि शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षणक सच्चिदानन्द यादव सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य उपस्थित रहें।

## संत गाडगे चित्रसारी समिति द्वारा मनाई गई चौधरी चुन्नी लाल की 25वीं पुण्यतिथि





**कौशाम्बी।** संत गाडगे चित्रसारी समिति कड़ाधाम कौशाम्बी के तत्वाधान में पूर्व राज्य सभा सांसद चौधरी चुन्नी लाल की 25 वी पुण्यतिथि के अवसर पर संत गाडगे चौराहा जिला मुख्यालय मंझनपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय हेमंत कुमार टुन्नू जी द्वारा किया गया उन्होंने बाबू चौधरी चुन्नी लाल के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उनके योगदानों के बारे में लोगो को बताया और कहा कि राज्य सभा सांसद रहते हुए समाज को आगे जाते हुए समाज के प्रति अपना जीवन समर्पित किया इसके पश्चात वीरेंद्र निर्मल पूर्व प्रधान जी ने भी किया कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे उसके पश्चात वृद्धाश्रम एवं जिला अस्पताल मंझनपुर में फल व अंगवस्त्र भी वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत अध्यक्ष उमेश दिवाकर, विजमा दिवाकर, मथुरा प्रसाद, चोखेलाल निर्मल, सेहंदी लाल निर्मल ,पवन निर्मल, लवकुश प्रधान जी, ओम प्रकाश दिवाकर, कौशलेंद्र , दीपक, राजेश निर्मल, दिलीप चौधरी,एवं सुनील चौधरी अन्य लोग उपस्थित रहें।

# अनुदेशक के गैरहाजिर होने पर एडीओ ने जताई नाराजगी

▶▶ कड़ा ब्लाक के भड़ेहरी कम्पोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

▶▶ बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्न का सही उत्तर देने पर की प्रशंसा



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के एडीओ आईएसबी दिलीप कुमार पाण्डेय ने कड़ा ब्लाक क्षेत्र के भड़ेहरी में स्थित कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुदेशक के गैरहाजिर रहने पर नाराजगी का इजहार करते हुए प्रधानाध्यापक से जबाव तलब किया।मंगलवार को कड़ा ब्लाक के एडीओ आईएसबी ने ब्लाक क्षेत्र के भड़ेहरी कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण के दौरान अनुदेशक अजय कुमार प्रजापति के अक्सर गैरहाजिर रहने का मामला प्रकाश में आने पर मौके पर मौजूद प्रधानाध्यापक महेंद्र शुक्ला से नाराजगी का इजहार करते हुए सवाल जबाब किया। इसके साथ ही कक्षाओं में जाकर बच्चों से गणित के प्रश्न पूछे जबाब सही मिलने पर बच्चों की प्रशंसा किया। एडीओ आईएसबी दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया की विद्यालय में प्रधानाध्यापक समेत पांच शिक्षक, दो शिक्षा मित्र और तीन अनुदेशकों की तैनाती है। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन के दौरान पाया गया की अनुदेशक नवम्बर माह में अक्सर अनुपस्थित रहा है। जिसको लेकर प्रधानाध्यापक से नाराजगी व्यक्त करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये । स्कूल में पंजीकृत 234 के सापेक्ष 180 बच्चे मौजूद रहे। वहीं बनाया जा रहा मध्यान्ह भोजन दाल-चावल की गुणवत्ता ठीक मिली। इसके साथ ही परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती शर्मा मौजूद मिली । साथ ही पंजीकृत 67 बच्चों के सापेक्ष 15 बच्चे मिलने पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया।बताया की निरीक्षण रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

## सभासद के उप चुनाव हेतु भाजपा , कांग्रेस सहित तीन उम्मीदवारों ने किया नामांकन





लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा में सभासद के रिक्त चल रहे पद के उप चुनाव हेतु मंगलवार को भाजपा, कांग्रेस सहित एक निर्दलीय दावेदारों ने सिराथू तहसील सभागार में बनाए गए नामांकन कक्ष में समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

बताते चले कि नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नं आठ में सभासद के निधन के चलते पद रिक्त चल रहा था , शासन के निर्देश पर रिक्त चल रहे पदों के उपचुनाव हेतु सिराथू तहसील सभागार में नामांकन कक्ष बनाया गया है , सभासद के उपचुनाव हेतु कुल सात दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदा था , जहां मंगलवार को नामांकन के अंतिम दिन कुल तीन दावेदारों ने समर्थकों के साथ अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा समर्थित प्रत्याशी दिनेश बाजपेई ने चेयरमैन अजुहा शांति देवी कुशवाहा , प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा , करन सिंह रावत , प्रशांत केसरी के साथ नामांकन कक्ष में पहुंचे और रिटर्निंग ऑफिसर खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता व विनय सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । इसी तरह कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी विवेक अग्रहरि ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह , श्याम मूर्ति द्विवेदी , मौलाना अब्दुल कलाम , मनोज पटेल व एडवोकेट सरकार आलम के साथ अपना नामांकन दाखिल किया वही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मो जिशान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया ।

रिटर्निंग ऑफिसर संजय गुप्ता व विनय सिंह ने बताया कि पर्चो की जांच के बाद छः दिसंबर को नाम वापसी व चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा , 17 दिसंबर को मतदान एवं 19 दिसंबर को मतगणना की जाएगी।

# शैक्षिक भ्रमण पर गए बच्चों को दी गई ब्रह्मांड की जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता में अव्वल रहे सिराथू बीआरसी के सौ बच्चों को मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया। खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडा दिखा कर बस को रवाना किया। इस दौरान प्रयागराज के तारामंडल, संग्रहालय व चंद्रशेखर आजाद पार्क का भ्रमण करा कर जानकारी दी गई। परिषदीय विद्यालयों के कक्षा छह से आठवीं तक के बच्चों को विज्ञान विषय में निपुण बनाने के लिए दो महीने पहले राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा हुई थी। जिसमें सिराथू बीआरसी क्षेत्र के 130 छात्र छत्राओं ने प्रतिभाग किया था।

जिसमें सौ बच्चों ने परीक्षा पास की थी ऐसे में विभाग की ओर से शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रयागराज ले जाया गया वहां पहुंचे बच्चों को तारामंडल में ब्रह्मांड व ग्रहों के बारे में जानकारी दी गई इसके अलावा संग्रहालय में रखी ऐतिहासिक धरोहर को देखा। चंद्रशेखर आजाद पार्क का भ्रमण कर कर उनके जीवन से जुड़ी कहानी के बारे में जानकारी दी गई । इस मौके पर एआरपी राज किशोर शुक्ला, शिक्षिका वंदना सिंह विमला देवी आदि मौजूद रहें।

## सुने घर से ताला तोड़कर चोरों ने सामान किया पार



**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चकसैनी गांव में बीती रात चोरों ने सुने घर को निशाना बनाकर घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखा नकदी व जेवरात सहित अन्य सामान पार कर दिया।सैनी कोतवाली क्षेत्र के चकसैनी निवासी राजेंद्र प्रसाद सोनकर पुत्र मोहनलाल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह सोमवार को परिवार के साथ कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा में अपनी ससुराल निमंत्रण में गया था जब मंगलवार की दोपहर ससुराल से वापस लौटा तो घर का ताला टूटा देख दंग रह गया , घर के अंदर गया तो चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर अंदर रखे नकदी व जेवरात सहित गृहस्थी का अन्य सामान पार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

## सम्पादकीय

# चुनावी हेरफेर का सवाल

उद्देश्य विपक्ष को आगाह करना भर है कि चुनावी हेरफेर का सवाल वे केवल पराजय के दिन उठाएंगे और फिर सब भूल कर अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे, तो इस गंभीर मुद्दे पर जनता के बीच कोई नैरेटिव वे खड़ा नहीं कर पाएंगे।महा विकास अघाड़ी की हार के बाद शिव सेना (उद्धव) नेता संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी %महाराष्ट्र का मन' जानती है। स्वाभाविक रूप से ऐसा नतीजा नहीं आ सकता था। यानी सत्ता पक्ष ने हेरफेर से चुनाव जीता।इसी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के एक पराजित उम्मीदवार ने कहा कि 19 से 17 दौर की गिनती तक वे आगे थे। मगर उसके बाद %99 फीसदी चार्ज्ड' ईवीएम निकले, जिनमें अंतर इतना था कि अंततः वे हार गए।कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं ने निर्वाचन आयोग पर नियोजित ढंग से चुनावों में समान धरातल खत्म करने का आरोप लगाया। हरियाणा की तरह ही उन्होंने महाराष्ट्र के परिणाम की साख पर गंभीर सवाल उठाए।साल भर पहले मध्य प्रदेश में हार के बाद वहां के कांग्रेस नेताओं ने ईवीएम में हेरफेर के आरोप लगाए थे।यानी अब यह आम रुझान बन गया है। जहां भी विपक्षी दलों की हार होती है, वे उसे सहज स्वीकार नहीं करते। हालांकि इसका कोई ठोस उत्तर उन्होंने पेश नहीं किया है कि सब कुछ मैनेज्ड हो चुका है, तो झारखंड और कश्मीर घाटी में कैसे भाजपा गठबंधन हार गया और लोकसभा चुनाव में कैसे भाजपा को उतना तगड़ा झटका लग गया था।इस प्रश्न को उठाने का मकसद यहां विपक्षी दलों के संदेह और सवालों को संदिग्ध बनाना या उन्हें निराधार बताना नहीं है।उद्देश्य सिर्फ विपक्ष को आगाह करना है कि वे ऐसे सवाल केवल चुनावी पराजय के दिन उठाएंगे और दो चार दिन में सब भूल कर अगले चुनाव की तैयारी में लग जाएंगे, तो वे इस गंभीर मुद्दे पर आम जन के बीच कोई नैरेटिव तैयार नहीं कर पाएंगे।उनकी बातों में तनिक भी दम हो, तो फिर इस वक्त इससे ज्यादा बड़ा मुद्दा देश के सामने कोई और नहीं है। इसका अर्थ होगा कि देश में लोकतंत्र को सत्ता की मुट्ठी में समेट लिया गया है।मगर आज तक इंडिया गठबंधन ने इस मुद्दे पर कोई साझा राय या जन अभियान का साझा कार्यक्रम नहीं बनाया। क्यों? इस %क्यों' को विपक्ष अब सिर्फ अपनी साख की कीमत पर ही नजरअंदाज कर सकता है।

### सुविचार

जीवन सौन्दर्य से भरपूर है। इसे देखें, महसूस करें, इसे पूरी तरह से जीएं, और अपने सपनों की पूर्ति के लिए पूरी कोशिश करें।

# क्या टीएमसी, सपा और आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से किनारा करना चाहती है



**अशोक भाटिया**

सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कमरे में हुई, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। हालांकि उस बैठक में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नदारद रहे। इसकी आशंका पिछले शुक्रवार को ही हो गयी थी, जब चार दिन तक अडानी प्रकरण को लेकर संसद संसद का कामकाज बाधित रहा। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस को पहले ही पार्टी ने अपने रुख से अवगत करा दिया था।इस प्रकरण से कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के इरादे से बनाए गए इंडिया गठबंधन में बिखराव देखने मिल रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए कई मुद्दों को लेकर विपक्षी गठबंधन में आपसी सहमति नहीं बन पा रही है। एक तरफ जहां कांग्रेस चाहती है कि गौतम अडानी और ईवीएम के मुद्दे को सदन में उठाया जाए तो वहीं कई दल चाहते हैं कि ऐसे मुद्दों को सदन में उछाला जाए, जिसका जनता से सीधा सरोकार हो।सूत्रों ने कहा कि जब केवल कॉरपोरेट को लाभ होता है और चुनावी प्रक्रिया में खामियां हैं और विकल्पों को नकार दिया जाता है, तो यह लोगों का मुद्दा कैसे नहीं हो सकता है। इस बैठक में इंडिया ब्लॉक के संस्थापक सदस्य तृणमूल कांग्रेस ने हिस्सा न लेना ही एक बड़ा मुद्दा बन गया है । तीसरी बार बैठक में भाग न लेने वाली पार्टी का कहना है कि यह स्पष्ट हैं कि हम लोगों के मुद्दों पर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं।टीएमसी के मुताबिक, क्रोनी कैपिटलिज्म और ईवीएम जैसे मुद्दे लोगों को पसंद नहीं आते। पार्टी ने सवाल करते हुए कहा, ÷उन इलाकों को देखिए जहां राहुल गांधी ने प्रचार किया है। अगर उन्होंने जो कहा वह लोगों के लिए मायने रखता तो कांग्रेस क्यों हारी?

वहीं, टीएमसी, समाजवादी पार्टी (एसपी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे सहयोगी दल कांग्रेस के ईवीएम और क्रोनी कैपिटलिज्म के प्रति ÷जुनून÷ को लेकर उत्साहित नहीं हैं। जबकि कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो' की तर्ज पर 'ईवीएम जगाओ यात्रा' की योजना बनाई है और इंडिया ब्लॉक पार्टियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, उनमें से अधिकांश ने बहुत कम रुचि दिखाई है। कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि क्या यह यात्रा उन राज्यों से होकर गुजरेगी जहां कांग्रेस ने चुनाव जीता है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने बीते रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार किया है।टीएमसी का साफ कहना है कि उनकी पार्टी के सांसद जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं जिनमें- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, उर्वरक और मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही सपा चाहती है कि इन मुद्दों के साथ-साथ संभल हिंसा को भी जोड़ दिया जाए। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा भी कि हमारे लिए अडानी से बड़ा मुद्दा किसान हैं और संभल हिंसा है। इंडिया गठबंधन ब्लॉक में विभाजन के पीछे असली राजनीति भी छिपी है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में यह स्पष्ट है कि आप और कांग्रेस सहयोगी नहीं होंगे। बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस कभी एक दूसरे से सहमत नहीं हो सकते। यूपी में अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस खत्म हो चुकी है। दरअसल गठबंधन में शामिल दलों के अपने अलग-अलग मुद्दे हैं, लेकिन कांग्रेस सिर्फ अडानी प्रकरण पर प्रधानमंत्री को घेरने की कोशिश में लगी है। अन्य दलों को अब लग रहा है कि वे अपने मुद्दे को कांग्रेस के कारण सदन में नहीं उठा रहे हैं। सपा अपना फोकस यूपी पर करना चाहती है, लेकिन सदन नहीं चलने के कारण संभल सहित प्रश्न पत्र लीक प्रकरण को वह अब तक नहीं उठा पायी है। राजद भी बिहार से संबंधित कई मुद्दों को संसद में उठाना चाह रहा है। यही हाल डीएमके का भी बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या उन सांसदों के सामने है, जो अब तक अपना मेडन स्पीच भी संसद में नहीं दे पाये है। पहली बार चुनकर आये कई सांसदों ने अपने-अपने दल के नेताओं से अपनी पीड़ा व्यक्त की है। कांग्रेस के कई सांसद भी यह मानने लगे हैं कि संसद न चलने का ज्यादा नुकसान उन्हें ही हो रहा है। सरकार को कटघरे में खड़ा करने का समय उनके हाथ से निकल रहा है।क्योंकि सरकार से कोई सवाल नहीं पूछा जा रहा है और सरकार आंकड़ों में हेर-फेर कर सदन के बाहर देश को गुमराह कर रही है। जबकि संसद में सरकार की ओर से कोई आंकड़ा दिया जाता है, तो सरकार को उसके लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है। सोमवार को जब लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी, तो संविधान पर चर्चा भाग न लेने का विकल्प विपक्ष के पास नहीं था।



कांग्रेस लोगों के बीच यह संदेश नहीं देना चाहती कि संविधान की रट लगाने वाले पार्टी संविधान पर होने वाली चर्चा में भाग लेने से पीछे हट रही है। यही कारण रहा कि संविधान पर चर्चा को लेकर सभी दलों ने हामी भरी, लेकिन संसद के सुचारू संचालन में अभी कई बाधाएं है, जिसे दूर करने की जरूरत होगी। कुछ कांग्रेस सांसद तो अब यहां तक कहने लगे है कि प्रियंका गांधी के लोकसभा में आने से रणनीति में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। उनके मुताबिक प्रियंका ज्यादा प्रैक्टिकल हैं, वे वायनाड में भी जनता के ही मुद्दों पर फोकस कर रही थीं, ऐसे में यहां भी उनकी प्राथमिकता ऐसी ही देखने को मिल सकती है। अब समझने वाली बात यह है कि कांग्रेस के कई सांसदों में रोष है, लेकिन राहुल गांधी के खिलाफ जाने की हिम्मत किसी में नहीं।यह बात अब जगजाहिर हो चुकी है कि राहुल गांधी के लिए अडानी मुद्दा सबसे ज्यादा प्रिय है, वे इसी के सहारे चुनावों में उतरते हैं और सीधे पीएम मोदी को निशाने पर लेते हैं।

संसद में भी वे सिर्फ इसी मुद्दे के दम पर केंद्र को पूरी तरह आइसोलेट करना चाहते हैं। लेकिन अब जब सदन कई दिनों से नहीं चल पा रहा है, कांग्रेस के ही सांसद मानने लगे हैं कि इस तरह से संसद को बाधित रखना ठीक नहीं। ऐसी स्थिति में सरकार की जवाबदेही तय करना और ज्यादा मुश्किल हो जाएगा।उधर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद टीएमसी ने उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर ढ्ढहृष्ठ्ठ अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को ढ्ढहृष्ठ्ठ ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है।टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, %कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा।

अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, %वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के नारे के मर्म को समझा हिंदुसमाज ने



**डॉ0 आर.के. सिन्हा**

महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई ज़मीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफ़ी नुकसान उठाना पड़ा था , जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनज़र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई ज़मीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, ÷एक हैं तो सुरक्षित हैं÷। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के ख़िलाफ़ पूरे हिंदू समाज की एकता पर ज़ोर दिया गया था।बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ़ हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है। मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े , क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे , कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना( उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिन्दुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिन्दू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। पीएम मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थीः भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है।मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए ÷बटेंगे तो कटेंगे÷ नारे का इस्तेमाल किया। आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का %बंटेंगे तो कटेंगे% के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ %बंटेंगे तो कटेंगे% के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिन्दू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना।

योगी जी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया।अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने %सत्ता की लालसा में% पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को ÷एकता÷ तथा %एक हैं तो सुरक्षित हैं% नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दर्शाता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनावों में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है।यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने %एक है तो सुरक्षित है% के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया है। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है।**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### आप न आए



प्रियतम के इंतजार में नजरें गड़ाए बैठे हैं।
राहों में उनके अपने दिल को बिछाए बैठे हैं।।
उनके दीदार को कब से तरस रही मेरी आंखें,
बनके एहसास वो रग-रग में समाए बैठे हैं।
करनी थी मुलाकात फिर भी आप न आए।
दृग से हुई बरसात फिर भी आप न आए।।
इतने पत्थर दिल सजन तुम हो गए कैसे,
तड़पूं मीन की भांति फिर भी आप न आए।।
प्रियतम के इंतजार में नजरें गड़ाए बैठे हैं।
राहों में उनके अपने दिल को बिछाए बैठे हैं।।
उनके दीदार को कब से तरस रहीं मेरी आंखें,
बनके एहसास वो रग-रग में समाए बैठे हैं।।

**कवयित्री कल्पना तिवारी दिव्या प्रतापगढ़ ( उत्तर प्रदेश)**

### प्रेम से भी खूबसूरत

वो क्या है
जिसकी ख़ातिर
खिंची चली जाती हैं
मेधा-अर्थ से समृद्ध
आत्मविश्वास से सम्पन्न
रूप-लावण्य से धनी
आधुनिक लड़कियाँ
परिपक्व स्त्रियाँ
प्रेम से ख़ाक होने तक
ऊँची पींग सी यात्रा में
कैसे रह जाती हैं अनभिज्ञ
प्रेमी के मस्तिष्क में पलते
नित पोषित होते षडयंत्रों से
सार्थक कर देती हैं कहावत
अंधा होता है प्रेम
प्रेम में अंधी लड़कियाँ/ स्त्रियाँ
हो जाती हैं बहरी
माता-पिता-परिवार
हितैषी रिश्तों की
चेताती सतत मनुहार
कातर पुकार से
झटक देती हैं ख़ून के रिश्ते
तोड़ देती हैं जन्म से बंधे
ममता-दुलार के धागे
मृगतृष्णा को जल मान
जल जाती हैं तंदूर में
या टुकड़ों में कटी
मिलती हैं फ्रीज़र में
किसी निर्जन वन में
क्या खींचता है उन्हें
क्या केवल दैहिक आकर्षण
या सोने के वर्क में लिपटे
छल से सने सपनीले वादे
या फिर चुनाव की आज़ादी
अपनी चाह सँग जीने की चाह
कभी लव ज़िहाद
कभी दौलत की हवस लिए
भले से सलोने मुखौटे
दिखाते हैं सपनों की दुनिया
शहद घुले शब्दों के जाल में
फँस जाती हैं सरलमना
भोली लड़कियाँ/स्त्रियाँ
दुनिया छोड़
थामती हैं जिसका हाथ
धुल जाए छल का कच्चा रंग
हटने लगे मुखौटा
उससे पहले ही
हो जाती हैं प्रेम की शिकार
प्रेम की चाह में जीने वाली
सरल लड़कियाँ/स्त्रियाँ
सुनो लड़कियों/स्त्रियों
माना प्रेम बहुत ख़ूबसूरत है
मगर प्रेम से भी ख़ूबसूरत है
ईश्वर का दिया यह जीवन
प्यार के पीछे छिपे
छल के फंदे से
अपनी गर्दन बचाना
तुम्हारी सुरक्षा
तुम्हारे जीवन के लिए
बहुत आवश्यक है
कि परिचय से प्रेम तक
रहे गुप्त
तुम्हारा धन
तुम्हारी संपत्ति
तुम्हारी संपन्नता
सुनो लड़कियों/स्त्रियों
मीठे शब्दों के जाल में न आना
धोखे बड़े हुनरबाज़ होते हैं
प्रेम की आड़ में
जो काटने लगे रिश्तों की डोर
हरने लगे तुम्हारा आर्थिक बल
प्यार के नाम पर
रौंदने लगे तुम्हारी रुचियां
सहज सुलभ खुशियां
तो संभल जाना
सुन लेना मौन ख़तरे की घंटी
मना लेना रूष्ट माता-पिता
नाराज़ गुस्सैल भाई
यही हैं तुम्हारी सुरक्षा का
अभेद्य गढ़
याद रखना
प्रेम बहुत ख़ूबसूरत है
मगर प्रेम से
कहीं ज़्यादा ख़ूबसूरत है
तुम्हारा होना
जीवित रहना।।



**सुशीला शील स्वयंसिद्धा जयपुर**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आज आपकी व्यापारिक यात्रा से फायदा होगा, लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल रहेगा। आपके विचारों में सकारात्मकता रहेगी। किसी भी मामले पर बहस करने से बचें। |
| वृष | आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधानी बरतें क्योंकि जबरदस्ती से आपको ही नुकसान हो सकता है। काफी समय पहले दिए इंटरव्यू से जॉब का ऑफर आयेगा। आपकी कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे। |
| मिथुन | आज आपका दिन आपके लिए बेहद खास होगा। आप किसी जरूरी काम में व्यस्त रहेंगे। आपको इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे।आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ होगा। आपको अपने घरेलू काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। |
| कर्क | आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनका सपोर्ट मिलेगा। आज आप परिवार वालों के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होंगी। |
| सिंह | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम या कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करें। आपको फायदा भी हो सकता है। किसी बिगड़े रिश्ते को सुधारने में आप सफल हो सकते हैं। शाम को परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। |
| कन्या | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पर ईश्वर की असीम कृपा है, जिससे आपके बिगड़ते सभी काम बन जायेंगे। आज पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ संबंधों में सुधार हो सकता है। आज आप अपने किसी मित्र की आर्थिक सहायता कर सकते हैं। |

| | |
|---|---|
| तुला | आज का दिन बेहद खास होने वाला है। परिवार में किसी ख़ास रिश्तेदार के आने से ख़ुशी का माहौल बनेगा। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं। हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे। |
| वश्चिक | आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं |
| धनु | आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा। |
| मकर | आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करेंगे। कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह जरूर करेंगे। पार्टनरशिप में भी फायदा होने के योग बन रहे हैं। अपने स्वभाव को बैलेंस रखें आपके सभी काम बनेंगे। पुत्र पक्ष से सुख मिलेगा। |
| कुम्भ | आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज काम-धंधे पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज निपट सकते हैं। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है। |
| मीन | आज आपका दिन जोश से भरा रहने वाला है। कुछ लोगों पर और कुछ काम पर संदेह रहेगा। असुरक्षा की भावना भी रहेगी। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जायेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। |

# अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** तहसील बार एसो0 पुरातन के संयुक्त पुस्तकालय विजय कान्त मिश्र के उपर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के प्रयास के विरोध में आज अधिवक्ताओं ने कलेक्टेट में क्रमिक धरना दिया।तहसील बार पुरातन सदर की बैठक अध्यक्ष विवेक दत्त मिश्र पाली की अध्यक्षता में एवं महामंत्री अजय प्रताप सिंह के संचालन में हुई। बैठक में बार के पदाधिकारी विजय कान्त मिश्र के उपर फर्जी तरीके से मुकदमा लिखवाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उनके उपर जान से मारने के लिये हमला,व मारपीट किया गया था। अधिवक्ता ब्रजेन्द्र उपाध्याय अनुचित तरीके से प्रशासन के उपर दबाव बनाया जा रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर अधिवक्ताओं ने विजय कान्त मिश्र के नेतृत्व में आ से कलेक्टेट में क्रॅमिक धरना दिया। प्रशासन से मांग किया कि गलत तरीके से किसी अधिवक्ता के उपर मुकदमा दर्ज न किया जाये।बैठक में प्रमुख रूप से आशुतोष तिवारी, धीरेन्द्र मिश्र,करूणेश प्रताप सिह,विजय शंकर,अमित सिंह, आशीष सिंह,राहुल, परवेज अहमद,सददाम हुसैन,जितेन्द्र बहादुर सिंह,वासिक अली,मुकुन्द सिंह,महेन्द्र मिश्र, अमित सिंह,अंजनी प्रताप सिंह,राम मूर्ति प्रजापति,दुर्गेश सिंह,कुलदीप तिवारी,छगूर राम,डीपी सिंह,रांकी सिंह,उदयराज यादव, विनोद शर्मा,आलोक तिवारी,नीरज मिश्र,श्रषि तिवारी,कृपा शंकर सिह आदि मौजूद रहे।

## आरक्षियों के सर्तकता से 2 गैगास्टर अभियुक्त गिरफ्तार

**मान्धाता,प्रतापगढ़।** थाना मान्धाता के अतंर्गत अभियुक्तों को उनके घर के पास से किया गया गिरफ्तार गिरफ्तार गैंगस्टर अभियुक्तगण मारपीट, हत्या का प्रयास गैंगस्टर एक्ट जैसे गम्भीर उपराध में संलिप्त हैं।जनपद में अपराध नियंत्रणध्संगीन धाराओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु बीट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है।इसी क्रम में थाना मान्धाता के बहादुर आरक्षी हरिपाल व आरक्षी अंकित चौधरी के सहयोग से समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में 02 वांछित अभियुक्तगण 1. बादल पाण्डेय उर्फ शिवम पाण्डेय पुत्र ओमप्रकाश पाण्डेय निवासी रामपुर परउवा थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ उम्र -27 वर्ष 2. कौशलेन्द्र सिंह उर्फ सत्यम सिंह पुत्र गौरीशंकर निवासी ग्राम मिश्रपुर थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ उम्र 23 वर्ष को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# राजा भइया ने राज भवन में दूसरे दिन भी जनता की समस्याओं का किया निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने दूसरे दिन भी राज भवन बेंती में आयोजित जनता दरबार में प्रदेश भर से आए हुए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए निस्तारण किया। वहीं कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों से वार्ता करके निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी,प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुंडा शिव कुमार तिवारी भगवन, प्रमुख कुंडा



संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख विहार पति राम चंद्र सरोज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, ब्लॉक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज, प्रधान नीलमणि सिंह, रंग बहादुर सिंह कुंडा, कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़,सोनू सिंह नरियावां, पत्रकार प्रिंश प्रजापति, पत्रकार कुलदीप विश्वकर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव, गुड्डु गुप्ता, रवि सरोज, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, गोटू सेठ डेरवा, समाजसेवी आनन्द देव पांडेय प्रधान अर्जुन अतेरु, विनीत पांडेय रामनगर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू शुक्ला नरियावां, सौगंध सिंह रायगढ़, एडवोकेट वैभव पांडेय, समाजसेवी सुमित तिवारी फूलमती समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

# ईशीपुर ढेकाही में भव्य संगीतमयी रामकथा का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** ग्राम ईशीपुर ढेकाही में भव्य संगीतमयी रामकथा का आयोजन किया गया है जिसमें शोभायात्रा के दौरान रामलला दरबार की झलक और साथ ही रामरथ में राम-सीता लक्ष्मण की छवि धारण किए बच्चे व गौरी-नंदी के साथ भोलेनाथ सवार, राधा कृष्ण और भगवान विष्णु की अप्रतिम छवि आकर्षण का केंद्र रही।गांव के निवासी ढोल के साथ भगवान के मनमोहक रूपों के साथ नृत्य कर रहे थे। सभी शोभायात्रा में दिव्यघोष और शंखध्वनि करते हुए वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। शोभायात्रा में डी.जे. घोड़े रथ सब शोभा बढ़ा रहे थे। इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश ग्राम प्रधान पूरे माधव, श्री शैलेंद्र कुमार सिंह, श्री धीरेंद्र कुमार सिंह, श्री राम नवल सिंह, श्री राघवेंद्र सिंह मुन्ना,विक्की सिंह और विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।गांव के सभी निवासी डी.जे.की धुन पर नृत्य करते नजर आए।सभी गांव व नगरवासी प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे से 5 बजे तक कथा श्रवण करने के लिए पधारने जरूर पधारे। यह संगीतमयी कथा श्री वृंदावन धाम से पधारे पूज्य मुकेश आनन्द जी महराज द्वारा होगी।

# बदलते परिवेश में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम-सिविल जज

**दीवानी व तहसील परिसर में मनाया गया अधिवक्ता दिवस**

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती पर मंगलवार को दीवानी न्यायालय परिसर व तहसील सभागार में अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। दीवानी न्यायालय में बतौर मुख्यअतिथि सिविल जज अरविन्द सिंह ने कहा कि बदलते परिवेश में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। न्यायपालिका के गौरव गरिमा को बनाये रखना अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी है। हर पीड़ित को समय से न्याय दिलाना अधिवक्ताओं का कर्तव्य हुआ करता है। सिविल जज अरविन्द सिंह ने कहा कि बार और न्यायपालिका दोनों की जिम्मेदारी है कि पीड़ित को समय से सही न्याय मिले, जिससे कि न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा कायम रहे। वहीं तहसील सभागार में आयोजित



अधिवक्ता दिवस पर अध्यक्षता करते हुए जूनियर बार पुरातन प्रतापगढ़ के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बार और बेंच में सामन्जस्य बनाकर पीडित को न्याय दिलाना सुगम होगा। वहीं जूनियर बार एसोशिएसन पुरातन प्रतापगढ़ के महामंत्री विवेक त्रिपाठी ने भी पीड़ितो को न्याय दिलाये जाने में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन देवी प्रसाद मिश्र ने किया। इससे पूर्व सिविल जज अरविन्द सिंह व अधिवक्ताओ ने पूर्व राष्ट्रपति स्व. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम में जूनियर बार प्रतापगढ़ के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह व महामंत्री विवेक त्रिपाठी, हरीश शुक्ल, हंसराज दुबे, प्रदीप सिंह, अजीत ओझा, अमजद खॉन, सचीन्द्र सिंह तथा लालगंज के वरिष्ठ अधिवक्ता पवन पाण्डेय, सुधाकर मिश्र, हरिदत्त मिश्र आदि को अधिवक्ता संघ की ओर से प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम से सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल व पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता रमेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री सूर्यकांत निराला, उपाध्यक्ष बालेन्द्रभूषण त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्रा, गीता सिंह, शहजाद अंसारी, विपिन शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय मगध गौरव सम्मान से राजगीर-बिहार में डा विनय हुए सम्मानित

**प्रतापगढ़।** मौर्यकालीन प्राचीन मगध साम्राज्य की गौरवशाली पावन धरती राजगीर (नालन्दा) बिहार में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त पुरातन विश्वविद्यालय,नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी-नालंदा के माननीय कुलपति प्रो.(डॉ.) संजय कुमार (मुख्य अतिथि-सम्मान समारोह),सौहार्द शिरोमणि संत मानद कुलपति-ग्लोबल विश्वविद्यालय,अमेरिका के मानद कुलपति (प्रो.) डॉ. सौरभ पाण्डेय एवं डॉ. डी.आर.रेवाला(आई.आर.एस.) सहायक आयुक्त-सीजीएसटीध्कस्टम एवं एक्साइज सेवा कर,भारत सरकार,सूरत,गुजरात-डॉ. डी.आर.रेवाला जी के संयुक्त कर कमलों द्वारा डा विनय श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।प्रतापगढ़ सिटी उत्तर प्रदेश के डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव जी ने मगध की पुण्य धरती राजगीर (नालंदा) में अत्यंत गौरवशाली सम्मान श्अंतर्राष्ट्रीय मगध गौरव सम्मान-2024श् प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। इस सुखद



सौभाग्य एवं उपलब्धि के लिए उनके शुभचिंतकों,परिजनों एवं मित्रों द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं प्राप्त हो रही है।इस दौरान बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में राजेश सिंह, अंशुमान सिंह,गौरव श्रीवास्तव,ब्रजेश पाण्डे,मुकेश मँछानी, सुरेश अग्रवाल,मनोज कुमार सिंह,डॉ.मनीष सिंह,रोशन लाल, डॉ. शाहिदा खान,राम शिरोमणि आदि रहे।

# दिव्यांगता अभिशाप नहीं, कुछ कर गुजरने की कुंजी- रोशनलाल उमरवैश्य



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी मोहनगंज में खेल-कूद, संगीत आदि विभिन्न कार्यक्रमों में पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृत में प्राचीन काल से ही दिव्यांगों का अहम रोल रहा है। सूरदास, अष्टवक्र, वर्तमान में जगतगुरु रामभद्राचार्य, सुधाचंद्रा को कौन नहीं जानता। दिव्यांग भाइयों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने देश ही नहीं विदेशों तक अपना अहम मुकाम हासिल किया। इसीलिए आप लोगों के लिए दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि कुछ कर गुजरने की कुंजी है। दिव्यांग बंधु कमेटी का सदस्य होने के कारण शासन व प्रशासन से हर सुविधा दिलाने की कोशिश रहेगी। परमानंद मिश्र ने कहा कि आज विश्व में दिव्यांगों में चेतन का संचार हुआ है, जिसके कारण दिव्यांग साथी अहम पदों पर विराजमान है।श्री नारायण यादव ने कहा कि दिव्यांगों को दया नहीं अधिकार व सम्मान देने की आवश्यकता है। सरकार के साथ समाज भी अब दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयत्नशील है।

कार्यक्रम में श्रीमती अमिता कुशवाहा, वरिष्ठ सहायक अनिरुद्ध नारायण तिवारी, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, विवेक कुमार, आदर्श कुमार के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिता की दौड़ में नितिन पाल प्रथम, करन द्वितीय, अमन तृतीया रहे। एक पैर की दौड़ में करन प्रथम, ऋतिक द्वितीय रहे। खो खो में अब्दुल की टीम प्रथम रही। जलेबी दौड़ में सचिन प्रथम, नितिन द्वितीय, रामू तृतीय स्थान पर रहे। रस्सी दौड़ में करन व नितिन रहे। कला प्रतियोगिता में अख्तर, अमन, अब्दुल ने भाग लिया। संगीत प्रतियोगिता में आदित्य, अमन कुमार, करन आदि को सम्मानित किया गया।

# अविष्कार अभियान एक्सपोजर विजिट टूर के लिए रवाना



लोकमित्र ब्यूरो

**रानीगंज प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्स्पोज़र विजिट टूर विकासखंड शिवगढ़ का प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। विकासखंड शिवगढ़ के कुल 90 बच्चे दो बसों के माध्यम से प्रयागराज हेतु रवाना हुए, जो संगम एवं नेहरू तारामंडल का अवलोकन करेंगे। साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। बच्चों के साथ विकासखंड के शिक्षक प्रताप चौधरी शिवबरन सरोज राजेंद्र प्रसाद तिवारी उमाकांत तिवारी दयाशंकर राजकुमारी पटेल कुसुम कुमारी एवं अन्य शिक्षक साथी विकासखंड के ऐआर पी भुवनेश्वर नाथ मिश्रा संतोष मिश्रा एवं सुशील दुबे बस पर बच्चों के साथ प्रयागराज हेतु रवाना हुए। साथ में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# एल आई सी ने धूमधाम संग मनाया स्व श्री धर वासुदेव की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कर्स ऑफ इंडिया के संस्थापक स्व0 श्रीधर वासुदेव काल्वित की 100वीं जयंती पर आयोजित शताब्दी समारोह भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य शाखा में समस्त विकास अधिकारियों की उपस्थिति में श्रीधर काल्विट जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया।

फेडरेशन के अध्यक्ष राजीव कुमार आर्य ने चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि03 दिसंबर 1924 को जन्मे काल्विट साहब ने फील्ड वर्कर्स के लिए समस्त विकास अधिकारियों के हित में रक्षा करते हुए, ऐसे समझौते प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए, उनकी नौकरी तो चली गई परन्तु पूरे देश के विकास अधिकारी के लिए एक विशाख संगम की छत दे गए ।प्रतापगढ़ के शाखा सचिव रतन प्रकाश यादव ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला, आशीष



पांडेय, गौरव सिंह, प्रदीप पांडेय , श्रीमती उमा मिश्रा जी , शत्रुघमन सिंह , अनिल तिवारी , आशुतोष पाण्डेय ,राजीव शर्मा , आशुतोष सरोज , सूरज चौधरी , दीपक यादव , गौरव पांडेय , मोहम्मद अफ़ाम जी आदि काल्विट साहब की जीवन दृष्टि पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन फेडरेशन अध्यक्ष राजीव कुमार आर्य ने किया ।

# मिशन शक्ति के तहत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**रानीगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत मां अभिराजी जगदीश पाल मेमोरियल हाईस्कूल, शाहपुर थाना रानीगंज मे प्रधानाचार्य महेंद्र पाल से मिलकर बालिकाओं को जागरूक करने हेतु परिचित किया गया। जिनके द्वारा उक्त विद्यालय की उपस्थित सभी बालिकाओं को एक साथ बुलाकर मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, व नारी स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गयी। साथ ही उनसे शिक्षा संबंधित बातें की गई और उन्हें हेल्पलाइन नंबर जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102,एम्बुलेंस सेवा 108,साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि तथा योजनाएं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना निराश्रित वृद्धा पेंशन योजना आदि, गुड टच बैड टच व अन्य सभी सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

# प्रेरणा दिवस के रूप में मना डा राजेन्द्र प्रसाद एवं काली प्रसाद का जन्म दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद एवं कायस्थ पाठ्शाला ट्रस्ट के संस्थापक कालीप्रसाद कुलभास्कर का जन्म दिवस प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज सहित जिले के 15 कॉलेजों में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुतए साकेत ग्रुप आफ कॉलेज़ेज के मैनेजिंग ट्रस्टी हर्षित श्रीवास्तव ने युवाओं को डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद और मुंशी काली प्रसाद कुल भास्कर से प्रेरणा लेने के लिए आग्रह किया। मुख्य अतिथियों के रूप में सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव ने कहा कि किसी के विकास के लिए साधन सम्पन्नता आवश्यक नहीं है बल्कि उसकी योग्यता से उसकी पहचान होती है। उन्होंने कहा कि वे छोटे से गॉव के मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे



थे और शैशवावस्था में ही पिता की छाया से वंचित हो गया था, फिर भी प्रयागराज के नागरिकों ने पहले मुझे मेयर पद का दायित्व सौंपा। आज मुझे विधान परिषद तक जाने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं आत्मश्लाघा के वशीभूत होकर यह नहीं बता रहा हूँ बल्कि यह मैं केवल उन युवाओं के लिए रख रहा हूँ जो विपरीत परिस्थितियों के आगे बढ़ने की क्षमता रखते हैं लेकिन ऐसा करने में अपने को असफल पाते हैं क्योंकि उन्होंने अपने ''स्व'' को नहीं पहचाना। डॉ0 श्रीवास्तव ने प्रथम राष्ट्रपति एवं मुंशी काली प्रसाद के अनेकानेक संस्मरणों से परिचय कराया। इस अवसर पर पी.बी.पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 अमित श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद किसी एक कौम के नहीं बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के आदर्श है। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के पौत्र डॉ0 अशोक जे0 प्रसाद ने वर्चुअली कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और कहा कि डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद पर हमारे परिवार से ज्यादा राष्ट्र का हक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गिरिशचन्द्र सिन्हा एडवोकेट ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के जीवन की अनेक झलकियों को प्रस्तुत कर युवा पीढ़ी को उनका अनुकरण करने का संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया और कु शाम्भवी शुक्ला, कु0 गौरी मिश्रा, सौम्या शुक्ला, ने साँई वंदना, सरस्वती वन्दना द्वारा प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत संवेदना संस्था की ओर से एवं संवेदना संस्था की अध्यक्षा श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के जीवन को अनुकरणीय और वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में प्रासांगिक बताया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार महाविद्यालय के संस्थापक अरविन्द श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। संचालन शिशिर खरे ने किया। कार्यक्रम का संयोजन अमितेन्द्र श्रीवास्तव एवं डॉ0 क्षितिज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे आए हुए अतिथियों का स्वागत डॉ0 पूनम श्रीवास्तव, डॉ0 रचना सक्सेना, संजय खरे, संजय श्रीवास्तव, डॉ0 गौरव श्रीवास्तव ने किया।

# शिक्षिका ने छात्र-छात्राओं को वस्त्र किया वितरित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर में आज विद्यालय की शिक्षिका प्राची बघेल द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को निशुल्क वस्त्र प्रदान किया गया। शिक्षिका ने बताया कि आज विश्व विकलांग दिवस है। इसके उपलक्ष्य में शिक्षक आलोक कुमार सिंह द्वारा संचालित कपड़ा बैंक के माध्यम से विद्यालय के दो दिव्यांग बच्चों सहित सभी बच्चों को निशुल्क यूनिफॉर्म वितरित किया गया शिक्षिका प्राची बघेल ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि आज विश्व दिव्यांग दिवस है,इसको मनाए जाने का उद्देश्य दिव्यांग लोगों के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार और उन्हें बढ़ाने के समान अवसर प्रदान करने हेतु लोगों को जागरूक करना है। हमें उनके साथ सद्भावपूर्ण व्यवहार करना चाहिए और उनकी वृद्धि और समृद्धि में अपना संपूर्ण योगदान देना चाहिए। शिक्षिका ने वेस्टन का वितरण करते हुए कहा कि आपको यह वस्त्र ठंड को देखते हुए प्रदान किया जा रहा हैं। आप सभी को नियमित विद्यालय आना चाहिए। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपनी समृद्धि और देश का विकास कर सकते हैं। इस मौके पर शिक्षामित्र अनीता मौर्या और विद्यालय के तमाम छात्राएं मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत एक्सपोजर विजिट में प्रयागराज भ्रमण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजनान्तर्गत विकास खण्ड शिवगढ़ के कक्षा छह, सात और आठ के सौ बच्चों की एक्सपोजर विजिट जनपद प्रयागराज भ्रमण हेतु रवाना होकर सकुशल वापस हुई । खण्ड शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार श्रीवास्तव और ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र से झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया तथा पूरे भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ बने रहे । सदर मेंटर/डायट प्रवक्ता गर्विता ओझा ने सभी बच्चों से मिलकर उनको पर्यटन की उपयोगिता व महत्व से अवगत कराते हुए शुभकामनाएं दीं । सभी बच्चे प्रयागराज में आनन्द भवन के तारामण्डल में विभिन्न ग्रहों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त कर प्रफुल्लित हुए । बच्चों ने आनन्द भवन और स्वराज भवन के भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के केन्द्र व भूमिका सन्दर्भित विभिन्न पहलुओं पर ज्ञानवर्धन किया। पुस्तक केंद्र पर बच्चों ने महात्मा गाँधी के सत्य के प्रयोग पुस्तक में रुचि व्यक्त की, कई बच्चों ने उक्त पुस्तक क्रय की । शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का व्यवस्थापन सुशील कुमार द्विवेदी (एआरपी गणित) एवं संतोष कुमार मिश्रा (एआरपी विज्ञान) भुनेश्वर नाथ मिश्रा (एआरपी अंग्रेजी) शैलेष कुमार त्रिपाठी (ऋक्क हिंदी)ने किया । सभी बच्चों को नाश्ता, स्नैक्स, वाटर बॉटल, कैरी बैग, पेन, डायरी, पैड एवं भोजन प्रदान किया गया । इस भ्रमण कार्यक्रम को अनुशासन पूर्वक व समस्त स्थलों पर भ्रमण को निर्बाध सम्पन्न कराने में शिक्षक साथियों राजेन्द्र तिवारी सर, शिव बरन सर, उमा कांत त्रिपाठी सर, दया शंकर सर, प्रताप चौधरी सर, राम देव द्विवेदी सर, ध्रुव शर्मा सर, श्रीमती शिल्पा शुक्ला मैडम, श्रीमती राजकुमारी मैडम, श्रीमती सुनीता मैडम की महती व उल्लेखनीय भूमिका रही।

# बैनामा की भूमि पर कब्जा पाने को दर दर भटक रहा पीड़ित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र अन्तर्गत समसपुर दामू निवासी पूर्व ग्रामप्रधान मयाराम यादव अपनी ही बैनामा शुदा भूमि 136(क)पर कब्जे के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं। जबकि बैनामा के बाद खारिज दाखिल भी हो गई है।खारिज दाखिल भूमि में पूर्व प्रधान के पड़ोसी हरिलाल जो। कि छह भाई हैं सह खातेदार हैं। मयाराम का आरोप है कि विपक्षी सबल होने के नाते लगातार व्यवधान उत्पन्न करने के साथ ही गाली गलौज व मारपीट पर आमदा है। पीड़ित मयाराम के अनुसार उक्त भूमि की नाप भी हो चुकी है। विपक्षियों द्वारा लगातार बैनामा शुदा भूमि पर हस्तक्षेप के बाद पीड़ित द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाबत लेखपाल कानूनगो समेत राजस्व से संबंधित अधिकारियों की



रिपोर्ट द्वारा पीड़ित पूर्व प्रधान मयाराम के पक्ष में रिपोर्ट भी लगाई गई है।इसी जमीन के विवाद को लेकर हुई नाप पैमाईश की रिपोर्ट के बाद उपजिलाधिकारी कुंडा द्वारा थाना प्रभारी बाघराय को उक्त भूमि से अवैध हस्तक्षेप हटवाए जाने हेतु आदेशित भी किया जा चुका है।लगातार चल रहे इस विवाद के क्रम में नया मोड तब आ गया जब मयाराम ने वर्षों पूर्व घर के पीछे रहे दरवाजे को दुबारा लगाया जाने लगा तो विपक्षियों द्वारा बाघराय थाने में तहरीर देते हुए दरवाजे को रुकवाए जाने की मांग की गयी।विपक्षियों की तहरीर पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा लगाने से रुकवा दिया।इस बाबत पूर्व प्रधान ने बताया कि मेरे घर का दरवाजा उस जगह पर वर्षों पूर्व से रहा है।

यही दरवाजा होने के कारण मेरे द्वारा अपने चाचा श्रीराम से उक्त भूमि का बैनामा वर्ष 2021 में करवाया गया था। उसके आगे की भूमि आबादी दर्ज है, जिसपर मेरा वर्षों से कब्जा विद्यमान है। हालांकि पूरे मामले के बाबत दूसरे पक्ष का कहना है कि पूरा मामला मा. न्यायालय में विचाराधीन है व उक्त भूमि पर स्टे भी लागू है।बावजूद इसके पूर्व प्रधान द्वारा जबरन भूमि पर कब्जा व दरवाजा लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण,मची अफरा तफरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** सीएमओ डॉ. एएन प्रसाद मंगलवार को संग्रामगढ़ सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे। सीएमओ के अचानक पहुंचते ही स्वास्थ्यकर्मियों में अफरातफरी मच गई। सीएमओ डॉ. एएन प्रसाद ने सीएचसी के लेबर रूम, इमरजेंसी, फार्मेसी, डॉट सेंटर, पैथालॉजी, ओपीडी का निरीक्षण किया। सीएचसी का भ्रमण कर निरीक्षण के बाद अभिलेखीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए और एएनएम के साथ बैठक की। सर्दी में बच्चों को होने वाले नजला, जुकाम, बुखार के बारे में स्थिति की जानकारी ली और उसके बचाव के उपाय गांव की महिलाओं को बताने को कहा। गांव में दवाओं के छिड़काव के बारे में जानकारी ली। इस बीच किसी ने सीएचसी में एक्स-रे मशीन होने के बाद भी बाहर से एक्स-रे कराए जाने की शिकायत की। सीएमओ ने कहा कि एक्स-रे टेक्नीशियन न होने से सीएचसी में एक्स-रे नहीं हो पा रहा है। जल्द ही एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती कर रोगियों को सुविधा दी जाएगी। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. मनोज सिंह, डॉ. विवेक यादव, डॉ. संतोष माथुर, डॉ. अफरोज बेगम, डॉ. रोहित गौतम, डॉ. हेमंत, पवन श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों ने क्षेत्राधिकारी की नम आंखों से की विदाई

**पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी सर्कल में तैनात क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय का स्थानांतरण जनपद गोंडा के लिए हुआ है। मंगलवार को कोतवाली पट्टी में तैनात प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार व पुलिस कर्मियों ने नम आंखों से क्षेत्राधिकारी का विदाई समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर तहसील पट्टी के वरिष्ठ अधिवक्ता बिंदेश्वरी प्रसाद उर्फ बिंदु पाठक, अनिल सिंह, रवि सिंह, विकास तिवारी, मनीष तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं तहसील पट्टी क्षेत्र में अपने कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए क्षेत्राधिकारी ने कहा कि दूर-दूर से जो बातें सुनने को मिलती थी उससे मन में प्रतापगढ़ को लेकर एक अलग ही बात चुभने लगती थी, लेकिन लगभग एक वर्ष का समय पट्टी क्षेत्र के लोगों के साथ कैसे बीत गया समझ ही नहीं आया। यहां सामने आने वाले लोग परिवार के जैसे होते चले गए और अब इन्हें छोड़कर जाते हुए मन भारी हो रहा है।

# युवक को प्रेम विवाह करना पड़ा महंगा

## ▶▶ प्रेमिका पन्द्रह दिन की बेटी को छोड़ लाखों के आभूषण लेकर फरार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़** प्रेम विवाह करना युवक को महंगा पड़ गया। प्रेमिका शादी के चंद माह बाद ही ससुराल से ननद के लाखों रुपए कीमत का आभूषण लेकर फरार हो गई। जबकि पन्द्रह दिन की बेटी को भी छोड़ गई। कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव की रहने वाली काजल पुत्री जटा शंकर सिंह ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके भाई राजा सिंह ने रायबरेली जनपद के सलवन इलाके में डीहा थाना अंतर्गत डेला गांव की रहने वाली प्रिया सिंह पुत्री मेन प्रताप सिंह से प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ माह बाद उसने एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि बीते 15 नवंबर को मेन प्रताप बेटी के ससुराल पहुंचा, और उसे अपने साथ अपने घर लिवाकर चला गया। आरोप है कि प्रेमिका जाते समय जहां अपनी 15 दिन की मासूम बेटी को ससुराल में छोड़ गई तो वहीं ननद के लाखों रुपए कीमत के घर में रखे सोने के जेवरात को भी अपने साथ उठा ले गई। मामले की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से करते हुए आरोपित किया है कि वह अब ससुराल आने को जहां तैयार नहीं है, वही गहने भी देने से इनकार कर रही है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है तथा मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बरना बिहरिया गांव के पास से गुजरे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार को शाम हुए हादसे की जानकारी ग्रामीणों ने यूपी 112 को दिया तो पुलिस मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। युवक हरी शर्ट, काली पैंट पहने है, जिसकी उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही

## संदिग्ध दशा में टहल रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** सरुआ जमेठी गांव में सोमवार आधी रात को एक युवक संदिग्ध दशा में घूम रहा था, जिसे गांव के लोगों ने पकड़ा लिया। रात भर उसे गांव में ही रखे रहे, मंगलवार को सुबह यूपी-112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची। ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले किया। ग्रामीणों का कहना है कि वह चोरी की नीयत से घूम रहा था। जबकि पुलिस का कहना है कि वह नशेड़ी है। पकड़ा गया युवक हीरागंज इलाके का बताया जा रहा है।

# फ्रॉड के मामले में वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार स्थित चौकी के अंतर्गत दिन सोमवार को थाना बाघराय के उ0नि0 अमित द्विवेदी ने मय हमराह हे0का0 सुभाषचन्द्र यादव व का0 रविन्द्र यादव व का0 रणजीत कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी के दौरान मा0 न्यायालय श्रीमान एसीजेएम-5 प्रयागराज के परिवाद सं0-46/2021 धारा 138 एन0आई0 एक्ट से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त शंकर लाल पाल पुत्र जवाहरलाल पाल उम्र 48 वर्ष नि0 जमलामऊ थाना बाघराय को बिहार कुण्डा रोड पर ग्राम लच्छीपुर से गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ जनपद प्रयागराज के एक थाने में लाखों रुपए का फ्रॉड करने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें यह फरार चल रहा था।

# सड़क हादसों में वृद्ध समेत दस घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के तुला का पुरवा बेंती गांव निवासी राम छबीले का 60 वर्षीय बेटा राम मूरत बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के सरुआ जमेठी गांव निवासी महेश कुमार की 45 वर्षीय पत्नी मालती देवी अपने 18 वर्षीय बेटी संजना के साथ कहीं जा रही थी, वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गई। अन्य हादसों में मौली गांव निवासी 38 वर्षीय तौफीक अहमद, रहवई पनाहनगर गांव निवासी 14 वर्षीय प्रदीप कुमार, मनगढ़ गांव निवासी 43 वर्षीय महेंद्र कुमार, किंधौली गांव निवासी 65 वर्षीय राम सुमेर, लखपेड़ा भवानीगंज गांव निवासी 28 वर्षीय मुन्ना द्विवेदी, महेशगंज थाना क्षेत्र के सोतवा जगापुर गांव निवासी 80 वर्षीय रमेश और बाघराय थाना क्षेत्र के बंधन गोपालपुर गांव निवासी 28 वर्षीय संजीव कुमार घायल हो गए।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 552/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन विनोद कुमार बनाम लक्ष्मी गौतम
बनाम
लक्ष्मी गौतम उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी विनोद कुमार पुत्री विन्देश्वरी प्रसाद निवासी ग्राम दारानगर बेती पर0 व तह0 कुण्डा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ हाल मुकाम निवासिनी ग्राम दुलुवामई पर0तह0 कुण्डा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 23.12.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 नं0 213/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन प्रतिभा देवी बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम समापुर लक्ष्मणपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ वर्तमान पता मुआर अधारगंज थाना व तहसील रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 05.12.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 05.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1343730 का अंकपत्र कहीं खो गया है।
सिंह साहिल राज कुमार
पुत्र राज कुमार
ग्राम पूरे कनपुरियन पोस्ट
बरखुर्दरपुर नसीराबाद
जनपद रायबरेली

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 नं0 239/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन जाकिर हुसेन आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास व आम स्थान खुशखुशवापुर बलीपुर पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.12.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 259/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन फूलकली आदि बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम नि0ग्राम सराय लालमती पर0तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 04.01.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# पोस्ट मार्टम से शव आने पर परिजनों में मचा कोहराम

## ▶▶ ननिहाल जा रहे युवक का माइनर में शव मिलने का मामला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** विगत दिवस शाम को बाइक से ननिहाल जा रहे युवक की सुबह रास्ते में स्थित माइनर में लाश मिल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर कई सारे ग्रामीण भी पहुँच गए। शव को देखकर ग्रामीण युवक की हत्या की आशंका जताने लगे। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।महेशगंज थाना क्षेत्र के पूरे झाऊ गांव के रहने वाले लालजी धुरिया पुत्र रामपाल धुरिया गांव में रहकर मजदूरी करतें हैं। उनका सबसे बड़ा पुत्र सुनील धुरिया (24 वर्ष) नासिक में रहकर टमाटर की पैकिंग करने का कार्य करता था। रविवार को वह पड़ोसी हरि धुरिया के पुत्र सुधीर धुरिया के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नासिक से अपने घर पहुँचा। हरि धुरिया के यहां मातृपूजन का कार्यक्रम होने के कारण सुनील ने हरी धुरिया के यहां ही नाश्ता किया और देर शाम करीब आठ बजे अचानक वह अपनी बाइक लेकर लालगंज थाना क्षेत्र के तिना गांव अपने मामा मूलचंद के घर जाने के लिए निकल लिया। रात में परिजन सुनील के मोबाइल पर फोन करने लगे तो उसका नम्बर स्विच ऑफ था। उसके ननिहाल फोन किया तो पता चला कि सुनील अभी ननिहाल पहुँचा ही नही है। रात भर परिजन सुनील को लेकर काफी खोजबीन किए लेकिन उसका कुछ पता नही चला। सुबह गांव के बाहर उसके घर से करीब तीन किमी दूर भैरोंपुर गांव के पास माइनर में उसकी लाश मिली। लाश के पास ही उसकी बाइक सड़क के बगल गिरी हुई पड़ी थी। बाइक के आगे की लाइट और शीशा टूट गया था।

बाइक की चाभी माइनर के बंधे पर गिरी हुई थी और सुनील के सिर का बाल गुच्छे के रूप में सड़क पर उखड़ा हुआ पड़ा था। सुनील के सिर पर धारदार हथियार से किए गए चोट के निशान थें। सुबह जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। सोशल मीडिया के जरिए मृतक के घर वालों को जानकारी हुई तो मृतक के घर में कोहराम मच गया। घर वाले भागकर घटना स्थल पर पहुँचे। मृतक की मां रानी देवी सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक लालजी का सबसे बड़ा पुत्र था।मृतक की दो बहने शानीली और चांदनी तथा एक भाई अनिल भी है।जिसमें अनिल और चांदनी मूकबधिर हैं। एसओ मुकेश सिंह का कहना है कि मामलें में मृतक के पिता की ओर से दुर्घटना की तहरीर दी गई है। घटना को देखकर इलाके के लोग युवक की हत्या को लेकर आशंका जताते रहें हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम से आने पर घर में चीख-पुकार मच गई। घर का कमाऊं पूत की मौत पर गांव में ग़म का माहौल था।मृतक के मूक-बधिर भाइ बहन शव से लिपट रोते रहे। शव को छोड़ नहीं रहे थे, किसी तरह गांव वालों ने शव को छुड़ा कर श्रृंगवेरपुर राजघाट ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान स्पेशल जज महोदय प्रतापगढ़
व्यवहार वाद सं.0 192/12
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन जलालुद्दीन बनाम शिवमूर्ति आदि
बनाम
1. शिवमूर्ति उम्र 63 साल 2. राममूर्ति उम्र 58 साल 3. राम सूरत उम्र 52 साल मृतक दौरान 3/1. अंकुर सुत राम सूरत 4. कृष्णामूर्ति उम्र 48 साल सुतगण स्व0 विष्णुदत्त नि0 ग्राम सलारपुर (सहादतगंज) पो0 रिकाबगंज प0त0 सदर जनपद फैजाबाद 5. सिराजुउद्दीन उर्फ गुलहसन उम्र 47 वर्ष सुत स्व0 निजामउद्दीन नि0गण दहिलामऊ पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 6. श्रीमती हाजिरा बेगम उम्र 51 वर्ष पत्नी रईस अहमद नि0 मो0 471बी पल्टन बाजार पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 7. साविरा बेगम पुत्री वशीर अहमद पत्नी मुजीव अहमद नि0 पल्टन बाजार प्रतापगढ़ 8. प्रतापगढ़ सहभारी आवास समिति लि0 द्वारा सचिव श्री अवधेशमणि त्रिपाठी मो0 109 पल्टन बाजार पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 9. अब्दुल जब्बर आयु 70 साल सुत हाजी अब्दुल अहमद नि0 तेलिया चौराहा प0त0 सदर प्रतापगढ़ 10. वसीम अहमद आयु 47 साल सुत इक्तखार अहमद नि0 अहमद नगर प0त0 सदर प्रतापगढ़ 11. श्रीमती शेख जाहिदा उर्फ जाहिदा बानो आयु 45 साल पत्नी मोहसन नि0 ताला प0त0 सदर प्रतापगढ़ 12. मो0 अजहरूद्दीन आयु 50 साल सुत रूकुनुद्दीन नि0 जुड़ा पट्टी त0 मीरनपुर तह0 लम्भुहा जिला सुल्तानपुर 13. श्रीमती हाजरा बेगम आयु 50 साल पत्नी हामिद अली नि0 सदरौली प0त0 सदर प्रतापगढ़ 14. मो0 तमसील खान आयु 45 साल सुत अब्दुल मन्नान नि0 फूलपुर प0 सदर तह0 लालगंज प्रतापगढ़ 15. श्रीमती कमरून निशा आयु 48 साल पत्नी अब्दुल मतीन नि0 411 बेगम वार्ड पाईकरोड शहर प्रतापगढ़ 16. श्रीमती वाहिदा बेगम आयु 45 साल पत्नी इम्तियाज अहमद नि0 फूलपुर (चमरूपुर शुक्लान) प0त0 सदर प्रतापगढ़ 17. अफरोज अहमद सुत स्व0 जलील अहमद नि0 आजाद नगर प0त0 सदर प्रतापगढ़ 18. धर्मेन्द्र सिंह सुत जयमंगल नि0 37डी भदरी हाउस प0त0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 20.12.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# पान की दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी




**कुंडा प्रतापगढ़ ।** महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज फतूहाबाद गांव निवासी नागेन्द्र सिंह पुत्र मातबकस सिंह ने तहरीर देकर बताया कि मेरा छोटा भाई जितेन्द्र सिंह हीरागंज बाजार में बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल गुमटी में चाय पान की दुकान खोल रखा है सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर दुकान का सामान व 300 नगद उठा ले गए । मंगलवार को सुबह जितेन्द्र कुमार दुकान खोलने पहुचा तो ताला टूटा देख दंग रह गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की रही है।

# विद्यालय के लिए निकले गायब छात्र को थानाध्यक्ष ने किया बरामद

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के खुशियाल का पुरवा नरियावा ग्राम निवासी कृष्ण कुमार यादव का बेटा आशीष कुमार यादव डेरवा स्थिति भद्देश्वर इंटर कालेज में कक्षा 07 में पढ़ता है । तीस नवंबर को वह सुबह विद्यालय के लिए घर से निकला मगर शाम को वापस घर नहीं आया। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही राजेंद्र शुक्ल ने ग़ायब कर दिया। मामले में राजनैतिक रंजिश में महेशगंज थाना में राजेंद्र शुक्ल के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग किया था। तहरीर मिलने पर थानाध्यक्ष मुकेश सिंह ने छात्र की खोजबीन के लिए छह टीम गठित कर दिया। सोमवार की रात में सेखपुर चौराष के पास वह खड़ा दिखाई दिया।पुलिस के साथ पिता भी थे, पिता ने बेटे को पहचान लिया। पूछताछ में बताया कि मेरी मम्मी ने मुझे मारा पीटा है। इसलिए मैं घर से भाग निकला हूं। अब मैं घर नहीं जाऊंगा। पिता के समझाने पर घर जाने को राजी हुआ। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि लड़का सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया। राजेंद्र शुक्ल के विरुद्ध लगाया गया आरोप झूठा साबित हुआ।

# बिहार ब्लॉक में स्टेट मॉनिटरिंग की जांच करने पहुंचे डीडीओ



**बिहार प्रतापगढ़।** विकासखंड बिहार अंतर्गत स्टेट मॉनिटरिंग की जांच करने के लिए सीडीओ महोदया के आदेश के क्रम में डीडीओ पहुंचे। इसमें उन्होंने बिहार ब्लॉक के चार गाँवों में कराए गए पक्के कार्यों के साथ गौशाला का भी निरीक्षण किया।इस दौरान डीडीओ ने बिहार विकासखंड के कोर्रही गलगली,महाराजपुर व गोगौर में कराए गए पक्के कार्यों का भी निरीक्षण किया।जांच के बाबत डीडीओ से फोन पर वार्ता किया तो उन्होंने गांवों में किए गए पक्के कार्यों को 10 में से 10 नंबर देने की बात कहा। साथ ही बताया कि मौके की जांच में गुणवत्ता पूर्ण ,शासन की मंशानुरूप,गुणवत्ता पूर्ण कार्य गांवों में करवाए गए हैं।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति ने किया प्रदर्शन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा समिति चित्रकूट द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियो द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में मंगलवार को चित्रकूट के हिन्दुओं के विशाल जनसैलाब ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सौंपा।इस दौरान संतो ने आह्वान किया कि बांग्लादेश के अंदर जिस प्रकार से हिंदू संस्कृति के मानबिंदुओं हिंदू देवालयों पर लक्षित हमले हो रहे हैं, यह अत्यंत चिंताजनक है तथा वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा उसकी अन्य एजेंसियां इसे रोकने के स्थान पर केवल मूकदर्शक बन करके बैठी हुई हैं। विवशतावश बांग्लादेश के हिंदुओं द्वारा स्वरक्षण के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभर रहा है।

अभी तुरन्त के घटनाक्रम में बांग्लादेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी को बांग्लादेश सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक व अमानवीय है तथा हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है हम प्रारंभ से ही यह मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं।

यह दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी, जैसी रोक लगनी चाहिए थी वैसी रोक नहीं लगाई है ।भारत सरकार का प्रतिउत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानीपूर्वक और न्यूनतम रहा है। एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है, परंतु एक बड़े हिंदू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व सारे पड़ोसी देश व भारत सरकार सिर्फ देखते रहें और कुछ भी कार्यवाही नहीं करें यह भी स्वीकार नहीं है। ससम्मान यह भी निवेदन करना है कि भारत सरकार की अग्रणी भूमिका में विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को अपने संज्ञान में लेते हुए बांग्लादेश सरकार के ऊपर दबाव बनायें कि हिंदुओं के ऊपर उत्पीड़न व अत्याचार एवं देवालयों को लक्षित करके निशाना बनाए जाने की घटनाओं को तत्काल रोकें और तुरंत प्रभाव से इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की जाए और किसी भी हिंदू नेता, हिंदू पुजारी, हिंदू संत, धार्मिक गुरु को बिना किसी कारण से गिरफ्तार करने की उत्पीडनात्मक कार्यवाही बंद हो। इस मौके पर महंत दिव्य जीवन दास, मदन गोपालदास, महंत रामहृदय दास, डॉ रामनारायण त्रिपाठी, वरुण दास महराज, प्रदीपदास, श्यामसुंदर मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, महेंद्र, लोकेंद्र, दीपेन्द्र, अतुल प्रताप, विजय किशोर, रामा, श्यामा ,ज्योति सिंह, राजेन्द्र त्रिवेदी, जगदीश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति संयोजक आशीष सिंह ने किया।

# वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र पाण्डेय के निधन से पत्रकारों में शोक

**चित्रकूट**– जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र पांडेय का मंगलवार को निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। उन्होंने सुबह अपने घर में अंतिम सांस ली। मित्रों और परिचितों में पांडेजी के नाम से मशहूर राजेंद्र पांडेय के निधन से जिले में पत्रकार जगत में शोक छा गया।निर्भीक पत्रकार की छवि रखने वाले राजेंद्र पांडेय ने कई अहम अखबारों में काम किया। वर्तमान समय में भी वह एक हिंदी दैनिक के ब्यूरो चीफ थे। उन्होंने कई उन मुद्दों पर अपनी कलम चलाई, जिन पर लिखने से लोग गुरेज करते रहे। वह कई महीने से गले के कैंसर से पीड़ित थे और हाल ही में उनका फोर्टिस अस्पताल में आपरेशन भी हुआ था। हालांकि आपरेशन के बाद से उनकी हालत सुधरने के बजाय बिगड़ती चली गई। वह अपने पीछे पत्नी, तीन बेटों का भरापूरा परिवार छोड़ गए। पांडेजी की अंतिम यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी। उनके निधन पर चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी सहित पूरे जिले के पत्रकारों ने शोक जताया है।

# रामघाट विकास कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को रामघाट में कराए जा रहे सौन्दर्यीकरण के विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने निर्माण कार्यों का जायजा लेकर सम्बन्धितों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कि रामघाट के जो विकास कार्य अधूरे हैं, उनको शासन की मंशानुरूप समय सीमा के अंदर पूर्ण कराए। कहा कि रामघाट में जो मुख्य मार्ग व गलियां जुड़ रही है, उन गलियों के विकास कार्यों के लिए भी कार्य योजना बनाई जाए। साथ ही रामघाट में लेटे हनुमान मंदिर की ओर होने वाले 100मी विस्तारीकरण के कार्य की भी कार्य योजना बनाई जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि रामघाट में दुकानदारों द्वारा टीन शेड के ऊपर लगाई गई तिरपाल को तत्काल हटवाए तथा रामघाट में बने शौचालय के सामने किए गए अतिक्रमण को भी हटवाए। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि विद्युत से सम्बन्धित कराए जाने वाले कार्यों के उसके प्रस्ताव तैयार करें तथा विद्युत केवल बॉक्स की शिफ्टिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कहा कि जो खुले तार हैं, उनको अंडरग्राउंड कराया जाए। उन्होंने यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मत्यगजेन्द्रनाथ मंदिर में शेष पड़े सीढ़ियों के कार्य को तत्काल पूर्ण कराया जाए तथा फूड प्लाजा के पास जो गेट निर्माण कराया जा रहा है, उस कार्य में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए की मां मंदाकिनी-गंगा की अच्छी तरह से साफ-सफाई कराई जाए।निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल अमर सिंह राठौर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व दिव्यांग समारोह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ जीवन पर्यंत कुलाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महराज ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने विश्व दिव्यांग दिवस समारोह में कहा कि पूरे विश्व में सबसे पहले उन्होंने दिव्यांग छात्रों के लिए एशिया की प्रथम विश्वविद्यालय की स्थापना 26 जुलाई 2006 में की थी। उन्होंने दिव्यांग छात्रों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए यह संकल्प लिया था। कहा कि सभी दिव्यांग जन उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज में के विभिन क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाएं। इस विश्वविधालय के राज्य विश्वविद्यालय होने पर सभी विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक गतिविधियां जल्द ही मिलेगी। उन्होंने कुलपति को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द विश्वविद्यालय में जिन आधुनिक पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं हो रहा है, उन समस्त पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएं। साथ ही इसके अंतर्गत आने वाले छात्रों को अच्छी शिक्षा और संस्कार भी दिए जाएं। कार्यक्रम में कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय, अवधेश प्रताप सिंह, रीवा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजकुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संचालन डॉ गोपाल मिश्र ने किया। इस अवसर विश्वविद्यालय के समस्त कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, प्राध्यापक, कर्मचारी सहित विद्यार्थी आदि मौजूद रहे। इसके बाद कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयोजित आनंद मेले का भी उद्घाटन किया।

# बृहस्पतिवार को होगा मानचित्र समाधान दिवस

**चित्रकूट**– अपर जिलाधिकारी न्यायिक व चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत के लिए प्राप्त भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के लिए प्राधिकरण द्वारा माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपरान्ह एक से पांच बजे तक कार्यालय में किया जायेगा। जिसमें दिसम्बर माह में पांच, 12, 19 व 26 तारीख को आयोजित होने वाले समाधान दिवस में सभी सम्बंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, सम्बंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार/आर्कीटेक्ट उपस्थित रहेगे। जिससे सम्बंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही सम्पन्न की जा सके।

# सामाजिक संस्था ने 22 वरिष्ठ दिव्यांगजनों को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सामाजिक संस्था दृष्टि द्वारा 22 वरिष्ठ दिव्यांगजनों का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ का एसडीएम न्यायिक मोहम्मद जसीम ने किया।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने कहा कि कहा कि दिव्यांग वरिष्ठों को सम्मानित कर उनके अन्दर नई उर्जा भरी गई है। दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने दिव्यांग जनों को स्वस्थ रहने की सलाह दी। संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा मंगलवार को 93 वर्षीय मुन्नी यादव, 88 वर्ष की भोलिया, 86 वर्ष के खुन्ना कोरी सहित 22 दिव्यांगों को सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में आर्थिक सशक्तिकरण प्रोग्राम के अन्तर्गत जरिहा गांव के अवधेश पटेल (दृष्टिबाधित) को आर्थिक सहायता दी गई। ताकि वह जीविकोपार्जन के लिए व्यवसाय शुरु कर सके। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय द्वारा दिव्यांगजनों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। साथ ही दिव्यांगजनों को ठंड के दृष्टिगत कम्बलों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में दृष्टि संस्था की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर समाजसेवी अभिमन्यु सिंह, सुषमा सिंह, बृजेश त्रिपाठी, अरूण गुप्ता, पी डी गुप्ता, विद्यालय के प्रबन्धक त्रिवेणी प्रसाद, प्रधानाचार्य वर्षा गुप्ता, अनूप गुप्ता, बसंती जीना, बसंत लाल, पंकज दुबे, रमा शुक्ला, गंगा देवी आदि मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय की कुलपति ने कार्यभार ग्रहण किया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति के रूप मे प्रो. शोभा गौर ने कार्यभार ग्रहण किया। कार्य सम्भालने के पूर्व प्रो. गौर ने मां विन्ध्यवासिनी के मंदिर में माथा टेका। उक्त अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव/ अपर आयुक्त विन्ध्याचल मंडल डॉ.विश्राम यादव, केबीपीजी कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक सिंह सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार का जोरदार विरोध



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे लक्षित अत्याचार के विरोध में हिंदू रक्षा समिति के आव्हान पर पर घंटाघर के मैदान में वृहत्त हिन्दू समाज द्वारा प्रदर्शन और सभा की गई जिसमें वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश पर दबाव बनाया जाए कि वो हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे वरना उसको सबक सिखाया जाए। सभा के पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया।

वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश का पूरा सभ्य समाज बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से उद्वेलित है जिसके अंतर्गत हिन्दुओं की सम्पत्ति लूटी जा रही है, उनपर हिंसक हमले हो रहे हैं, बेटियों का सम्मान लूटा जा रहा है तथा नौकरियों से त्यागपत्र लिए जा रहे हैं। वक्ताओं ने कथित मानवाधिकारवादियों, संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना सहित विश्व की सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की आलोचना की कि हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर सभी चुप बैठे हैं जो मानवता के साथ निश्चित ही विश्वासघात है। वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश को जाने वाले हर तरह के सामानों की आपूर्ति रोके तथा कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश को सबक सिखाये।

उक्त अवसर पर पूज्य संतों सहित सिक्ख, जैन, बौद्ध समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया द्य प्रमुख लोगों में विधायकगण रत्नाकर मिश्र, शुचिस्मिता मौर्य, अध्यक्ष नगरपालिका श्याम सुंदर केशरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारीगण अंग राज सिंह, प्रतोष कुमार, सच्चिदानंद तिवारी, विश्व हिन्दू परिषद के विद्या भूषण, माता सहाय मिश्र सहित बड़ी संख्या हर क्षेत्र और वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**बबेरू।** खेत की सिचाई करने के बाद पैदल घर आ रहे किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव निवासी 42 वर्षीय धनंजय सिंह पुत्र चद्रभूषण किसानी करता था। वह सोमवार की रात खेत की सिचाई करने के बाद पैदल घर आ रहा था। तभी घर के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो मे कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सूचना पाकर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल भी मौके पर पहुंच गए।

# लॉटरी से चुने गए अनुदान वाले कृषि यंत्रों के लाभार्थी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** दस हजार से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रो/कृषि रक्षा उपकरणों, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, रोटावेटर, थ्रेशिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि के लाभर्थियों का चयन कृषि विभाग के पोर्टल/वेब साईट पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डी.एल.ई.सी.) के समक्ष ई-लाटरी से करायी गयी। चयनित कृषकों एवं प्रतीक्षा सूची के कृषकों के मोबाइल पर तत्काल एसएमएस सन्देश प्राप्त हुआ।

समस्त योजनाओं में समस्त श्रेणी के कृषकों का ई-लाटरी कराये गए कृषि यंत्रों का विकास खंडवार लक्ष्य के अनुरूप रोटावेटर, पावर विडर, जीरोट्रिल सीड ड्रिल, पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर, सीएच.सी. ग्रामीण स्माल गोदाम, पैडी/मल्टीक्राप थ्रेसर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस.एम.एस., मानव रहित चेफकटर आदि के लाभार्थियों का चयन लाटरी से हुआ। ई-लाटरी में उपस्थित समस्त कृषक ई-लाटरी प्रक्रिया से संतुष्ट रहे तथा सफ़ल लाभार्थियों को अपनी शुभकामनाये देते हुए जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक कृषि उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया।

# आखिरी दिन भाजपा और कांग्रेस समेत 13 उम्मीदवारों ने कराया नामांकन

## बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष पद उप चुनाव में 16 उम्मीदवार दाखिल कर चुके हैं पर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बबेरू नगर पंचायत के उप चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस समेत 13 उम्मीदवारों ने तहसील पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा उम्मीदवार के साथ जनप्रतिनिधियों का हुजूम रहा जबकि कांग्रेस ने शांतिपूर्ण और सादगी के साथ नामांकन कराया। जनता दल युनाइटेड और आजाद समाज पार्टी समेत निर्दल उम्मीदवारों ने भी पर्चा दाखिल किया। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच किए जाने के बाद 6 दिसंबर को नाम वापसी होगी।

उप चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर अबकी बार कड़ी टक्कर होने के आसार नजर आ रहे हैं। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार डॉ. विवेकानंद गुप्ता ने तामझाम के साथ तहसील परिसर पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जगराम सिंह, विश्वेश्वर पांडेय, अजय सिंह पटेल, विजयपाल सिंह, विक्रम सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह, विनय तिवारी आदि समर्थक मौजूद रहे। इधर, कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रामनरेश मिश्रा ने सादगी के साथ नामांकन कराया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदुम्न कुमार दुबे, अखिलेश सिंह, साकेत बिहारी मिश्र, गजेन्द्र सिंह पटेल, आदित्य स्वरूप पांडेय, समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। आजाद समाज पार्टी से फूलचंद्र सोनी, जनता दल यूनाइटेड से शिवप्रकाश सिंह समेत निर्दलीय प्रत्याशी रामफल त्यागी, संतोष कुशवाहा, अवधेश कुमार, दुर्गेश सिंह, शिवप्रसाद, रवींद्र कुमार, अरुणेश कुमार गुप्ता, दीपिका, संतोष कुमार वर्मा सहित 13 उम्मीदवारों ने गर्मजोशी के साथ नामांकन दाखिल किया।

जबकि सोमवार को सपा सहित दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन कराया था। इस तरह से 16 उम्ममीदवारों ने नामांकन कराया। आरओ राजेश कुमार, एआरओ सुधीर, ललित कुमार ने बताया कि कुल 48 उम्मीदवारों ने पर्चे खरीदे थे। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और शुक्रवार 6 दिसंबर को नाम वापसी होगी। उसी दिन चुनाव निशान दिए जाएंगे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 17 दिसंबर मतदान और 19 दिसंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

नामांकन का सिलसिला खत्म होने के बाद चुनावी गलियारों में चर्चाओं का सिलसिला शुरू हो गया है।

इधर, अतर्रा में भाजपा, सपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं, जबकि चार निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं। बसपा ने कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है।

सपा की प्रत्याशी कांति देवी ने सोमवार को एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया था और मंगलवार को दोबारा एक और सेट दाखिल किया। कांग्रेस के संजय कुमार, भाजपा के अमित और निर्दलीय प्रत्याशियों में सुमन देवी, रामसिया, राम मनोहर, तथा चौबे प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ उत्साहपूर्वक नामांकन पत्र दाखिल करके प्रक्रिया पूरी की।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# जिलाधिकारी ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों की चेतना रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय परिसर से दिव्यांग बच्चों की चेतना रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने इस दौरान बच्चों को माला भी पहनायी। चेतना रैली शहीद उद्यान से चलकर अम्बेडकर चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए स्टेडियम में समाप्त हुई।

इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह तथा जिला समन्वयक शालिनी मिश्रा उपस्थित रही।

कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय डेरवा के प्रधानाध्यापक प्रभा शंकर पांडेय ने किया। इसके तत्पश्चात स्टेडियम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद के दिव्यांग बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, 100 मीटर दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली ,मेहंदी प्रतियोगिता, रस्साकसी, सुलेख आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई ,जिसमें जनपद के सैकड़ो दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। अंत में समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज दिव्यांग बच्चों ने इस प्रांगण में खेलकूद में व सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो गुणवत्ता पूर्वक कार्यक्रम प्रस्तुत कर यह संदेश दिया है कि हम सामान्य बच्चों से कम नहीं है।

वास्तव में इस पूरे ब्रह्मांड में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसके अंदर कोई विशेष गुण न हो, इन बच्चों के अंदर भी एक विशेष प्रतिभा है, जिसको निखारने की जिम्मेदारी हम सब की है। हम सब मिलकर इन बच्चों के विकास के लिए सर्वांगीण उन्नत के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। सभी बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज, क्रिकेट कोच आदित्य शुक्ला सहित पवन सिंह, हिमांशु मिश्रा ,सुप्रिया ,दीपशिखा, रामसूरत यादव ,मनीष पाठक, गिरीश, ज्योति आदि विशेष शिक्षक उपस्थित रहे।

## मारपीट व धमकी को लेकर पन्द्रह आरोपियों पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बछवल गांव निवासी अजय कुमार सरोज पुत्र हरिकेश सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीस नवंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे उसका भाई विजय कुमार सरोज व दीपक कुमार सरोज तथा चचेरा भाई बबलू सरोज गांव में एक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के संतलाल सरोज, राजकुमार सरोज व मोती लाल सरोज पुत्रगण रामसजीवन सरोज तथा फूलचंद्र पुत्र रामजोग व रामकरन सरोज पुत्र सोहन लाल सरोज ने दस अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसे जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से विजय, दीपक व बबलू लहूलुहान हो गये। शोरगुल सुनकर गांव के लोगों को आते देख आरोपीगण गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते भाग गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद पन्द्रह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आलोक प्रताप सिंह के निलम्बन को रद्द कराने की मांग को लेकर बैठक आहूत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** फीरोज गांधी कालेज शिक्षक संघ की आमसभा की बैठक मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आलोक प्रताप सिंह के विगत 5 माह से चल रहे निलम्बन को रद्द कराने की मांग को लेकर आहूत की गई।

बैठक में उपस्थित सभी साथी शिक्षकों ने डॉ. आलोक प्रताप सिंह के निलम्बन को तत्काल रद्द करने तथा उन्हें ससम्मान बहाल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। यदि लगातार शिक्षक संघ की मांग को दरकिनार किया गया तो कल दिनांक 04.12.2024 से प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 3 बजे तक महाविद्यालय के शिक्षक साथी महाविद्यालय के प्रांगण में क्रमिक अनशन प्रारंभ करेंगे। इस दौरान शिक्षक गण शिक्षण कार्य करते हुए न्यूनतम 05 शिक्षकों की संख्या में धरना करेंगे। यदि डॉ आलोक प्रताप सिंह को शीघ्र बहाल नहीं किया गया तो दिनांक 09.12.2024 से क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में परिवर्तित करते हुए पूरी तरह से शिक्षण कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।

आमसभा में महाविद्यालय से जुड़े हुए अन्य विषयों की चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. अरुष कुमार ने की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. शामिनी श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बीएमपीएस में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद स्पर्धा-2024 का समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,रायबरेली।** नगर के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा 2024 के दूसरे दिन विशिष्ट अतिथि अजय सिंह चंदेल ने बच्चों को उत्साहित करते हुए कहा खेल एक नैसर्गिक प्रतिभा है,इससे जीवन जीने की कला का विकास होता है, इसलिए पूरे मनोवेग से खेलों में प्रतिभाग करना चाहिए। खेलों से अनुशासन और नियम बद्धता का विकास होता है।उन्होंने खेल आयोजन के लिए बीएमपीएस प्रबंधन की भूरि- भूरि प्रशंसा भी की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित एम एल साहू ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा खेलों जीवन के हर क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान है इसलिए विद्यार्थी जीवन में खेलों की महत्ता को समझना अति आवश्यक होता है। बीएमपीएस परिवार की ओर से प्रबंधक शांतनु सिंह व प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने विशिष्ट सदस्य अजय सिंह चंदेल एवं विशिष्ट सदस्य एम.एल.साहू को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया।इस अवसर पर कक्षा-6 से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई।विद्यालय के विभिन्न ग्रुपों में आयोजित 100मीटर,200मीटर, 400मीटर बालक-बालिका की रेस,400 मीटर बालक-बालिका बाधा दौड़,बालक-बालिका लांग जंप,डिस्कस थ्रो,गोला फेंक, भाला फेंक,रिले रेस आदि विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने ग्रुप को शीर्ष पर बनाए रखने का भरसक प्रयास किया।विक्रमशिला के खिलाड़ी-232 अंक लेकर प्रथम स्थान पर, तक्षशिला के खिलाड़ी-199 अंक लेकर दूसरे स्थान पर,नालंदा के खिलाड़ी-195 अंक के साथ तीसरे नंबर पर,वल्लभी के खिलाड़ी-158 अंक लेकर चौथे नंबर पर रहे।

प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।समापन पर प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने ग्रुप को शीर्ष पर बनाए रखने का भरसक प्रयत्न किया। इस अवसर पर कक्षा-6 से कक्षा-12 के समस्त बच्चे व अध्यापक-अध्यापिकाएं व बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे।निर्णायक की भूमिका में खेल शिक्षक संतलाल,बी.एन.यादव, सूर्यकांत सहित विष्णु सिंह, सीमा सिंह,बुधराज,ममता सिंह, एम.पी.सिंह,श्रवण तिवारी, शिरीष तिवारी,विनय श्रीवास्तव,अर्चना सिंह,प्रीति श्रीवास्तव,नेहा सैनी,मनीष द्विवेदी,मनोज गुप्ता,प्रियम मिश्रा,रोहित त्रिवेदी,प्रदीप सिंह, वैभव शुक्ला,संदीप सिंह, रवींद्र सिंह,प्रशांत दुबे, निधि सिंह, तुषार मिश्रा,अजय कुमार तिवारी,संगीत सिंह,रजनी सोनी,अंजली गुप्ता,नीरज सिंह, अविनाश साहू,अतुलित मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा।यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव ने दी।

## तीन जनवरी तक बच्चों को विटामिन ए की पिलाई जायेगी दवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक की आयु के बच्चों को चार दिसम्बर से तीन जनवरी 2025 तक विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नवीन चंद्रा ने बताया कि विटामिन ए की दवा बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इसके साथ ही वह उन्हें कुपोषण, रतौंधी , अंधापन, डायरिया और निमोनिया से भी बचाती है। जनपद के नौ माह से पांच साल तक के कुल 3,25 लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है जिसमें नौ से 12 माह के 37,056, एक से दो साल के 70,114 और दो से पांच साल तक के कुल 2,17,411 बच्चे हैं।जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस.अस्थाना ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला महिला अस्पताल स्थित पोस्टपार्टम केयर सेंटर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी व तथा ब्लाक में सीएचसी व टीकाकरण सत्र स्थलों पर गणमान्य व्यक्ति द्वारा किया जायेगा। यह कार्यक्रम साल में दो बार जून और दिसम्बर में चलाया जाता है। विटामिन ए की कमी से रतौंधी, आँखों के पानी और अधिक गंभीर स्थिति में आँखों की रौशनी भी चली जाती है। इसकी कमी कुपोषण की एक स्थिति है। विटामिन ए की कमी से प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है जिससे कि डायरिया, निमोनिया और अन्य गंभीर बिमारियों से संक्रमण की सम्भावना बढ़ जाती है। छह माह तक के बच्चों को केवल स्तनपान और नियमति टीकाकरण करना चाहिए। बच्चे को विटामिन ए की पहली खुराक खसरे के टीके के साथ देनी चाहिये। इसके बाद पांच साल तक हर छह-छह माह में विटामिन ए की दवा निकटतम स्वास्थ्य इकाई पर जाकर पिलाना चाहिए।विटामिन ए पीले, नारंगी और हरी सब्जियों और फलों में पाया जाता है। इसलिए स्वयं भी इसका सेवन करें और बच्चों को कराना सुनिश्चित करें।

## बूथ समिति और मंडल अध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा की कार्यशाला हुई संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** जिला चुनाव अधिकारी राकेश मिश्रा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की रायबरेली की बूथ समितियो और मंडल अध्यक्ष के चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव निष्पक्ष ढंग से संपन्न करने के लिए अटल भवन में संगठन पर्व की जिला कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें बोलते हुए बतौर मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा ने कहा कि संगठन के चुनाव कराने के लिए जो भी चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं वे निष्पक्षता पूर्वक चुनाव संपन्न कराये। उन्होंने यह भी कहा कि बूथ समिति और मंडल अध्यक्ष चुनाव के लिए 75 फीसदी बूथ अध्यक्ष के चुनाव हो जाने चाहिए और 50 फीसदी बूथ समितियो का गठन आवश्यक है अन्यथा मंडल अध्यक्ष का चुनाव नहीं होगा। मंडल अध्यक्ष चुनाव के लिए 13 और 14 दिसंबर की तिथियां तय हुई हैं जिनमें चुनाव अधिकारी मंडलों में जाकर अध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रक्रिया पूरी करेंगे। जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा



ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि बूथ लेवल कमेटी और बूथ अध्यक्ष का चुनाव हर हाल में करा लिया जाए और जहा पर अभी सक्रिय कार्यकर्ता कम है, वहां पर हर हाल में एक बूथ के हिसाब से दो सक्रिय कार्यकर्ता बनाया जाए। महिला और अनुसूचित जाति के सक्रिय कार्यकर्ता होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने संगठन पर्व के काम में लगे कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि रायबरेली जनपद इस काम में भी आगे रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जन्मेजय सिंह ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी,भाजपा नेत्री किरन सिंह ,विधायक अशोक कोरी,जय तलरेजा, अजय त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, विजय सिंह टप्पू, विवेक शुक्ला ,सुशील शुक्ला, दिनेशत्रिपाठी,भगवत किशोर सिंह ,वीरेंद्र सिंह ,आनंद त्रिपाठी, जेपी सिंह ,उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी ,मनोज अवस्थी, दिवाकर मिश्रा ,महेंद्र पटेल शिवराम सिंह, शिवेंद्र सिंह ,राधेश्याम पाल आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर का किया औचक निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर सलोन का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने चल रही कक्षाओं का अवलोकन किया। तदोपरांत पठन-पाठन ,पुस्तकालय, छात्रावास, खानपान, प्रयोगशाला व सुरक्षा आदि संबंधी मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों से शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर का भ्रमण कर गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य कार्यालय में समस्त स्टाफसे छात्राओं को संस्थान द्वारा दी जाने वाली सुविधाओ की जानकरी लेते हुए स्टाफकी उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल-कूद मैदान सहित पूरे परिसर में साफसफाई नियमित रूप से कराई जाए।

## चौहान गुट ने मृतका का एक ही दिन में मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर परिजनों को दिया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सोमवार को पंजाब की लड़की का मृत्यु प्रमाण पत्र ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाधिकारी महोदय से निवेदन करके कि इनकी लड़की की मृत्यु हो गई है, जिसके पोस्टमार्टम भी हुआ है और ये यहां गौरा बाजार पीएसी कॉलोनी में निमंत्रण में आई थी जहां पर किसी कारण से मृत्यु हो गई। जिसको लेकर जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। इस पर अस्पताल से न मिलने पर नगर पालिका रायबरेली के अंतर्गत एडीएम प्रशासन महोदय के सौजन्य से 4 घंटे के अंदर नगर पालिका रायबरेली द्वारा जी सी सिंह चौहान ने मृत्यु प्रमाण पत्र लड़की के पति व पिता को देकर पंजाब के लिए रवाना किया गया। ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट हमेशा लावारिस शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार, व्यापारियों के हित में सदैव तत्पर, जरूरतमंदों और बेसहारा की मदद करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान, सरदार अवतार सिंह मोंगा, मो0 उमर, राजेश सिंह, भगवानदीन, आशीष, चित्रेश, एसके सोनी, इम्तियाज खान, वसीम खान आदि मौजूद रहे।

## डेंगू से हुई किशोरी की मौत,जनप्रतिनिधियों ने व्यक्त की शोक संवेदना

**महराजगंज रायबरेली।** सर्दी के मौसम में डेंगू ने अपने पांव पसारना शुरू कर दिया है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। एक ऐसा ही मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा महराजगंज में देखने को मिला। जहां बीते एक सप्ताह से डेंगू बुखार और पीलिया की चपेट में आने से एक नाबालिक किशोरी का उपचार रायबरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था, जिसकी मंगलवार तड़के करीब 3:00 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। जैसे ही मौत की खबर यहां कस्बे वासियों को हुई वैसे ही पूरे कस्बे में मातम पसर गया। आपको बता दे कि, निजी अस्पताल से मिली रिपोर्ट के मुताबिक नाबालिक किशोरी की मौत का कारण डेंगू बुखार और पीलिया बताया गया है। महराजगंज कस्बे के वार्ड नंबर 5 वारसी नगर की रहने वाली शैला (15) पुत्री मोहम्मद बसीर को एक सप्ताह पूर्व बुखार हुआ था। परिजनों ने रायबरेली शहर के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करवाया, लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ। जांच के बाद डेंगू और टाइफाइड की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान मंगलवार की तड़के 3:00 बजे शैला की मौत हो गई। महराजगंज कस्बे में इससे पहले भी डेंगू से एक और मौत हुई है। मच्छर द्वारा काटे जाने के करीब 3-5 दिन बाद मरीज में डेंगू के लक्षण दिखने लगते हैं शरीर में बीमारी पनपने लगती है। उधर मोहम्मद बशीर की पुत्री के निधन की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली वैसे ही उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, चेयरमैन पति व भाजपा नेता प्रभात साहू, सपा नेता सुधीर साहू, भाजपा नेता पवन साहू, चेयरमैन सरला साहू, सभासद मुश्ताक रायनी, युवा नेता अली अमजद, पप्पन कुरैशी, बाबू मुस्तकीम, शाहेजमन, मोहम्मद फारूख, बाबू, मोहम्मद शाहिद, शमशाद, फिरोज अहमद, अंकुर जायसवाल, अंकुर गुप्ता, जमुना पासवान, बेदू साहू, नूरुल हसन, रामकुमार यादव, पूर्व सभासद विजय धीमान समेत बड़ी तादात में लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफहो रहे अत्याचार के विरोध में जन आक्रोश प्रदर्शन में उमड़ी हजारों की भीड़

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदूओ के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में जन आक्रोश विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर बांग्लादेश के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया। विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में कार्यकर्ता और हिंदू जनमानस जीआईसी ग्राउंड में एकत्रित हुआ और पैदल मार्च करते हुए डिग्री कॉलेज चौराहे पर पहुंचा जहां विरोध प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी ने कहा कि बांग्लादेश में जब से शेख हसीना की सरकार का पतन हुआ है



और कट्टरपंथी यूनुस की सरकार बनी है। लगातार हिंदुओं के खिलाफ उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं। हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है, हिंदू महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं। हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदुओं के व्यापार को लूटा जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोका जाए और जो भी कार्यवाही संभव हो की जाए अन्यथा हिंदुस्तान का हिंदू जनमानस चुप नहीं रहेगा। हर हिंदू की यही पुकार बंद हो हिंदुओं पर अत्याचार,हिंदू नरसंहार बंद करो बंद करो के नारों से रायबरेली की गलियां गूंज उठी। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी सरकार से आग्रह किया कि हिंदुओं की हर हाल में बांग्लादेश में रक्षा की जाए और वहां पर मानवाधिकारों का जो हनन हो रहा है ,उसे रोका जाए।

वक्ताओं ने भारत की अन्य राजनीतिक पार्टियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोग संभल जा रहे हैं लेकिन बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के बाबत उनकी बोलती बंद है।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक राहुल, जिला प्रचारक आशुतोष, बृजेश, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री विवेक,सह प्रांत कार्यवाह संजय, हरिश्चंद्र शर्मा, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, अनंत बाजपेई, देवेंद्र सिंह, दिलीप यादव ,भगवत किशोर सिंह, विवेक शुक्ला, सुशील शुक्ला , अजय बाबू पांडे, नीरज बाजपेई,उमेश सिंह, जेपी सिंह, चंदन त्रिवेदी ,गणेश शंकर दीक्षित ,नीरज सिंह, निर्भय सिंह धर्मेंद्र सिंह, हनुमान सिंह, राम सुमेर लोधी ,संदीप शुक्ला, त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, शिवराम सिंह ,वीरेंद्र सिंह,महेंद्र पटेल, अभय राज सिंह, राहुल सिंह आदि हजारों जनमानस मौजूद रहा।

# तिलक भवन में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा.राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती के अवसर पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने तिलक भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने डा.राजेन्द्र प्रसाद जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि राजेन्द्र प्रसाद जी का जीवन सरल व निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण था, राष्ट्रपति के तौर पर उन्होंने कभी भी अपने संवैधानिक अधिकारों में किसी का हस्ताक्षेप



स्वीकार नहीं किया और स्वतंत्र रूप से कार्य करते रहे। ष्शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि बाबू राजेन्द्र प्रसाद जी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों के प्रबल सर्मथक थे, उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गांधीवादी नेता के तौर गुजारा। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बाबू जी के नाम से प्रसिद्ध डा.राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्मदिन अधिवक्ता दिवस के रुप में मनाया गया, इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, लीगल सेल अध्यक्ष अम्बरीश बाजपेई एवं कांग्रेसजनों ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अंग वस्त्र व फूल-माला पहनाकर सम्मान किया, जिसमें प्रमुख रुप से शशिकांत पाण्डेय, प्रेमशंकर यादव, एम.ए.फारूकी के साथ ही अधिवक्ता कमलाशंकर त्रिपाठी, पी.एल.पाल, श्रीराम वर्मा के निवास पर जाकर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने सभी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया और संविधान की रक्षा के लिए आगे आने का निवेदन किया। इस अवसर पर विजयशंकर अग्निहोत्री, हाजी इलियास, राजकुमार दीक्षित, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार मिश्रा, घनश्याम शुक्ला, कामता नाथ सिंह, सूर्य कुमार बाजपेई, सर्वोत्तम कुमार मिश्रा, लालआशकिरन प्रताप सिंह, मो.शकील उर्फ मुन्ना घोसी, आशीष द्विवेदी, संजीव शुक्ला, प्रमोद पाण्डेय, हाजी उस्मान, मनोज मिश्रा, अमित मिश्रा, अंकुर सिंह चौधरी, मो.मुश्ताक सिंह उपस्थित रहें।

# ग्रामीण बाजारों में शीघ्र लगेंगी सोलर स्ट्रीट लाइटें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत ग्रामीण बाजारों में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन हेतु बाजारों के चयन से संबंधित आवश्यक बैठक का आयोजन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक यूपीनेडा से इस योजना से संबंधित अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। परियोजना निदेशक ने बताया कि पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत जनपद के सभी



विधानसभा क्षेत्र में समस्त विकास खंडों से एक या दो मुख्य बाजारो में प्राथमिकता पर मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के चयनित ग्रामों में ग्रामीण बाजारों का चयन करते हुए 139 अदद सोलर लाइट अधिष्ठापित की जाएगी। परियोजना निदेशक ने बताया कि अभी तक 204 ग्रामीण बाजारों का प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। जिलाधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारियों सहित डीपीआरओ को निर्देशित किया कि योजना को धरातल पर शीघ्र लागू कराया जाए। जिससे की योजना का लाभ जन सामान्य को मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकमित्र
कौशाम्बी, बुधवार, 4 दिसम्बर 2024



# डिवाइडर से टकराकर कार पलटी एक की मौत चार की हालत नाजुक

## विंध्याचल शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे कार सवार युवक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के हाईवे पर अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिसमें एक की मौके पर मौत हो गयी और चार लोग गम्भीर रूप से चोटिल हो गए। यह लोग नैनी और झूंसी के थे जो एक कार से विंध्याचल किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने शहर के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार हादसा बीती देर रात का है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नैनी और झूँसी थाना क्षेत्र से पांच युवक शिफ्ट डिजायर कार में सवार होकर मिर्जापुर जिले के विंध्याचल शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। कार सवार मेजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग (76) के उरूवा गांव के समीप पहुंचे थे उसी वक्त तेज रफ्तार कार



अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सड़क किनारे पुलिया से जा भिड़ी।रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।कार सवार समीर (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शशि शर्मा, शिवम यादव, उमेश और पार्थ की हालत गम्भीर बतायी गयी। लोगों की सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए, घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर इलाज के लिए ले गए, जहां घायलों की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों की माने तो पांचो युवक शराब के नशे में धुत थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।डिवाइडर के समीप सांकेतिक चिन्ह ना होने के चलते अक्सर इस तरह की घटना देखी जाती है।

## पिपराव गांव की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, आवागमन में असुविधा

**नैनी( प्रयागराज)।** नैनी क्षेत्र के रामपुर चौराहे से पिपराव गांव की तरफ जाने वाली सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस गड्ढे युक्त सड़क पर लोगों को आने- जाने में काफी असुविधा महसूस हो रही है। और विभागीय अधिकारी बेखबर बने हुए है।बताया जाता है, कि रामपुर चौराहे से पिपराव गांव की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। डामर का तो कहीं अता-पता नहीं रह गया है। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालकों का तो चलना दूर रहा, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।मालूम हो, कि इसी सड़क से होकर पिपराव गांव के अलावा कई जगहों के लोगों का आना जाना बराबर बना रहता है। इस सड़क पर निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों के घरों का पानी सड़कों पर बहता रहता है। जिससे इस सड़क की दशा दिनों दिन खराब होती चली जा रही है।

इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित अधिकारियों को कई बार दी गई, बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## लेड़ियारी में आसान नहीं होगा जल संरक्षण तालाबों पर कब्जा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** जल ही जीवन है। जल है तो पर्यावरण है। पर्यावरण है तो धरती है। और धरती है तो कल है। यह चारों स्लीगन अपने दामन में संसार समेटे है। जल संरक्षित करने के लिए कस्बा के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तालाब मौजूद है। जिम्मेदारों की मेहरबानी पर कुछ ही तालाब जीवित है। बाकी तालाबों पर खेती किसानी और इमारत खड़ी हो गई है। ऐसी परिस्थिति में घटते भू - जल को आखिर कैसे बचाया जा सकेगा। उदाहरण यह आलम है कि पूर्वजों का धरोहर को भी संभालना मुश्किल हो गया है। सगरा तालाब में कूड़ां कचरा डालकर भवन निर्माण कार्य कराया है। लेड़ियारी बाजार 7 तालाब है। नीबी तीन, किहुंनी कला दो, किहुंनी खुर्द दो, डीही खुर्द दो, पथरपुर में एक, धोबहट मे दो, कैथवल एक, कोलसरा में दो उसरी, गोदहा, पवांरी, में एक - एक देईबांध दो बहरैचा दो तालाब अभिलेख में दर्ज है। अधिकांश तालाब की अस्तित्व विहिन है। 10 तालाब को जीवित बताया जा रहा है। वहां भी कुछ भाग पर कब्जा कर समेट दिया है। जल ही जीवन है। यदि आधार बनाकर



कोई जल संरक्षण पर काम करने का मन बनाए तो आखिर कहा बनाएं। गर्मी में पशु - पक्षी, पेड़, पौधे और मनुष्यों का बगैर पानी जिंदा रहना नामुमकिन है। चंद ही ऐसे हैं। जिसमे पानी भरा होता है। कस्बा के काली जी मंदिर के ठीक सामने नीबी के लोग आकर मिट् टी से पाटकर भवन निर्माण कार्य कराया। वहीं पूर्वी हिस्से का अंश पर मकान बन गए। जबकि 44 बीघे का तालाब शेष एक बीघे बचा है। सगरा तालाब अपनी उदासीनता पर मातम कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी तालाब कब्जा युक्त है। तो सगरा तालाब की साफ-सफाई कराने के बाद उसी जल संरक्षण के लिए सजाया संवारा जा सकता है।
ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने बताया कि अभी तालाब के लिए कोई मद नहीं आया है। जैसे कि वजट पास होने पर इसकी कायाकल्प बदल जाएगा।

इस संबंध में कोरांव विकास खंड अधिकारी मनोज कुमार सिंह को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं की।

## शास्त्री पुल से त्रिवेणीपुरम गेट तक लगा जाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** महाकुंभ मेला के वृहद तैयारियों के कारण झूंसी से लेकर शहर तक युद्ध स्तर पर सड़क निर्माण, ओवरब्रिज निर्माण,रेलिंग, पेंटिंग के साथ अन्य कार्यों को कार्यवान्वित किया जा रहा है जिसके कारण शहर में लग रहे भीषण जाम से निजात दिलाने के शास्त्री पुल से निजी बड़ी गाड़ियों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है किन्तु बस, ट्रक चालक इधर उधर से घुसकर पुल पार जाने का प्रयास करते रहते है जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

ट्रैफिक पुलिस मंगलवार सुबह तकरीबन 10 बजे निजी बड़ी वाहनों को रोककर शास्त्री पुल के पास से सभी गाड़ियों को घुमाकर वापस अन्दावा भेज रहे थे जिसके कारण पुल से त्रिवेणीपुरम तक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गया। शास्त्री पुल से झूंसी तक जाम लगने से आवागमन में के लिए जा रहे चारा पहिया, दो पहिया वाहनों के चक्के थम गए। झूंसी से शहर कामकाज के सिलसिले में जाने वाले लोग 9 बजे निकलना शुरू करते है जिससे लगभग 2 घंटे सड़क पूरी तरह वाहनों से लबरेज रहता है जिसके कारण थोड़ी रुकावट उत्पन्न होने पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाता है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची यातायात पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद जाम से निजात दिलाकर लोगों को राहत पहुंचाया।

## प्रधान की पिटाई करने वाले के खिलाफ हो कार्यवाही- रामबाबू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव।** उतराव थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में प्रधान को दबंगों ने आपसी कहासुनी में पिटाई कर दी थी।मारपीट में प्रधान को चोटे आई हैं। जिसको लेकर प्रधान संघ लामबंद हो गए। वहीं मंगलवार को दर्जनों की संख्या में थाने पर प्रधान पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।रानियां डीह निवासी फलराज जो गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान है। वहीं ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी लग रही है। जिसमें बोर भी हो चुका है। टंकी के निर्माण के लिए कंपनी की जेसीबी कार्य करने के लिए आई थी। अधिकारियों के बुलाने पर जहां ग्राम प्रधान भी पहुंच गए। वहीं इतने में दबंग लोग पहुंचकर निर्माण कार्य का विरोध करते हुए ग्राम प्रधान से आपसी कहा सुनी कर लिए। देखते-देखते दबंगों ने ग्राम प्रधान की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में ग्राम प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आसपास के लोग पहुंच कर बीच बचाव किये तो प्रधान की जान बची। ग्राम प्रधान ने स्थानीय थाने में दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष से भी तहरीर दी गई थी। ग्राम प्रधान के पिटाई के मामले में प्रधान संघ लामबंद हो गया। वहीं मंगलवार को प्रधान संघ के अध्यक्ष रामबाबू सिंह पटेल की अगुवाई में संघ के रामदीन प्रधान,सुभाष बिंद,सीता राम पटेल,अखिलेश कुमार,जितेन्द्र यादव,दिनेश बिंद,राज पति पटेल,विनोद यादव,राम चंद पासी आदि प्रधान थाने पर पहुंचकर आरोपियों को खिलाफ लिखित रूप से तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की। प्रधानसंघ अध्यक्ष रामबाबू पटेल ने कहा कि यदि कानूनी कार्यवाही नहीं हुई तो उच्च अधिकारियों से मिलकर गुहार लगाया जायेगा।

## आवारा मवेशियों के चलते दुर्घटना की संभावनाएं बढी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी( प्रयागराज )।** नगर निगम पशुधन अधिकारियों की निष्क्रियता एवं लापरवाही के चलते नैनी क्षेत्र मैं आवारा किस्म के मवेशियों की भरमार हो गई है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है।बताया जाता है, कि नैनी क्षेत्र के न्यू सब्जी मंडी, कॉटन मिल तिराहा, ए.डी.ए मोड, बिनोवा नगर, त्रिवेणी नगर, पी.ए.सी कॉलोनी, चकभटाई, नई बाजार, शंकर ढाल, मेवालाल की बगिया तिराहा, हनुमान नगर, महरा का पूरा, काजीपुर, चकदाउद नगर, सी.ओ.डी रोड, सरगम तिराहा आदि जगहों पर आवारा किस्म की मवेशियों की भरमार हो गई है। यह मवेशी झुंड बनाकर सड़कों पर बैठे रहते हैं। जिसके चलते आए दिन दुर्घटना होने की संभावनाए बनी रहती है। कभी-कभी तो यह जानवर सड़क पर लड़ने लगते हैं। देखने वालों का मजमा लग जाता है। ऐसी स्थिति में लोगों को अपनी बचाव हेतु इधर-उधर भागना पड़ता है।

## छोटा चाका मे गंदगी का अम्बार, अधिकारी बेपरवाह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी ( प्रयागराज )।** क्षेत्र के छोटा चाका गांव में विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है, कि छोटा चाका गांव रेलवे लाइन के किनारे बसा हुआ है। इस गांव में जाने के लिए विगत कई सालों से सड़क निर्माण नही कराया गया। केवल खड़ंजा बिछाया गया। जो इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। इस गांव में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से बजबजा रही है। नालियां पूरी तरीके से कूड़ा करकट से पट चुका है। गांव में सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है। सफाई के अभाव में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है। लोगों को शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है। गांव वालों का कहना है, कि इस गांव में विगत कई साल पहले जल निगम विभाग द्वारा जो भी हैंडपंप लगाए गए थे। वह मरम्मत के अभाव में मात्र शो पीस बनकर खड़े हैं। इस गांव में बिजली की व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। बिजली कब आएगी, और कब जाएगी, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि इस गांव में रीवा रोड मामा भांजे का तालाब पावर हाउस से बिजली की सप्लाई की जाती है। पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी तानाशाही रवैया के चलते आए दिन बिजली काट दी जाती है। बिजली कटने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। बिजली के खंभों पर खींचे गए तार काफी जर्जर हो चुके हैं, जो आए दिन टूट कर जमीन पर गिर जाते हैं। विगत दो साल से यह गांव नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने के बावजूद कोई विकास कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों ने एक बातचीत में बताया, कि जब सफाई से संबंधित नगर निगम के अधिकारियों से बात किया जाता है, तो उनके द्वारा महीने में सिर्फ एक बार सफाई करा दिया जाता है। उसके बाद यह गांव सफाई के लिए इंतजार करता रहता है।

## मेजा ऊर्जा निगम ने घोषित किया चालू वित्तीय वर्ष के लिए अंतरिम लाभांश

### संस्थान ने पेश की सीईओ सोनी की उपलब्धियां

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** देश की महारत्न पावर कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा समान रूप से संचालित मेजा ऊर्जा निगम एक संयुक्त उद्यम है।कम्पनी ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए पहला अंतरिम लाभांश घोषित किया है।
मेजा ऊर्जा निगम के निदेशक मंडल ने 10 रुपये के प्रत्येक सामान्य शेयर पर 0.96 रुपये का अंतरिम लाभांश भुगतान करने की मंजूरी दी है, जो कुल मिलाकर 350 करोड़ रुपये का होगा।मेजा ऊर्जा निगम के सीईओ कमलेश सोनी ने बताया कि मेजा तापीय विद्युत परियोजना (MTPP) के स्टेज की 660×2 = 1320 MW क्षमता पहले ही व्यावसायिक संचालन में है और कंपनी महत्वपूर्ण क्षमता वृद्धि की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है, जिसमें 5600 रूङ्ख का समावेश है।

श्री सोनी सीईओ मेजा ऊर्जा निगम से स्थानांतरित होकर एनटीपीसी लिमिटेड के पश्चिमी क्षेत्र-I




मुख्यालय, मुंबई में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार संभालेंगे उंन्होने कंपनी की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि, अपने संचालन और वित्तीय प्रदर्शन के साथ-साथ, मेजा ऊर्जा निगम ने हमेशा दीर्घकालिक स्थिरता और पर्यावरणीय देखभाल को प्राथमिकता दी है।अपने स्थिरता प्रयासों के तहत, मेजा ऊर्जा निगम ने हाल ही में अपने परियोजना क्षेत्र के अंदर एक ऐश ब्रिक प्लांट की शुरुआत की, जो लगभग 12 लाख पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल ऐश ब्रिक्स का वार्षिक उत्पादन करेगा, ताकि संयंत्र की इन-हाउस आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इसके अलावा, कंपनी ने रेलवे रेक्स के माध्यम से ऐश परिवहन प्रणाली भी शुरू की है, जो ऐश उपयोग के लिए नियामक मानदंडों का पालन सुनिश्चित करता है।
श्री सोनी ने साझा किया कि कई अन्य पहलों को लागू किया गया है जो मेजा ऊर्जा निगम की निरंतर वृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करेंगे, जिनमें उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके कुशल ऊर्जा उत्पादन, और कंपनी के संचालन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाएँ शामिल हैं। ये प्रयास मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं, जो नियामक आवश्यकताओं और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ मेल खाती है, और कंपनी और क्षेत्र के लिए एक स्वच्छ और अधिक सतत भविष्य सुनिश्चित करती है।

## छात्र की हत्या करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव।** उतराव पुलिस ने शैलेश यादव हत्या के राज का पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। हत्या में शामिल नाबालिक प्रेमिका के पिता व फुफेरे चाचा व नाबालिक प्रेमिका यानी कक्षा 9 की छात्रा जेल के सलाखों के पीछे गई। पुलिस ने तीनों को न्यायालय के लिए चालान कर दिया। 30 नवंबर को सराय इस्माइल लाला का पूरा गांव निवासी शैलेश यादव का घर से 200 मीटर दूरी पर तालाब के पास खेत में खून से लथफथ लाश मिली थी। जिसमें पुलिस ने शव के पास से ही एक जोड़ी चप्पल एक कीपैड मोबाइल व एक फरसी बरामद किया था। पुलिस ने मोबाइल के जरिए वैज्ञानिक एविडेंस बयान साक्ष्य कैफ के आधार पर आरोपियों तक पहुंच गई। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने प्रेमिका के पिता व उसके फुफेरे चाचा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो तोते की तरह कहानी रट दिया। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी हैदर पुत्र मुनव्वर व उसके बुआ का लड़का चांद बाबू पुत्र गुड्डू



दोनों मिलकर शैलेश यादव की निर्मम हत्या की थी। पूछताछ में पुलिस को बताया कि 30 नवंबर शाम को काल्पनिक नाम रहनुमा अपने प्रेमी से मिलने के लिए तालाब के पास खेत में गई थी। जहां चाद बाबू को इस बात की भनक लग गई। वहीं वह फौरन हैदर को बताया दोनों गुस्से में फारसी लेकर उसकी हत्या के उद्देश्य से चल दिए।मौके पर दोनों आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए जहां शैलेश यादव ठंड का हूडी ऊनी वस्त्र पहना हुआ था। जिसमें गले के पास रस्सी लगी हुई थी। चांद बाबू ने रस्सी को पकड़कर गर्दन में कस के बाध दिया। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया बेहोश होने के बाद हैदर ने फरसी से शैलेश यादव के सिर पर कई बार वार किया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात देने के बाद वहां से हैदर भागने लगा तो उसकी कीपैड मोबाइल व चप्पल छूट गई। डर बस वह फरसी भी फेक कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को मोतिहा पब्लिक इंटर कॉलेज स्कूल के पास से गिरफ्तार कर आरोपियों का न्यायालय के लिए चालान कर दिया।घटना में प्रयुक्त आला कत्ल फरसी भी पुलिस ने बरामद किया।

## बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं लोग

**नैनी ( प्रयागराज )।** क्षेत्र के बरामार गांव में बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोगों को नारकीय जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। और विभागीय अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं।
बताया जाता है, कि बरामार गांव करमा रोड पर बसा हुआ है। इस गांव में जाने के लिए विगत कई साल पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर के यह गड्ढे धीरे धीरे खाई के रूप में तब्दील हो गया है। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर जलभराव होने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। गांव में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से बजबजा रही है। नालियां पूरी तरीके से कूड़ा करकट से पट चुका है। गांव में सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। सफाई कर्मियों का कहीं भी अता पता नहीं रहता है। जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है। लोगों को शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है। गांव में विगत कई साल पहले जो भी हैंडपंप लगाए गए थे। वह मरम्मत के अभाव में खराब हो गए हैं। वह मात्र शोपीस बनकर खड़े हैं। गांव में बिजली की व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। बिजली कब आएगी, और कब जाएगी, इसका अंदाजा लगा पाना



मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है, कि इस गांव में टीएसएल पावर हाउस से बिजली की सप्लाई की जाती है। पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी तानाशाही रवैया के चलते आए दिन बिजली नदारद रहती है। रात में बिजली कटौती किए जाने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते लोगों को नींद हराम हो जाती है। बिजली के खंभों पर खींचे गए तार काफी जर्जर हो चुके हैं, जो आए दिन टूट कर गिर जाते हैं। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। इस गांव में जल निगम ट्यूबवेल के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। जल निगम कर्मियों की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ता है।

## वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम पर परिचर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** इफको फूलपुर के परिसर में केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग, प्रयागराज द्वारा वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं उनके अनुपालन में आ रही चुनौतियों पर एक परिचर्चा का आयोजन किय गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए आयुक्त, केन्द्रीय वस्तु, एवं सेवा कर, विजय कुमार सिंह, भाऱ राऱ से, ने इफको के प्रबंध निदेशक डा0 उदय शंकर अवस्थी को अंर्तराष्ट्रीय सहकारिता समिति, आई. सी. ए., की ओर से रोशडेल पायनियर्स पुरस्कार से सम्मानित होने पर इफको फूलपुर के सभी अधिकारियों एंव कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डा0 अवस्थी के नेतृत्व में नैनो उर्वरकों को जो आंदोलन चल रहा है वह शीघ्र ही सफलता के शीर्ष पर होगा। अपने विभाग की ओर से उन्होंने इफको को पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संतोष कुमार सिंह संयुक्त महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), इफको फूलपुर ने गुलदस्ता देकर एवं शाल पहनाकर आयुक्त का स्वागत किया। कार्यक्रम के पश्चात् आयुक्त सहित केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग, प्रयागराज की पूरी टीम ने




इफको फूलपुर स्थित नैनों संयंत्र का भ्रमण किया। यहाँ टीम का स्वागत अरूण कुमार, संयुक्त महाप्रबन्धक (नैनो) ने किया। इसके पश्चात् सभी अतिथि कोरडेट गये, जहाँ डा0 हरिश्चंद्र, प्राचार्य कोरडेट, ने आयुक्त की अगवानी की। आयुक्त ने स्वयं ड्रोन उड़ाया एवं कोरडेट में समस्त गतिविधियों की रूचि पूर्वक जानकरी ली।

## नाला की सफाई न कराए जाने से गंदगी का साम्राज्य

**नैनी( प्रयागराज )।** नैनी क्षेत्र के प्रयाग पुरम मोहल्ले में बनाए गए नाला की सफाई न कराए जाने से गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है। जिसकी वजह से क्षेत्र में तमाम तरह की बीमारियां फैलने की संभावना बनी हुई है।
बताया जाता है ,कि प्रयाग पुरम मोहल्ले में बनाए गए नाला की सफाई न कराए जाने से पूरी तरीके से जाम हो गया है। उसमें कूड़ा करकट भर गया है। जिसके चलते मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य है। नाले में पड़े कूड़ा करकट से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। जिसके चलते गंदगी का आलम देखने को मिल रहा है। भीषण गंदगी के चलते यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है। भीषण गंदगी के चलते क्षेत्र में तमाम तरह की बीमारी फैलने की संभावनाएं बनी रहती है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई , बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## हत्यारोपी बीस हजार का इनामिया अपराधी गिरफ्तार

**नैनी(प्रयागराज)।** नैनी थाना क्षेत्र के यीशु दरबार के समीप मुखबिर की सूचना पर पहुंची टीम ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बीते 17 अप्रैल को बबलू पुत्र कमलेश निषाद निवासी नौगांव विंध्याचल मिर्जापुर ने अपने भाई प्रदीप निषाद की महेवा घाट पर हत्या किए जाने की सूचना दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान उग्रसेन, सोमधर केवट व प्रवीण केवट नाम प्रकाश में आया था। उग्रसेन व सोम धर पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। प्रवीण की तलाश करने पर सफलता न मिलने पर 9 दिसंबर को 20 हजार इनाम घोषित किया गया था। पुलिस तलाश कर रही थी। इसी दौरान आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने यीशु दरबार के समीप से प्रवीण केवट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर नैनी वैभव सिंह, एसआई विवेक कुमार सिंह, प्रभाकर शुक्ला रहे।

## चोरों ने एक ही रात रुद्रा अपार्टमेंट में सात फ्लेटो को बनाया निशाना

### नकदी समेत लाखों के कीमती जेवरात चोरी

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के रीवा रोड मामा भांजा के तालाब चौराहे के समीप स्थित रुद्रा अपार्टमेंट में सोमवार की देर रात चोरों ने पीछे से बाउंड्री वॉल फाद कर सात फ्लैटों को निशाना बनाते हुए नकदी समेत लगभग पचास लाख रुपए कीमती सोने- चांदी के जेवरात एवं लैपटॉप पार कर दिए। अपार्टमेंट की पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे पांच चोरों के आने और जाने की पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। चोरों ने सिर्फ उन फ्लैटों को निशाना बनाया है, जो कहीं गए हुए थे। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी होते ही फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, डॉग स्क्वायड टीम के साथ नैनी पुलिस एवं एसओजी यमुनापार की टीम पहुंच कर जांच- पड़ताल शुरू की।मिली जानकारी के अनुसार रीवा रोड स्थित रुद्रा अपार्टमेंट में तीन टॉवर में कुल 154 फ्लैट है। चोरों ने अपार्टमेंट में स्थित टॉवर दो एवं तीन को निशाना बनाया। सोमवार की देर रात तकरीबन 2¬30 बजे के आस-पास अपार्टमेंट की पीछे बनी मंदिर से सटी दीवार को फांदकर पांच चोर अंदर घुसते हुए दिखाई दे रहे है। उनके पास ताला तोड़ने के लिए औजार साथ में थे। सबसे पहले अपार्टमेंट के टॉबर-3 में रहने वाले व्यापारी अभिषेक गुप्ता के यहां ताला तोड़कर चोरों ने आलमारी के अंदर रखें तकरीबन 3 लाख 20 हजार रुपए नकदी एवं 20 लाख रुपए कीमती सोने- चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किए। इसमें हीरे का एक ब्रेसलेट भी था। चोरों ने उनके यहां से एक लैपटॉप के साथ ही उनकी जैकेट और टोपी भी पहन कर चले गए। इसके बाद अधिवक्ता विंध्यवासिनी पांडेय के यहां से चोरों ने 3 लाख 60 हजार रुपए नकदी एक सोने की चेन के अलावा अन्य आभूषणों को पार कर दिए। इसके बाद भारतीय जीवन बीमा कर्मचारी अरुण श्रीवास्तव के यहां से चोरों ने सोने की अंगूठी को पार कर दिए। इसके बाद चोरों ने सुषमा ओझा के मकान को अपना निशाना बनाया। इसके बाद चोरों ने सुषमा ओझा के ऊपर वाले तल में रहने वाले ठेकेदार ईश नारायण पांडेय के बंद फ्लैट को निशाना बनाया।

# हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली जमानत

## ▶▶ बांग्लादेश हाई कोर्ट में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका




**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज जमानत नहीं मिल सकी। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के नेता चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने शाम 4÷30 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत पर लिया था। तब से वह जेल में हैं।बांग्लादेश के समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज अदालत नहीं लाया गया। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी (अभियोजन) मोफिजुर रहमान ने कहा कि जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जज ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी।इस बीच ढाका ट्रिब्यून ने भारतीय टीवी समाचार चैनलों पर प्रतिबंध के संबंध में चौंकाने वाली खबर दी है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इस संबंध में बांग्लादेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है।

इसमें भड़काऊ समाचारों के प्रसारण का हवाला देते हुए देश में सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया गया है। यह याचिका वकील इखलास उद्दीन भुइयां ने दायर की है। भुइयां ने बताया कि जस्टिस फातिमा नजीब और जस्टिस सिकदर महमूदुर रजी की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में खासतौर पर भारतीय चैनल स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला का जिक्र किया गया है। याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग और अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

## ममता बनर्जी के शांति रक्षक बल भेजने के प्रस्ताव को इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश ने बताया मानवाधिकारों का उल्लंघन

**ढाका, (हि.स.) ।** इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश ने ममता बनर्जी द्वारा बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक बल भेजने के प्रस्ताव को मानवाधिकारों और वास्तविकता के विरुद्ध बताया है। संस्था के खैरुल अहसान ने इस प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारतीय साजिश का हिस्सा करार दिया। मंगलवार को जारी एक बयान में खैरुल अहसान ने ममता बनर्जी के प्रस्ताव को ÷मानवता और वास्तविकता से परे÷ बताते हुए इसे निर्मम और अवैध करार दिया। उन्होंने इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय सरकार की बांग्लादेश के खिलाफ साजिशों का हिस्सा है।इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश की जनता और सरकार से अपील की है कि वह भारतीय साजिशों और हस्तक्षेप के खिलाफ सतर्क रहें। उन्होंने भारत द्वारा बांग्लादेश की स्थिरता को नुकसान पहुंचाने की हर कोशिश की निंदा करते हुए इसे रोकने के लिए एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया।



## त्रिपुरा में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग पर हमले को लेकर इस्लामिक मूवमेंट ऑफ बांग्लादेश ने जताया विरोध

**ढाका, (हि.स.) ।** त्रिपुरा के अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग पर हमले को लेकर इस्लामिक मूवमेंट ऑफ बांग्लादेश ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की । संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट खैरुल अहसान ने जारी बयान में आरोप लगाया कि भारत, बांग्लादेश को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है।

वह न केवल बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है, बल्कि अब अपने देश में भी कूटनीतिक शिष्टाचार को ताक पर रखकर बांग्लादेश के उच्चायोग और दूतावासों पर हमले करवा रहा है। खैरुल अहसान ने भारत सरकार से मांग की है कि इस हमले के पीछे जिम्मेदार लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए।

उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपील की है कि भारत में हो रही इस तरह की घटनाओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाया जाए। इस्लामिक मूवमेंट ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत सरकार अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस प्रकार के कृत्य कर रही है, जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है।

# भारत को अमेरिका से एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ

## ▶▶ बाइडेन प्रशासन ने बिक्री को मंजूरी दी



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** आखिरकार संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत को एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने इनकी ब्रिकी के लिए हां कर दी। इन उपकरणों की अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। इस अहम फैसले का पूरा विवरण डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। पॉलिटकल मिलेट्री अफेयर्स, यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एजेंसी के विवरण को अपने एक्स हैंडल पर आज सुबह साझा किया। डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने दो दिसंबर को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को एक अधिसूचना में बताया कि इन उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी।महत्वपूर्ण यह है कि बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अगले साल 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी की अधिसूचना के अनुसार, भारत ने 30 %मल्टीफंक्शनल इन्फॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम-जॉइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम्स% (एमआईडीएस-जेटीआरएस) खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इस बिक्री में मुख्य रूप से अनुबंध %लॉकहीड मार्टिन रोटरी और मिशन सिस्टम% के साथ होगा। इसके कार्यान्वयन में तकनीकी सहायता और प्रबंधन निरीक्षण के लिए अस्थायी आधार पर अमेरिकी सरकार के 20 या अनुबंध में शामिल कंपनियों के 25 प्रतिनिधियों की भारत की यात्रा की आवश्यकता होगी।

बाइडेन प्रशासन का यह फैसला फैसला भारत के बेहद अहम माना जा रहा है।भारत को क्या-क्या मिलेगा1-30 मल्टीफंक्शन इंफोर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ज्वाइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम। 2-उन्नत डेटा ट्रांसफर सिस्टम, बाहरी ईंधन टैंक, फॉरवर्ड लुकिंग इंफ्रारेड सिस्टम।3-ऑपरेटर मशीन इंटरफेस, अतिरिक्त कंटेनर आदि।4-डिजाइन, निर्माण और परीक्षण में अमेरिकी मदद।

# कुलदीप सेंगर की सजा निलंबित करने की मांग पर सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की स्वास्थ्य के आधार पर सजा को निलंबित करने की मांग पर सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को करने का आदेश दिया।हाई कोर्ट ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वो कुलदीप सेंगर के स्वास्थ्य की स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करें। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट ने जून में सजा को निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी थी। तब कुलदीप सेंगर की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे केवल स्वास्थ्य के आधार पर सजा को निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेंगर की ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर लंबे समय से सुनवाई नहीं हुई है और वो करीब आठ साल से जेल में हैं। इस मामले में अधिकतम सजा दस साल की मुकर्रर की गई है। सेंगर ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी है जो अभी लंबित है।16 दिसंबर 2019 को तीस हजारी कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़ित के पिता की हिरासत में हत्या के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर को दस साल की कैद की सजा सुनाई थी। तीस हजारी कोर्ट ने सेंगर पर दस लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। तीस हजारी कोर्ट ने सेंगर समेत सभी सातों आरोपितों को भी दस-दस साल की कैद और दस-दस लाख के जुर्माने की सजा सुनाई थी।गौरतलब है कि दुष्कर्म पीड़ित के पिता की न्यायिक हिरासत में 9 अप्रैल 2018 को मौत हो गई थी। 4 जून 2017 को पीड़िता ने जब कुलदीप सेंगर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था, उसके बाद कुलदीप सिंह सेंगर के भाई अतुल सिंह और उसके साथियों ने पीड़ित के पिता को बुरी तरह पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया था। दुष्कर्म पीड़ित के पिता को जेल में शिफ्ट करने के कुछ ही घंटों बाद जिला अस्पताल में मौत हो गई थी।20 दिसंबर 2019 को पीड़ित से दुष्कर्म के मामले में तीस हजारी कोर्ट ने सेंगर को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने उम्रकैद के अलावा 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की इस रकम में से 10 लाख रुपये पीड़ित को देने का आदेश दिया था। तीस हजारी कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ भी कुलदीप सिंह सेंगर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम खान को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम खान को राहत दी है। जस्टिस जसमीत सिंह ने नदीम खान को अगले आदेश तक गिरफ्तारी से सुरक्षा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर को होगी।हाई कोर्ट ने नदीम खान को निर्देश दिया कि वो कल जांच में शामिल हों और उसमें सहयोग करें। कोर्ट ने नदीम को जांच अधिकारी की अनुमति के बिना देश छोड़कर जाने से मना किया है। आज सुनवाई के दौरान नदीम खान की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एफआईआर में किसी भी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं किया गया है। इसका विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि संज्ञेय अपराध होने के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। नदीम खान की ओर से हिंसा को उकसाने के पर्याप्त सबूत हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि नदीम खान देश की शांति को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और ये वीडियो में साफ दिख रहा है। तब कोर्ट ने कहा कि आप समझने की कोशिश कीजिए।

हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। हमारे देश का सद्भाव इतना कमजोर नहीं है कि एक प्रदर्शनी या एक वीडियो से खराब हो जाएगा। किसी के चिल्लाने भर से सद्भाव खराब नहीं हो जाएगा।नदीम खान के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने देश में वैमनस्य पैदा करने के लिए आपराधिक साजिश रचने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। नदीम खान एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राईट्स (एपीसीआर) के राष्ट्रीय सचिव हैं।नदीम खान ने याचिका दायर कर दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है।

याचिका में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस की एफआईआर में कहा गया है कि एक सब-इंस्पेक्टर को पेट्रोलिंग के दौरान खूफिया सूत्रों से पता चला कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया गया है जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है और वो हिंसा का रूप ले सकता है। एफआईआर में कहा गया है कि रिकॉर्ड्स ऑफ हिन्दुस्तान इन मोदी सरकार नामक शीर्षक वाला वीडियो 21 नवंबर को अपलोड किया गया। ये वीडियो अकरम ऑफिशियल 50 नामक चैनल ने अपलोड किया।एफआईआर के मुताबिक अपलोड किए गए वीडियो में एक प्रदर्शनी के दौरान एक स्टाल पर एक व्यक्ति ने एक बैनर की तरफ इशारा करते हुए नदीम, अखलाक, रोहित वेमुला, पहलू खान के बारे में बात की और उसके बाद 2020 के शाहीन बाग प्रदर्शन, दिल्ली दंगे और एक खास समुदाय को शिकार बनाये जाने की बात की। दिल्ली पुलिस के मुताबिक स्टाल एपीसीआर का था और वीडियो में जो व्यक्ति बोल रहा था वो नदीम खान था।

## कोचिंग संस्थान फिजिक्स वाला के खिलाफ विज्ञापन पर लगी अस्थायी रोक

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान फिजिक्स वाला को सस्ता वाला कहने वाले विज्ञापन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। जस्टिस मिनी पुष्करणा की बेंच ने विज्ञापन चलाने वाले स्कॉलर डेन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल 2025 में होगी।सुनवाई के दौरान फिजिक्स वाला की ओर से पेश वकील ने कहा कि वो छात्रों को सस्ती कीमत में कोर्स कराता है। उसकी कीमत पचास रुपये से एक लाख रुपये तक की है। याचिका में कहा गया है कि स्कॉलर्स डेन अपने विज्ञापन में उसे सस्ता वाला कहता है। विज्ञापन में कहा गया है कि चूंकि फिजिक्स वाला ज्यादा खर्चीला नहीं है इसलिए अच्छा नहीं है। विज्ञापन में जिस समय सस्ता वाला कहा जाता है तब उस समय फिजिक्स वाला के कोचिंग संस्थान को दिखाया जाता है। फिजिक्स वाला ने अपनी याचिका में कहा है कि विज्ञापन में उसका मजाक नहीं उड़ाया जा सकता है।याचिका में कहा गया है कि स्कॉलर्स डेन अपने विज्ञापन को सोशल मीडिया पर डालता है और उस पर फिजिक्स वाला के नाम का प्रयोग करता है। कोर्ट ने वीडियो देखने के बाद पाया कि स्कॉलर्ड डेन प्रथम दृष्टया फिजिक्स वाला का मजाक उड़ा रहा है।

ऐसे में इस वीडियो के प्रसारण पर रोक लगाई जाती है। याचिका में कहा गया है कि फिजिक्स वाला की शुरुआत 2016 में अलख पांडेय ने यूट्यूब चैनल के जरिये की थी। अलख पांडेय प्रयागराज के रहने वाले हैं। शुरू में ये चैनल इंजीनियरिंग के जेईई के लिए फिजिक्स की तैयारी करवाता था।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ अभियान चलाएगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा ने मानवता और लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा आघात पहुंचाया है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने इन घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए न्याय की मांग की और इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए अभियान शुरू किया है। मंच ने स्पष्ट किया कि अब किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ चुप्पी नहीं साधी जाएगी।इसके साथ ही मंच ने सम्भल में हुई हिंसा और मौत के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की गंदी राजनीति को जिम्मेदार ठहराया है। मंच ने सम्भल और अजमेर के मामले में लोगों से शांति सद्भाव सौहार्द्र बनाए रखते हुए संविधान और न्यायपालिका पर विश्वास बनाए रखने की अपील की है।मंच ने मांग की कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार बांग्लादेश सरकार पर दबाव डालकर मंदिरों और अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले रुकवाए। बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन को वैश्विक मंचों पर उठाया जाए। प्रभावित हिंदू परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की जाए।एमआरएम के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल ने बताया कि 10 दिसंबर से मंच अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के मौके पर मानवाधिकार सप्ताह मनाएगा। इस दौरान देशभर में मंच विरोध प्रदर्शन करेगा, जिसका उद्देश्य न केवल पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना है, बल्कि इस गंभीर समस्या को वैश्विक स्तर पर उजागर करना भी है।नई दिल्ली के पहाड़गंज स्थित मंच के कार्यालय कलाम भवन में सोमवार देर रात तक चली बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दे पर गहन चिंतन किया। बैठक में मोहम्मद अफजाल, शाहिद अख्तर, डॉक्टर माजिद तालिकोटी, शालिनी अली, सैयद रजा हुसैन रिजवी, गिरीश जुयाल, इमरान चौधरी, हाफिज साबरीन, शाकिर हुसैन, विराग पांचपीर, फारूक खान, ठाकुर राजा रईस, एसके मुद्दीन, अबु बकर नकवी, शाहिद सईद, अल्तमश बिहारी, इरफान अली पीरजादा समेत अनेक प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया।मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने सम्भल में हुई हिंसा के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। मंच का आरोप है कि सपा और कांग्रेस ने चुनावों में अपनी हार की खीज उतारने के लिए लोगों को भड़काया, अफवाहें फैलाई, और दंगे की साजिश रचकर शहर को हिंसा की आग में झोंक दिया। मंच के राष्ट्रीय संयोजक शाहिद अख्तर ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त की और लोगों से अपील की है कि वे अमन, शांति, सद्भाव और सौहार्द्र बनाए रखें।



## सिलीगुड़ी में बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री यूनुस के विरोध में लगाए गए पोस्टर

**सिलीगुड़ी, (हि.स.)।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार और हमले थम नहीं रहे हैं। आए दिन बांग्लादेश के किसी न किसी कोने से इस तरह के हमले की घटनाएं और वीडियो सामने आते रहते हैं। बांग्लादेश स्थित इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। इसको लेकर वहां पर अल्पसंख्यकों ने भारी विरोध किया और उनकी रिहाई की मांग की। इसके बाद से भारत में बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के खिलाफ आवाज उठने लगी है।बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के विरोध में पोस्टर लगाए गए हैं। सिलीगुड़ी के कुछ शैक्षणिक संस्थानों के सामने सड़क पर मोहम्मद यूनुस के खिलाफ पोस्टर लगे मिले हैं।

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.3 फीसदी किया

## ▶▶2024-25 के लिए विकास दर का अनुमान 6.7 फीसदी से घटाकर किया 6.3 फीसदी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है।मॉर्गन स्टेनली ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को फिर से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है, जो इसके पहले के 6.7 फीसदी के अनुमान से कम है। बहुराष्ट्रीय वित्तीय सेवा कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर पहुंचने के कुछ दिनों बाद यह कदम उठाया है।इससे पहले मॉर्गन स्टेनली ने नवंबर की शुरुआत और दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों से पहले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर का लक्ष्य घटाकर 6.7 फीसदी कर दिया था। बहुराष्ट्रीय वित्तीय सेवा कंपनी ने कहा कि सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही में भारत के विकास दर में मंदी के बाद जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को डाउनग्रेड किया गया है।

उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर घटकर 5.4 फीसदी पर आ गई है, जो मार्च 2023 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रही थी। हालांकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

# सीबीआई के पूर्व निदेशक विजय शंकर का मंगलवार को नोएडा में निधन



**नोएडा, (हि.स.)।** सीबीआई (सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन) के पूर्व निदेशक विजय शंकर का मंगलवार को नोएडा में निधन हो गया। 76वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विजय शंकर लंबे समय से बीमार थे। नोएडा एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह कुछ समय से नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने बताया कि उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को दान कर दिया जाएगा।पूर्व निदेशक शंकर उत्तर प्रदेश कैडर के 1969 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। उन्होंने 12 दिसंबर 2005 से 31 जुलाई 2008 तक सीबीआई के निदेशक के तौर पर कार्य किया था। सीबीआई निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, एजेंसी ने चर्चित आरुषि-हेमराज दोहरे हत्याकांड मामले की जांच की थी।

# टूट गया युद्धविराम, हिजबुल्लाह के मोर्टार हमले के जवाब में इजराइल का लेबनान पर हमला, कम से कम नौ की मौत

**बेरूत, (हि.स.)।** अमेरिका और फ्रांस की कोशिश से लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच लागू साठ दिन का युद्धविराम आखिरकार टूट गया। हिजबुल्लाह के इजराइल के कब्जे वाले माउंट डोव क्षेत्र में दो मोर्टार लॉन्च करने के बाद यह नौबत आई। इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार शाम लेबनान में ताबड़तोड़ हवाई हमले कर लोगों की नींद उड़ा दी। आईडीएफ की इस कार्रवाई में कम से कम नौ लोग मारे गए। इजराइल के समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर में आईडीएफ के हवाले से यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इजराइली लड़ाकू विमानों से समूचे लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाकों और उसके सामरिक आयुध केंद्रों पर दर्जनों हमले किए। हिजबुल्लाह ने सोमवार को दावा किया था कि उसने पिछले हफ्ते प्रभावी हुए युद्ध विराम समझौते के इजराइल के बार-बार उल्लंघन के जवाब में मोर्टार लॉन्च किए। इजराइल ने तत्काल इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया था।लेबनान के समाचार पत्र द नेशनल के अनुसार, सोमवार शाम दक्षिणी लेबनान पर इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम नौ लोग मारे गए। एक सप्ताह से भी कम समय की शांति के बाद लेबनान में दोबारा लड़ाई छिड़ने की बढ़ गई है। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार, बिंट जेबिल के हारिस गांव पर हमले में पांच लोग मारे गए और दो घायल हो गए



# माकपा छोड़ने के बाद भाजपा और कांग्रेस के संपर्क में हैं मधु मुल्लास्सेरी



**तिरुवनंतपुरम,(हि.स.)।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता मधु मुल्लास्सेरी के मंगलवार सुबह पार्टी छोड़ने की घोषणा के तुरंत बाद दोपहर में माकपा ने उनकी प्राथमिक सदस्यता रद्द कर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। मुल्लास्सेरी अब कांग्रेस औरदरअसल, मुल्लास्सेरी ने माकपा छोड़ने का ऐलान किया था। इससे पहले ही माकपा ने उनकी प्राथमिक सदस्यता रद्द कर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। उधर, माकपा की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया कि मुल्लास्सेरी को इसलिए हटाया जा रहा है क्योंकि उन्होंने पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ कार्य किया है। मुल्लास्सेरी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि माकपा छोड़ने की घोषणा के बाद भाजपा और कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेताओं ने उनसे संपर्क किया है। भाजपा की तिरुवनंतपुरम जिला इकाई के अध्यक्ष वीवी राजेश और अन्य पार्टी नेताओं ने उनसे मुलाकात की है। मुल्लास्सेरी ने पार्टी के नेताओं के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी, प्रदेश की जनता के साथ एक छलावा: वंशराज दुबे

▸ उत्तर प्रदेश में बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव - आम आदमी पार्टी की कड़ी प्रतिक्रिया

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सर्दी के मौसम में बिजली दरों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि की संभावना, उत्तर प्रदेश के आम नागरिकों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकती है। बिजली कंपनियों ने विद्युत नियामक आयोग को दरों में इजाफे का प्रस्ताव भेजा है।

आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने इस प्रस्ताव पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लोगों के लिए अत्यधिक बोझ होगा। उन्होंने कहा, यह बिजली दरों में बढ़ोतरी, प्रदेश की जनता के साथ एक छलावा है। पहले ही लोगों को महंगाई, बेरोज़गारी और अन्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, ऐसे में बिजली की कीमतों में इस प्रकार की बढ़ोतरी, आम आदमी की कठिनाईयों को और बढ़ा देगी।

वंशराज दुबे ने आगे कहा, सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि बिजली कंपनियों को 13,000 करोड़ रुपए का घाटा कहाँ से हुआ और इसका समाधान क्यों जनता को भुगतने के लिए मजबूर किया जा रहा है। हम मांग करते हैं कि सरकार तत्काल इस प्रस्ताव को रद्द करे और बिजली दरों में वृद्धि न की जाए। उन्होंने कहा, दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने लोगों के लिए सस्ती और मुफ्त बिजली की व्यवस्था की है, जबकि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने जनता की मुश्किलों को और बढ़ाते हुए बिजली दरों में लगातार वृद्धि की है। यह साबित करता है कि भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों और कंपनियों के हितों की रक्षा करती है, जबकि आम नागरिकों की परेशानियों की ओर कोई ध्यान नहीं देती। उन्होंने आगे कहा, उत्तर प्रदेश में बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव एक अन्य अत्याचार है। पहले ही महंगाई और बेरोज़गारी से परेशान जनता अब बिजली की महंगी दरों से जूझने के लिए मजबूर होगी। यह सरकार के असंवेदनशील रवैये का परिचायक है, जो सिर्फ अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर बोझ डाल रही है। आम आदमी पार्टी ने यह भी कहा कि बिजली की दरों में इज़ाफ़े से उत्तर प्रदेश के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। पार्टी ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह प्रदेशवासियों के हित में इस निर्णय को पुनः विचार करे और बिजली दरों में वृद्धि को रोके।

# संसद में डिम्पल के साथ बैठेंगे अवधेश प्रसाद

▸ अब राहुल गांधी-अखिलेश यादव के साथ नहीं मिलेगी सीट

संवाददाता



**लखनऊ।** यूपी के अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का लोकसभा में पहली के बजाय दूसरी लाइन में बैठने की जगह मिलेगी।अब वह विपक्ष के हिस्से वाली सीटों पर पहली कतार में नजर नहीं आएंगे।लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन को मिली बड़ी जीत के बाद अवधेश प्रसाद सियासी चर्चा में बहुत खास मुकाम पर आ गए। उन्होंने अयोध्या जैसी सीट से जीत हासिल की थी।

उनकी जीत को सपा-कांग्रेस उत्तर प्रदेश में भाजपा की धार्मिक राजनीति की हार का प्रतीक बताया था लेकिन अब लोकसभा में उनकी कुर्सी पहली कतार से हटा दी गई है। लोकसभा में नेताओं के बैठने की व्यवस्था में काफी बदलाव किया गया है। सत्ता पक्ष में भी बदलाव हुआ है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अब चौथे नंबर की सीट दी गई है। पहले नंबर की सीट पीएम नरेंद्र मोदी, दूसरे नंबर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीसरे नंबर पर गृह मंत्री अमित शाह और अब चौथे नंबर की सीट पर नितिन गडकरी बैठेंगे।पहले नितिन गडकरी को 58 नंबर की सीट आवंटित थी।विपक्ष की ओर से प्रियंका गांधी के सदन में आने के बाद उनको चौथी कतार में 517 नंबर की सीट दी गई है। विपक्ष की ओर से पहली कतार में पहली सीट पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी बैठेंगे। उनकी सीट का नंबर 498 है। उनकी सीट का नंबर 355 है।उसी कतार में तृणमूल के नेता सुदीप बंदोपाध्याय को 354 नंबर की सीट दी गई है।कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल राहुल गांधी के साथ 497 नंबर की सीट पर बैठेंगे।फैजाबाद-अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद अब दूसरी कतार में बैठेंगे।वह डिंपल यादव के साथ सीट नंबर 357 पर बैठेंगे।डिंपल यादव की सीट का नंबर 358 है. अब विपक्ष की ओर से पहली कतार में सपा और तृणमूल के एक-एक नेता को सीट मिलेगी। प्रियंका गांधी को चौथी कतार में जगह मिली है। उनकी सीट कानंबर 517 है। उनके साथ केरल से कांग्रेस के सांसद अदूर प्रसाद और असम के सांसद प्रद्यूत बारदोली बैठेंगे। ये दोनों दो बार के सांसद हैं।

# दिव्यांगजनों ने साबित किया-हम किसी से कम नहीं: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को किया संबोधित







लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द और भावनाओं को सम्मान देकर उन्हें गरिमामयी पूर्ण तरीके से जीवन व हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला तो अपनी प्रतिभा से उन्होंने इस शब्द की पुष्टि की। सीएम योगी ने ऋषि अष्टावक्र, महाकवि सूरदास, भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य समेत अनेक उदाहरण दिए। कहा कि जिन्हें भी मंच व समाज का प्रोत्साहन-संबल मिला तो उन्होंने देश-दुनिया व मानवता को अपनी प्रतिभा का लाभ दिया और यह साबित किया कि वे किसी से कम नहीं हैं। विश्व दिव्यांग दिवस इसी दृष्टिकोण को अपनाने के लिए समाज को नई प्रेरणा प्रदान करने का माध्यम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस पर मंगलवार को लोकभवन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित किया। राजकीय स्पर्श बालिका विद्यालय मोहान रोड की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सीएम ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। सीएम ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती (राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस) की भी शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य करते हुए पीएम मोदी के विजन सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि राज्य के अंदर दो-दो दिव्यांग विश्वविद्यालय (लखनऊ में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय व चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय) है। अलग-अलग क्षेत्रों में दृष्टिबाधित, मूकबधिर व अन्य बच्चों के लिए भी कॉलेज संचालित हैं, लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें प्रशिक्षित शिक्षक हों, उन्हें अच्छा मानदेय, सुविधाएं, प्रशिक्षण मिले और तकनीक से सक्षम बनाया जाए। इस पर और कार्य करने की आवश्यकता है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांगजनों के लिए अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। विभिन्न प्रकार की सर्जरी के लिए अनुदान राशि 8 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये की गई है। कृत्रिम अंग वितरण, मूकबधिर बच्चों के कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए छह लाख रुपये तक की राशि दी गई है। प्रदेश में इस वर्ष 24 सर्जरी हुई है। सरकार प्रदेश में तमाम संस्थाओं के संचालन में भी मदद कर रही है। प्री प्राइमरी से लेकर बचपन डे केयर्स स्थापना के साथ ही मेरठ, बरेली व गोरखपुर में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं।

सीएम योगी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जुड़े अनेक कार्यक्रमों को सरकार ने बढ़ाया। 2016-17 में विभाग को 1295 करोड़ बजट दिया जाता था, अब यह राशि लगभग 2800 करोड़ रुपये हो गई। इसमें 116 प्रतिशत की वृद्धि की गई। 2016-17 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के लिए 107 करोड़ बजट आवंटित था, इससे 5.19 लाख छात्र-छात्राएं लाभान्वित होती थीं। अब बजट 160.16 करोड़ किया गया है, जिससे 7.58 लाख विद्यार्थी लाभ ले रहे हैं। पिछड़ा वर्ग से जुड़े छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। 2016-17 में 983 करोड़ की लागत से 13.64 लाख बच्चे दशमोत्तर छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करते थे। उस समय केवल 11.13 लाख छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिया जाता था। अब 2070 करोड़ रुपये से 19.80 लाख छात्र-छात्राओं को दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिल रहा है यानी 2016-17 की तुलना में आज 1100 करोड़ रुपये अतिरिक्त दशमोत्तर छात्रों को छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दे रहे।इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव सुभाष चंद शर्मा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के मॉडल हैं रामचंद्र गुप्ता

सीएम योगी ने कहा कि राजकीय सेवाओं में दिव्यांगों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की भी व्यवस्था है। कानपुर देहात के रामचंद्र गुप्ता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने के बावजूद वे स्वावलंबन और आत्मनिर्भर के मॉडल हैं। अपने माध्यम से बच्चों के लिए बड़ा केंद्र का संचालन करते हैं। इससे साबित होता है कि इच्छाशक्ति होगी तो बड़े से बड़ा कार्य किया जा सकता है। दिव्यांगजनों की प्रतिभा व ऊर्जा का सबसे अच्छा उदाहरण पेरिस पैरालंपिक रहा, जिसमें शानदार प्रदर्शन से मेडल की झड़ी लग गई थी। सीएम ने कहा कि सरकारी भवनों व संस्थाओं से कहा गया है कि दिव्यांगजनों के चढ़ने के लिए रैंप बनवाएं। परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगों की निःशुल्क यात्रा के लिए 40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। शादी-विवाह के लिए (40 फीसदी वाले दंपती) पति के दिव्यांग होने पर 15 हजार, पत्नी के लिए 20 हजार व दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराते हैं। दुकान निर्माण के लिए 20 हजार व दुकान, गुमटी, हाथ ठेला संचालन के लिए 10 हजार रुपये अनुदान दिया जा रहा है।

### चुपचाप तैयारी करेंगे तो रिजल्ट प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा

सीएम योगी ने कहा कि कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए, फंड बाधा नहीं है। यदि चुपचाप तैयारी करेंगे तो रिजल्ट प्रतिभा को प्रदर्शित कर देगा। सीएम ने बताया कि 2017 में प्रदेश में केवल 7-8 लाख दिव्यांगजनों को पेंशन मिलती थी, वह भी महज 300-300 रुपये। यह राशि छह महीने में आती थी तो आधा पैसा बाबू खा जाता था, लेकिन हम लोग सीधे लाभार्थी के खाते में धनराशि भेजते हैं। हमने यह राशि 300 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये की। अब 11 लाख दिव्यांगजन 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। तीन हजार रुपये मासिक कुष्ठावस्था पेंशन पीड़ित व्यक्ति के परिवार को उपलब्ध कराते हैं। यह भी तय किया गया कि इन परिवारों को पीएम/सीएम आवास भी देंगे।

# निराश्रित गोवंश का संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकता: धर्मपाल

▸ पशुधन मंत्री ने किया 18 नवीन वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण,15 का शिलान्यास

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु 11 जनपदों के 18 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण तथा 7 जनपदों के 15 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का शिलान्यास किया। प्रदेश के जनपद आगरा, ललितपुर, हरदोई में दो-दो, अमरोहा, महोबा में तीन-तीन तथा अमेठी, जालौन, एटा,सुल्तानपुर, जौनपुर तथा बरेली में एक-एक वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो चुका है।

इन केंद्रों के निर्माण में राज्य सरकार द्वारा प्रति केंद्र 160.12 लाख रूपये धनराशि व्यय की गई है। इसके अतिरिक्त आगरा में 04, हापुड़ में 03, हरदोई, मिर्जापुर में दो-दो, पीलीभीत, बाराबंकी तथा शाहजहाँपुर में एक-एक वृहद गो संरक्षण केन्द्र का शिलान्यास भी वर्चुअली किया गया। 33 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण लागत 5283.96 लाख है। प्रति केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है।

पशुधन मंत्री ने क्षेत्रीय विधायकों, ग्रामप्रधानों, जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंश संरक्षण के कार्यों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए, केन्दों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। ठंड के दृष्टिगत ठंड से बचाव की व्यवस्था की जाये। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे, चारा, भूसा, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो।

# बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार व अन्याय के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखीमपुर के हिन्दू समाज ने बांग्लादेशी हिंदू संघर्ष समिति द्वारा आयोजित बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार व अन्याय के विरुद्ध विशाल विरोध प्रदर्शन किया। एक बजे से राजकीय इंटर कालेज मैदान में तमाम हिन्दू संगठन के साथ वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ ने समर्थन और बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाजसेवी चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने कहा कि हिंदू संगठनों के प्रदर्शनकारी जीईसी ग्राउंड से गुरु गोविंद सिंह चौक, हीरालाल धर्मशाला, स्टेशन रोड, संकटा देवी चौराहा, सर्राफा बाजार, श्रीराम चौराहा, मैंनरोड, हमदर्द दवाखाना होकर कलैक्ट्रेड पहुंचा जहां चंदन लाल वाल्मीकि ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिला अधिकारी को दिया। वाल्मीकि ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश को 1971 में स्वतंत्र और वजूद में लाने के लिए पाकिस्तान से युद्ध से युद्ध तक किया। भारत ने सदैव मित्रता का भाव बांग्लादेश से रखा। पाकिस्तान की नीति नीति से आहत होकर करीब 10 लाख बांग्लादेशी शरणार्थियों को भारत ने स्वीकार किया। 5 अगस्त को बांग्लादेश की आंतरिक और राजनीतिक कलहों के कारण बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना की सरकार को जाते देख भारत ने शेख हसीना को बचाया और सुरक्षित भारत में शरण दी। इसके अलावा भारत ने मानवता, मित्रता का सदैव भाव रखते हुए मदद की। लेकिन भारत के एहसान को लौटने के बजाय बांग्लादेश ने अब हिंदुओं पर ही हमले कर दिए। आज बंग्लादेश में हिंदू सुरक्षित है न संत महात्मा न उनके वकील। बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार करना और जमाना न देना बांग्लादेश का कायरता पूर्ण निर्णय है। हालांकि भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और धार्मिक संतों पर अत्याचार रोकने की बात कह रही है। बांग्लादेश सरकार पर हिंदुओं के दमन के खिलाफ वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए लखीमपुर में राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में एकत्र होकर हिंदू संगठनों के माध्यम से आयोजित बांग्लादेशी हिंदू संघर्ष समिति द्वारा आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर सहभागिता की। इस मौके पर जिला कार्यवाहक संजीव, जिला प्रचारक अविनाश, गोला नगर पालिका के अध्यक्ष रिंकू शुक्ला , अनुराग वासु,रजनीश, राकेश, कुंवर विकेंस, अमरेश, कुंवर आयुष्मान, सहित हजारों की संख्या में संत महात्मा, महिलाएं और नौजवान साथियों ने भाग लिया।

# नरेंद्र सिंह कापानी कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** दशमेश पब्लिक स्कूल, गुरुद्वारा आलमबाग बिल्डिंग, लखनऊ, में आज दिनांक 3 दिसंबर 2024 को पद्म विभूषण से सम्मानित नरेंद्र सिंह कापानी के नाम पर आधुनिक व नया नरेंद्र सिंह कापानी कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन समारोह माननीय कौशल जी अवध प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक के द्वारा किया गया।

निर्मल सिंह द्वारा बताया गया कि नरेंद्र सिंह कापानी-फाइबर ऑप्टिक के फाउंडर व एक बड़े फिलैंथरोपिस्ट व साइंटिस्ट/रिसर्चर थे,इनके कामों से हमें व आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। कौशल जी द्वारा बताया गया की शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे आने वाली
पीढियों को नई दिशा व जीने की सफल राह मिलती है,सेवा ही मानव का सर्वोत्तम धर्म है। समारोह में आनंद द्विवेदी (नगर अध्यक्ष भाजपा), निर्मल सिंह (प्रधान गुरुद्वारा आलमबाग), भूपेंद्र सिंह तलवार, प्रशांत भाटिया, अरविंदर सिंह कोहली, संदीप आनंद, मनदीप बजाज, दमन सेठी, गुरजीत छाबड़ा, आर के बत्रा, मनजीत सिंह, अनिल अग्रवाल, सत्येंद्र भावनानी, हरपाल सिंह जग्गी, तेजपाल सिंह रोमी, सरबजीत सिंह वालिया, रतपाल सिह गोल्डी,राजेन्द्र सिंह राजू, भूपिन्दर सिंह पिन्दा , एकबाल सिंह. हरजीत सिंह. परमजीत सिंह तथा अन्य गण मन मौजूद रहे।

# भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के बारे में देश-विदेश में प्रचार-प्रसार कर रहा है पर्यटन विभाग: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े कई विश्वविख्यात पर्यटन स्थल हैं। इन स्थलों पर विभिन्न देशों के बौद्ध अनुयायी वर्षपर्यन्त दर्शन के लिए आते रहते हैं। इसी क्रम में 29 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक मलेशिया से आये बौद्ध अनुयायियों के दल ने आनन्द बौद्ध वृक्ष, जेतवन विहार, कच्ची और पक्की कुटी, महेथ, गोल्डन टेम्पल आदि स्थानों का भ्रमण किया। कपिलवस्तु में पिपरहवा स्तूप, गनवरिया, कपिलवस्तु संग्रहालय, बुद्धाथीम पार्क आदि को भी देखा। पर्यटन विभाग भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थ स्थलों को सजाने संवारने का निरन्तर कार्य कर रहा है। विदेशों में रोड शो एवं प्रचार प्रसार करके बौद्ध भिक्षुओं को यूपी आने के लिए आमंत्रित भी कर रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी की पावन धरती भगवान बुद्ध की कर्मस्थली रही है। अपने उपदेश के लिए उत्तर प्रदेश चुना था और यहीं पर उनका महापरिनिर्वाण भी हुआ था।यूपी बौद्ध धर्म का एक अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में जाना जाता है। पर्यटन विभाग मिशन के तहत पूरे देश और दुनिया में बौद्ध स्थलों का प्रचार प्रसार कर रहा है। विभिन्न देशों के बौद्ध अनुयायियों, टूर ट्रेबल आपरेटर्स आदि को बुद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। मलेशिया से आये हुए बौद्ध भिक्षुओं ने लखनऊ से श्रावस्ती के लिए प्रस्थान किया। कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, सभागार स्तूप, मेडिटेशन पार्क, श्रीलंका बुद्धिष्ट टेम्पल आदि का भ्रमण किया। सारनाथ में धामेक स्तूप, चौखंडी स्तूप, मूलगंध कुटी विहार, बोधि वृक्ष, संग्रहालय को देखा। साथ ही भगवान शिव की नगरी काशी में विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती का दर्शन किया। अतिथियों ने क्रूज से गंगा भ्रमण का आनंद लिया। इसके अलावा काशी के अध्यात्मिक स्वरूप एवं प्राचीनता की विविधिताओं से रूबरू हुए। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य हैं। अभी हम घरेलू पर्यटन के मामले में देश में पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। महाकुम्भ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को यूपी के विभिन्न पर्यटन स्थलों एवं धार्मिक स्थलों के भ्रमण के लिए व्यापक प्रचार प्रसार की रणनीति बनाई गयी है।

# राहुल गांधी यूपी के कांग्रेस सांसदों के साथ कल करेंगे संभल का दौरा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस सांसदों के साथ बुधवार को संभल का दौरा करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राय ने बताया कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी राहुल के साथ संभल का दौरा कर सकती हैं। उन्होंने कहा ''प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश से पार्टी के सभी छह सांसद शामिल होंगे, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी करेंगे। इनमें पार्टी महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे भी होंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय ने कहा कि वह भी राहुल गांधी के साथ संभल जाएंगे, जो रायबरेली से सांसद हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या केरल के वायनाड से पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा भी अपने भाई के साथ संभल जाएंगी, राय ने कहा कि वह भी जा सकती हैं। संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक शनिवार को खत्म हो रही थी। हालांकि, जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने इसे बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया। इस बीच, जिलाधिकारी ने कहा है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) जिले में 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। उन्होंने कहा, ''10 दिसंबर तक कोई भी बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि, सक्षम प्राधिकार से अनुमति लिए बिना जिले में प्रवेश नहीं कर सकता।'' स्थानीय अदालत के आदेश पर एक मुगलकालीन मस्जिद का 19 नवंबर को सर्वेक्षण किये जाने के बाद से संभल में तनाव व्याप्त है।

# आप सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में बस मार्शलों का मुद्दा रखने की मांगी अनुमति

▸ बस मार्शलों ने न केवल महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि कोरोना में जान जोखिम में डालकर लोगों सेवा भी की: संजय

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजसभा सदस्य संजय सिंह ने बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के मुद्दे पर राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान अपनी बात रखने की अनुमति मांगी है। उन्होंने राज्यसभा के जेनरल सेक्रेटरी को दिए नोटिस में कहा है कि दिल्ली सरकार ने बस मार्शलों को बहाल और नियमित करने की योजना तैयार करने का प्रस्ताव एलजी को भेजा है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इनकी बर्खास्तगी ने बस में सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। साथ ही 11 हजार परिवारों को आर्थिक संकट में धकेल दिया है।

संजय सिंह ने दिए नोटिस में कहा है कि दिल्ली में महिला सुरक्षा और रोजगार से जुड़े एक अत्यंत गंभीर मुद्दे की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। दिल्ली में लगभग 11,000 बस मार्शल, जिन्हें महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त किया गया था, उनको अचानक बिना किसी नोटिस या सूचना के नौकरी से हटा दिया गया। इन बस मार्शलों ने न केवल महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर देश की सेवा भी की।

संजय सिंह ने कहा कि आज बस मार्शलों की बर्खास्तगी ने महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को गंभीर खतरे में डाल दिया है और लगभग 11,000 परिवारों को आर्थिक संकट में धकेल दिया है। दिल्ली सरकार ने इन्हें बहाल करने और नियमितीकरण की योजना तैयार करने का प्रस्ताव उपराज्यपाल को भेजा, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कृपा करके मुझे इस अतिआवश्यक विषय पर शून्यकाल में अपनी बात रखने की अनुमति प्रदान करें।

लोकमित्र
लखनऊ, बुधवार 04 दिसम्बर 2024



संक्षिप्त खबरें

## खेत में मिले हिंसक जानवरों के पंजे के निशान

**लखनऊ।** खेत में हिंसक जानवरों के पंजे का निशान देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना काकोरी के हरदोई रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास की है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पंजों के निशान की जांच की जा रही है। किसान अबू समद खान का कहना है कि पेट्रोल पंप के सामने मेरा घर है। घर के पीछे खेत में टहलने गए तो पंजे के निशान दिखाई दिए। खेत की रखवाली करने वाले राम पाल का कहना है कि रात 3 बजे लगा कि खेत में सांड़ आया है। जब सुबह देखा तो खेतों में पंजे दिखाई दिए तो मालिक समद को बताया। रेंजर सोनम दीक्षित ने बताया कि पंजे के निशान की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। जांच की जा रही है। ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। वह रात में दिन में अकेले में खेतों में न जाएं। खेत मालिक अबू समद ने बताया कि घर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कैमरों में कोई जानवर नहीं दिखा है। साल 2012 में भी इसी स्थान पर शेर आया था।

## कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,तेलीबाग के राजीव नगर घोषियाना में अजय कुमार यादव पेशे से अधिवक्ता हैं। वह मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे टीवीएस स्पोर्ट बाइक (यूपी-32 एल ई 8751) से जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार इंडिगो कार यूपी 32 डीएम 2898 ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर टू पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और एक चार वर्ष की बेटी हैं।

## नर्सिंग छात्रा के साथ दुष्कर्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक नर्सिंग छात्रा के साथ उसके जीजा द्वारा बलात्कार की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोपी, जो तीन बच्चों का पिता है, लंबे समय से पीड़िता का शारीरिक शोषण कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता लखनऊ में अपनी बहन और जीजा के साथ रह रही थी। आरोप है कि जीजा ने काफी समय तक उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा इस घटना को छिपाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब आरोपी ने उस पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू किया, तो उसने अपनी बहन को इस बारे में बताया। इसके बाद, उसकी बहन ने पुलिस से संपर्क किया और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आपको बता दें कि चिनहट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, आरोपी द्वारा पीड़िता और उसके परिवार को हत्या की धमकी देने के कारण पुलिस ने उन्हें सुरक्षा भी प्रदान की है। यह घटना एक बार फिर हमारे समाज में यौन शोषण और बलात्कार के गंभीर मुद्दों को उजागर करती है। यह हमें याद दिलाती है कि महिलाओं और लड़कियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना आवश्यक है, ताकि वे शोषण या हिंसा के डर के बिना रह सकें।

## कलिया खेड़ा गांव मृतक किसान के घर पहुंचे कांग्रेसी



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को राजधानी लखनऊ के कलिया खेड़ा गांव पहुंचे। यहां मृतक किसान हीरालाल रावत के परिजनों से मुलाकात कर पत्नी ओर बेटों को सांत्वना दी। राय ने यूपी सरकार पर किसान की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा राज्य सरकार मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दे। राय ने कहा कांग्रेस पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ हर तरह से खड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि नजर बनाए रखें। यहां एक भी मकान गिरने नहीं दिया जाएगा। कलिया खेड़ा गांव में एलडीए ने जमीन का अधिग्रहण किया है। उसका अधिग्रहित जमीन पर कब्जे को लेकर किसानों से संघर्ष जारी है। वहीं अधिग्रहण के दायरे में आए मकानों को गिराने के लिए एलडीए टीम ने मकानों पर लाल क्रॉस के निशान लगाए थे। किसान हीरालाल रावत का भी मकान पर निशान लगाया गया था। मकान गिरने के सदमे से रविवार रात किसान हीरालाल की मौत हो गई थी। सोमवार को सुबह उनका अंतिम संस्कार हुआ था। मंगलवार को देर शाम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मृतक के घर पहुंचे। राय ने मृतक की पत्नी परवाता और बेटों नीरज, राहुल से मिले। बेटे नीरज ने पूरी बात अजय राय को बताई। अजय राय ने कहा कांग्रेस पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। अजय राय ने कहा किसान बहुत मेहनत करके घर चलाता है। बड़ी मुश्किल से अपना मकान बना पाता है। यह सरकार मकानों को गिराने के लिए चिन्हित कर रही है। यह अत्याचार है। राय किसानों के धरना स्थल पर भी पहुंचे। यहां श्रद्धांजलि सभा में मृतक हीरालाल रावत को श्रद्धांजलि दी। किसानों से मिलकर उनके आंदोलन को समर्थन दिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज में बिहार से बस लेकर आए हेल्पर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात में खाना खाने के बाद ड्राइवर के साथ बस में ही सोना गया। सुबह ड्राइवर उठा तो देखा कि हेल्पर अचेत पड़ा है। इसके बाद सनी ने पुलिस को फोन की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस हेल्पर को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। जांच कार्रवाई की जा रही है। रूनी सैधपुर सीतामढ़ी, बिहार के रहने वाला मोहम्मद समी अख्तर ने बताया कि वह बस बीआर 06 पीएफ 6219 का ड्राइवर है। सोमवार को बस से लड़की पक्ष को लेकर बिहार से कैम्पवेल रोड, थाना ठाकुरगंज लखनऊ आया था। उसके साथ सैदपुर सीतामढ़ी बिहार का रहने वाला अरुण मंडल (34) पुत्र फूद्दन मंडल भी आया था। अरुण हेल्पर का काम करता था। देर रात मैं और अरुण खाना खाकर बस में सोने चले गए। सुबह उठा तो अरुण अचेत अवस्था में मिला। काफी जगाने की कोशिश की लेकिन वो नहीं उठा।

## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत,पति हुआ फरार

**लखनऊ।** राजधानी के गुडंबा इलाके में कमरे में महिला का शव मिला है। महिला की नाक से खून निकल रहा था। मौके से पति शव छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मीरा पांडे (27) की शादी सुनील पांडे से हुई थी। वह नंदपुर थोड़ा थानगांव सीतापुर की रहने वाली थी। लखनऊ के मोहम्मदपुर खत्री गुडंबा में अपने पति के साथ रहती थी। सुनील प्राइवेट नौकरी करता था। भाई सतीश चंद्र ने बताया रात करीब 9 बजे पुलिस से सूचना मिली कि मीरा की मौत हो गई है। रात 1 बजे भतीजे रमाशंकर के साथ लखनऊ पहुंचे। कमरे की फर्श पर मीरा का शव पड़ा था। मौके पर पति सुनील पांडे नहीं था। उसको कॉल की गई तो फोन नहीं लगा। इसके बाद उसके पिता को सूचना दी गई तो वो बोले हमें कोई मतलब नहीं है। जो करना है करो। सतीश चंद्र ने बताया कि दोनों की शादी मार्च 2019 में हुई थी। तभी से पति सुनील उसको परेशान कर रहा था। न जाने ऐसा क्या कर दिया था कि 2 साल से मीरा ने कोई संपर्क नहीं किया।

# पत्नी की हत्या कर एसडीआरएफ जवान ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एसडीआरएफ जवान का फांसी के फंदे से लटकता शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस को उसी कमरे से जवान की पत्नी की भी डेडबॉडी मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर पुलिस मौत होने कारण का पता लगाने के लिए हर एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस ने एसडीआरएफ के अधिकारियों को भी जानकारी दे दी है। फिलहाल पुलिस इसे सुसाइड मानकर चल रही है।

दरअसल आगरा जिले के रहने वाले अजय सिंह एसडीआरएफ मुख्यालय में तैनात थे। वो अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान पर रहता था। मंगलवार सुबह को मुख्यालय पर परेड होनी थी, उस परेड में सभी जवान और अधिकारी पहुंचे थे, लेकिन अजय सिंह नहीं पहुंचा। जवान अजय सिंह के परेड में शामिल न होने पर उसे 8 बजे के करीब फोन किया गया, लेकिन उसका फोन नहीं उठा। अधिकारियों के कहने पर साथी अजय सिंह के किराए वाले मकान पर पहुंचा। अजय सिंह का दरवाजा अंदर से बंद था और कई आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला।



तब रोशनदान से झांककर देखा तो होश उड़ गए।

### बेड पर पड़ा था पत्नी का शव

एसडीआरएफ जवान अजय सिंह का शव फांसी के फंसे से लटका हुआ था, जबकि उसकी 23 वर्षीय पत्नी नीलम का शव बेड पर पड़ा दिखा। अजय का कमरा अंदर से बंद था। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ जवानों की मदद से दरवाजा खोला और वीडियोग्राफी करते हुए शव को पंखे से उतार कर पंचायत नामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं बिजनौर थाना के एसएचओ का कहना है कि देखने से ऐसा लग रहा है कि जवान ने सुसाइड किया है। हालांकि शायद पहले उसकी पत्नी ने लटककर सुसाइड किया, उसका शव रस्सी से उतारकर बिस्तर पर लेटा दिया गया, फिर जवान ने उस रस्सी पर लटककर जान दे दी है। उन्होंने कहा कि अभी कारण का पता नहीं चला है। पोस्टमार्टम के लिए बॉडी भेज दी गई है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

ऐसे में प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि पहले पत्नी ने लटककर सुसाइड किया है, बाद से उससे परेशान होकर जवान ने उस रस्सी से लटक कर अपनी जान दे दी है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस इसे सुसाइड मानकर चल रही है। पुलिस के मुताबिक ये बीती रात की घटना है, जिसकी पुलिस को सुबह 8-9 बजे के आस-पास सूचना मिली है।

### मारपीट के निशान नहीं मिले

पुलिस का कहना है कि दरवाजा अंदर से बंद था, इसलिए बाहर से कोई आया है ऐसा नहीं कह सकते है। एसएचओ ने बताया कि पुलिस के सामने ही दरवाजा तोड़ा गया है। इसके साथ ही पुलिस का ये भी कहना है कि अगर पत्नी को लटकाया गया होता तो उसके शरीर पर और भी चोट होती। हालांकि उसके शरीर पर फिलहाल कोई और चोट नहीं दिख रही।

# अदाकारा से मकान मालिक ने की छेड़छाड़, कपड़े फाड़े

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** वेब सीरीज और छोटे पर्दों की अभिनेत्री से उसके मकान मालिक ने छेड़छाड़ कर दी। आरोप है कि उसने अभिनेत्री के कपड़े तक फाड़ दिए। विरोध करने पर बोला क्या कर लोगी, पुलिस तो मेरी दोस्त है। सोमवार रात हुई घटना की सूचना युवती ने पुलिस को दी। कृष्णानगर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने बताया कि वह कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है। तीन महीने पहले ही उसने मकान किराए पर लिया था और उसकी छोटी बहन भी साथ में रहती है। युवती ने बताया कि वह छोटे पर्दों पर अभिनय करती है। युवती का आरोप है कि सोमवार रात करीब 10.30 बजे मकान मालिक अपने दोस्तों के साथ नशे में धुत होकर उसके कमरे पर पहुंचा और कमरा खाली कराने के लिए झगड़ने लगा। विरोध करने पर मकान मालिक ने उसके कपड़े फाड़ दिए और छेड़खानी की। युवती ने बताया कि छोटी बहन बीच बचाव करने लगी, तो उस पर ईंट से प्रहार करने की कोशिश की। चीखने-चिल्लाने व शोर मचाने पर उनका गला भी दबाया गया। इस दौरान युवती ने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 शिकायत करने की बात की तब मकान मालिक ने उसे धमकी दी और कहा कि मेरा कुछ भी नहीं कर पाओगी, पुलिस से मेरी दोस्ती है। उसके बाद युवती ने कृष्णानगर कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि मकान मालिक ने भी किरायेदार के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। उसने सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि किराएदार के कमरे में देर रात बाहरी लोगों का आना-जाना रहता है। इसे लेकर झगड़ा हुआ था, फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## संभल में प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा: नितिन अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने मंगलवार को संभल हिंसा पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान पर करारा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सम्भल में प्रशासन ने पूरी तत्परता के साथ काम किया है। आज वहां की स्थिति सामान्य की तरफ बढ़ रही है लेकिन कांग्रेस के नेता हों या सपा के नेता, वहां की स्थिति को लगातार असामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। नितिन अग्रवाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अभी संभल जाने की जो घोषणा की है, मुझे लगता है कि वे वहां जाकर शांति व्यवस्था जो बहाल हुई है, उसे बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन हमारी सरकार के लिए कानून-व्यवस्था सर्वोपरि है। कोई भी नेता अगर कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करेगा या माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो हमारी सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

## कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन निर्माण में देरी पर भड़के नगर आयुक्त, 50 हजार जुर्माना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केसरी खेड़ा वार्ड के कनौसी में निर्माणाधीन एफसीटीएस ट्रांसफर स्टेशन का मंगलवार को नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में देरी देख कर वह भड़क गए। कार्यदायी संस्था पर 50 हजार रुपये का जुमाना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में कार्य पूरा न किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मंगलवार दोपहर को कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां निर्माण कार्य में लापरवाही और देरी नजर आई। कार्यदासी संस्था के ठेकेदार से देरी का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता को ठेकेदार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने को कहा। साथ ही कहा कि एक दिन के अंदर अधूरे कार्य पूरे न किए गए तो संस्था का



भुगतान रोक दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने तत्काल शेड बनवाने और बिजली का कनेक्शन लेने का निर्देश दिया। कहा कि वह एक सप्ताह बाद दोबारा निरीक्षण करेंगे। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि अभी ट्रांसफर स्टेशन पर एक बड़ा गेट लगाया जाना है। मुख्य मार्ग से यहां तक सड़क का भी निर्माण किया जाना है। कार्यदायी संस्था को एक सप्ताह में यह सब कार्य करते हुए ट्रांसफार स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा करना है। इस दौरान पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, जोन पांच के जोनल अफसर नंद किशोर, नगर अभियंता राजीव कुमार शर्मा आदि रहे।

# रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज मे अवैध दुकानों के निर्माण पर शासन की रोक

शासनादेश के उलंघन पर प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज गोसाइंगंज के कथित प्रबंध तंत्र द्वारा लगातार विद्यालय की परिसंपत्तियों का दोहन करने और शासनादेश के विरुद्ध फ़र्ज़ी संस्था बना कर विद्यालय पर कब्ज़ा किये जाने के विरुद्ध अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी ने एक शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को सम्बोधित कर त्वरित कार्यवाही की मांग की तथा विद्यालय परिसर मे अवैध दुकानों के निर्माण को रोकने की मांग उठायी।

शिकायतकर्ता आशीष त्रिवेदी के पत्र के संज्ञान लेकर शिकायती पत्र को जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज़ कर जिलाधिकारी लखनऊ के आदेशानुसार उसकी जाँच जिला विद्यालय निरीक्षक



लखनऊ को सौपी गई तथा जांच अधिकारी नियुक्त कर स्थलीय जांच कराई गई जिसमे पाया गया की कथित प्रबंधक द्वारा अवैध धनोरपार्जन हेतु नियम विरुद्ध 6 दुकानों का निर्माण कराया गया है। जाँच मे यह भी स्पष्ट हुआ है की विद्यालय की मातृ संस्था सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 1960 मे हुई थी। शिकायतकर्ता आशीष त्रिवेदी एडवोकेट ने बताया की विद्यालय की स्थापना जब 1960 मे की गई तो 1980 -81 की फ़र्ज़ी संस्था सर्वोदय सेवा संस्थान कैसे मातृ संस्था के रूप मे मान्य होंगी ये सभी फ़र्ज़ी कार्य कथित प्रबंधक चंद्रशेखर त्रिवेदी पूर्व विधायक द्वारा विद्यालय पर भूमाफिया की भांति कब्ज़ा करने और उसके धन और जमीनों का पैसा वसूलने की नियत से किया जाता रहा है। त्रिवेदी ने शासन से मांग करते हुए कहा की इस गंभीर प्रकरण की और विस्तृत जांच के लिए विद्यालय मे साधिकार नियंत्रक की नियुक्ति कर सभी पहलुओं की घहनता से जाँच कर दोषी गणों के विरुद्ध सुसंगत कार्यवाही की जानी चाहिए जिसके लिए शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर विद्यालय को भूमाफियाओ से बचाने की मांग की जाएगी।

## आलमबाग में सीवर बिछाकर सड़क बनाना भूल गए ठेकेदार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** आलमबाग के संजय गांधी मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई लेकिन ठेकेदार उसे बनाना भूल गया। उधर, बिछाई गई सीवर लाइन भी कुछ स्थानों से लीक होने लगी है, जिससे गंदा और बदबूदार पानी सड़क पर बह रहा है। क्षेत्र के लोग कई बार नगर निगम और जलकल विभाग में इसकी शिकायत कर चुके हैं। बावजूद इसके न तो सड़क बनाई जा रही है और न सीवर के लीकेज को बंद किया जा रहा है। इससे मार्ग पर बने 50 से अधिक घरों के लोग परेशान हैं।

संजय गांधी मार्ग पर सीवर बनाने के लिए पिछले महीने गड्ढा खोदा गया। कुछ दिन में सीवर लाइन बिछा तो दी गई पर खोदी गई सड़क की इंटरलॉकिंग को सही नहीं किया। जिसके कारण पूरे मार्ग पर जगह-जगह इंटरलॉकिंग ईंट के टुकड़े पड़े हुए हैं। लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। अब तो सीवर भी कुछ स्थानों से लीक हो रहा है। उसका गंदा और बदबूदारा पानी मार्ग पर जमा हुआ है। यहां की निवासी सरस्वती का कहना है कि पति और हम बुजुर्ग हैं। सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। रागिनी दुबे ने बताया कि जलकल विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई तो वह भी टालमटोल कर रहे हैं। बनाने के आश्वासन के बावजूद सड़क और सीवर लाइन दुरुस्त नहीं हो रही है। यहां की निवासी नीतू सिंह का कहना है कि कई बार अंधेरे में लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। बताया कि इस मार्ग पर 50 से अधिक घर हैं। जिनको उखड़ी सड़क और सीवर के बदबूदार पानी से परेशानी हो रही है। निवासियों ने मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को प्रार्थना पत्र देकर सड़क और सीवर को सही करवाने का अनुरोध किया है।

# एयरपोर्ट पर कार्गो लगेज में स्कैनिंग के दौरान डिब्बे में मिला नवजात का शव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में मंगलवार सुबह नवजात का शव मिलने से हड़कंप मच गया। कोरियर कराने आये एजेन्ट के सामान में मौजूद एक डिब्बे के अन्दर मिला नवजात बच्चे का शव मिलने से कार्गो कर्मचारियों में दहशत फैल गयी। आनन फानन कार्गो स्टाफ द्वारा सीआईएसएफ को सूचना देने के साथ ही कोरियर कराने आये युवक को पकड़कर सीआइएसएफ के हवाले कर दिया। वहीं सीआईएसएफ की पूछताछ के दौरान युवक उक्त शव के बारे में कुछ भी नहीं बता सका। लखनऊ एयरपोर्ट पर कार्गो स्टाफ रोज की तरह मंगलवार को भी सुबह कार्गो के लिए बुक होने वाले सामान की स्कैनिंग कर रहे थे। इसी दौरान



एक प्राइवेट कम्पनी का कोरियर एजेन्ट कार्गो के जरिये सामान बुक कराने आया। कार्गो स्टाफ द्वारा जब उसके द्वारा बुक कराये गये सामान की स्केनिंग की जाने लगी तो एक प्लास्टिक के डिब्बे के अन्दर एक नवजात का शव स्केनिंग मशीन में डिटेक्ट हुआ। कार्गो कर्मचारियों द्वारा पैकेट खोले जाने पर उसमें लगभग 1 महीने के बच्चे का शव मिला। यह देख कार्गो कर्मचारियों को होश उड़ गये। आनन फानन इसकी सूचना सीआईएसएफ को देने के साथ ही पुलिस को भी दी गयी। फिलहाल कोरियर कम्पनी का कर्मचारी उक्त डिब्बे तथा शव के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। एयरपोर्ट चौकी प्रभारी ने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट कार्गो परिसर में नवजात का शव मिला है इसके बारे में कोरियर कराने आये व्यक्ति से पूछताछ की जा रही हैं। फिलहाल किसी व्यक्ति द्वारा नवजात के शव को परीक्षण कराने के लिए बाम्बे भेजने की बात सामने आ रही है लेकिन इसके सम्बन्ध में हवाई मार्ग से जाने वाले कोई कागजात कोरियर एजेन्ट नहीं दिखा पाया है फिलहाल मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में कवि सम्मेलन हुआ, लगे खूब ठहाके

**लखनऊ।** स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की पंद्रहवीं सांस्कृतिक संध्या पर कवियों ने जोरदार तरीके से प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवम गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर विनय दुबे, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर अजल फाउंडेशन के के संस्थापक सुनील कुमार मल्होत्रा एवं सह संस्थापक गौरव कुमार श्रीवास्तव ने कविता पाठ पढ़ा गया। सर्वप्रथम सुनील कुमार मल्होत्रा ने षुजरी बातों को छोड़ा न जाए। पुराने जख्मों को कुरेदा न जाएष। वहीं गौरव गौरवान्वित द्वारा रचित पाठ प्रस्तुत किए जानें पर दर्शकों में जोश पूरे उत्साह से दिखा।

# पुलिस पर दबंगों से मिलीभगत का आरोप

बीजेपी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद एफआईआर दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोजनी नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को महिला को मकान निर्माण से रोकने वाले दबंगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आरोपियों ने मकान की दीवार तोड़ दी थी और महिला को जाति सूचक गालियां दी थीं। मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए सरोजनी नगर थाने का घेराव किया था। बीते दिनों सरोजनी नगर की अवध विहार कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी शांति देवी अपने पुश्तैनी मकान में निर्माण करा रही थी। विपक्षी अभय प्रताप, रंजीत, गोलू, बबलू, राहुल और अंकित अपने दो तीन अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और निर्माण कार्य रोकने लगे थे। महिला ने लगाया था कि 5 सितंबर को रात करीब 10.30 बजे सभी लोग शांति के घर में घुस गए। गाली गलौज करते हुए हत्या की धमकी दी। पीड़िता की बेटी से अभद्रता की और उसे मारने पीटने लगे। जब पुलिस को सूचना दी गई, तो पुलिस ने शांति की रिपोर्ट नहीं दर्ज की। बल्कि आरोप है कि स्थानीय चौकी पुलिस ने विपक्षी के साथ मिली भगत कर अवैध तरीके से दीवाल खड़ी करा दी थी।

घर में घुसकर तोड़फोड़ करने के साथ ही दबंगों ने मकान खाली करने की धमकी दी थी। एक दूसरे मामले में इसी तरह दरोगा खेड़ा, मीरानपुर पिनवट निवासी कल्पना रावत के मकान पर मोटरसाइकिल और चार पहिया गाड़ी से पहुंचे प्रधान वंश राज बंसल और प्रधान के भाई-बहन और अन्य लोग सीधे उसके घर के अंदर घुस गए। घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मकान खाली करने की धमकी देने के साथ सभी आरोपी उसका सामान फेंकने लगे थे। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने इन दोनों मामलों को लेकर सोमवार को सरोजनी नगर थाने का घेराव किया था। पुलिस पर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने की जगह उनको बचाने का आरोप लगा था। 2 घंटे तक चले धरने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला खत्म कराया। इसके बाद शांति देवी मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे भाजपा के सरोजनी नगर मंडल अध्यक्ष सूरज रावत के नेतृत्व में तमाम महिला पुरुष हाथों में भाजपा के झंडे लेकर सरोजनी नगर थाने पहुंचे और थाने के बाहर धरने पर बैठ गए।

इनका कहना है कि बीते दिनों यहां की अवध विहार कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी शांति देवी अपने पुश्तैनी मकान में निर्माण करा रही थी। विपक्षी अभय प्रताप, रंजीत, गोलू, बबलू, राहुल व अंकित अपने दो तीन अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और निर्माण कार्य रोकने लगे।

## रहीमाबाद में सियार के हमले में घायल छात्र की मौत, रहमानखेड़ा में बाघ के निशान

**रहीमाबाद।** सियार के हमले से घायल हुए रहीमाबाद के रुसैना गांव के इंटर के छात्र भुवनेश की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। करीब एक माह पहले खेत पर गए भुवनेश पर सियार ने हमला कर घायल कर दिया था। रुसैना गांव निवासी राजू का बेटा भुवनेश इंटर का छात्र था। पांच नवंबर को वह खेत पर गया था। वहां सियार ने उस पर हमला बोल दिया। सियार ने उसको शरीर में कई जगह काट लिया। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े और लाठी डंडे लेकर सियार को खदेड़ा। गंभीर हालत में उसे सीएचसी मलिहाबाद में भर्ती कराया गया। वहां से उसे लखनऊ भेज दिया था। लखनऊ में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार सुबह भुवनेश की मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिवार सदमे में है।

# ईडी ने विनय वायर एंड पॉली प्रोडक्टस कम्पनी के फ्लैट व जमीन कुर्क किए

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कानपुर की विनय वॉयर एंड पॉली प्रोडक्टस कंपनी का व्यवसायिक भूखण्ड और तीन फ्लैट मंगलवार को कुर्क कर लिए। करीब साढ़े छह करोड़ रुपये की ये चारों सम्पत्तियां अहमदाबाद और कानपुर में हैं। ईडी ने बैंक ऑफ बड़ोदा से करोड़ों रुपये का ऋण लेकर फर्जीवाड़ा करने के मामले में यह कार्रवाई की है। इस मामले में सीबीआई मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। इसका ही ईडी ने यह संज्ञान लिया था।

ईडी के अफसरों के मुताबिक कुर्क की गई सम्पत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुर्क किया है। इस कंपनी के निदेशकों विनय कनोडिया, ब्रजेश कनोडिया ने बैंक ऑफ बड़ोदा से करोड़ों रुपये का ऋण लिया था। फिर इस रकम को फर्जी दस्तावेजों के जरिए हड़प लिया गया। सीबीआई की लखनऊ स्थित एंटी करप्शन ब्रांच ने मुकदमा दर्ज किया था। इसका ही संज्ञान ईडी ने लिया था। ईडी की जांच में सामने आया था कि विनय वायर एंड पॉली कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल बैंक में क्रेडिट खाता खोलकर ऋण निधि का दुरुपयोग किया था। इस सुविधा का इस्तेमाल कर इन लोगों ने रकम को अपने व्यक्तिगत खातों में स्थानान्तरित कर लिया था।

इसके अलावा निदेशकों ने चालू खाता व ऋण खातों में किश्त जमा करने से बचने के लिए नियमों का उल्लंघन किया। इस पर बैंक ने इस कम्पनी के खाते को एक अप्रैल 2018 को एनपीए घोषित कर दिया था। ईडी के अफसरों के मुताबिक विनय वायर एंड पॉली प्रोडक्ट्स लि. का एक अप्रैल, 2018 तक बकाया 18.95 करोड़ रुपये था। इस पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस कम्पनी द्वारा गिरवी रखी गई आठ संपत्तियों को बेच दिया था।

## न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अमेरिका तथा मिस्र के लोक साहित्य को प्रस्तुत किया



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार स्थित न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने अमेरिका तथा मिस्र के लोक साहित्य को रंगारंग कार्यक्रमों से प्रस्तुत किया। समारोह का आयोजन सीबीएसई की कला एकीकृत परियोजना के तहत किया गया। समारोह का उदघाटन स्कूल की प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने किया। समारोह में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं ने कव्वाली के माध्यम से मिस्र के राजाओं के शासन काल व मिस्र की विश्व प्रसिद्ध मम्मी द्वारा दिखाया। इसके अतिरिक्त गीजा के प्रसिद्ध पिरामिड को भी दर्शाया गया। कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं द्वारा अमेरिका के लोक.साहित्य को दिखाया गया जिसके अन्तर्गत अमेरिका के 16 वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की मृत्यु के उपरान्त हुई भगदड, सिविल मूवमैण्टए थॉमस एडीसनए अमेरिका में नारी सशक्तिकरण के साथ हाल ही में हुए अमेरिकन चुनाव को भी आर्कषक रूप से दर्शाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमो से बच्चो के बौद्विक तथा समाजिक विकास को बल मिलता है। साथ ही वह अपने लोक साहित्य को वैश्विक पटल पर रखकर तुलनात्मक अध्ययन करने की क्षमता को विकसित करता है।

# हसनगढ़ में हुआ हिन्दू-मुस्लिम विवाद, जमकर हुई मारपीट

» पुलिस व पीएसी मौके पर पहुंची, किया फ्लैग मार्च

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** गत एक माह पूर्व मुस्लिम पक्ष द्वारा एक हिन्दू व्यक्ति को घर बुला कर की गई बुरी तरह से मारपीट के बाद मंगलवार को एक बार फिर दौनो समुदाय के लोगो मे विवाद हो गया। गाली गलौज के साथ जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पाते ही सीओ नीतीश गर्ग एवं प्रभारी निरीक्षक सुधीर राघव के नेतृत्व में कई थानों का पुलिस फोर्स एवं पीएसी मौके पर पहुंच गये हैं। सीओ के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी फोर्स द्वारा गांव में फ्लैगमार्च किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभजक माह पूर्व थाना क्षेत्रान्तर्गत गांव हसनगढ़ में निवासी याद अली पुत्र अकबर खां द्वारा गांव के ही विनोद कुमार कुशवाह पुत्र भीष्म पाल को घर बुला कर बुरी तरह से मारापीटा गया था। आरोप है कि आरोपी शाम के वक्त विनोद को मरणासन्न अवस्था मे उसके घर के पास डाल गये थे।



इस घटना का पुलिस द्वारा पीड़ित विनोद की तहरीर पर थाने में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। आरोप है कि मंगलवार को याद अली पक्ष के लोगो द्वारा विनोद कुशवाह के घर पर चढ़कर गाली गलौज करना शुरूकर दिया विरोध करने पर दौनो पक्षो में मारपीट होना शुरू हो गयी। देखते देखते मामला हिन्दू -मुस्लिम बन गया। और दौनो समुदाय के लोगो ने एक दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया।

**कढ़ाई-भगौने को लेकर हुआ था विवाद शुरू:** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर राघव ने बताया कि गांव के याद अली व विनोद पुराने मित्र थे। लगभग दो वर्ष पूर्व याद अली की माँ की मृत्यु हो गयी थी।

विनोद के लड़के ने याद अली के यहाँ भाड़े पर भगौने और कढ़ाई देने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर याद अली विनोद से दुश्मनी मानता है। लगभग दो माह पूर्व याद अली विनोद को अपने घर बाइक से ले गया। और घर मे बन्द कर याद अली और उसके परिजनों ने विनोद को बुरी तरह से मारा पीट कर लहूलुहान कर दिया था। इस घटना की प्राथमिकी कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज कर ली गयी थी।

मंगलवार को इसी घटना को लेकर दौनो पक्षो में पुनः मारपीट हो गयी। इस घटना के बाद मुस्लिम पक्ष के दो दर्जन युवकों ने मोहित नाम के युवक पर घेरकर हमला करने का प्रयास किया गया। मगर पुलिस फ़ोर्स की मुस्तैदी के चलते मुस्लिम युवक अपने मकसद में कामयाब नही हो सके।

दौनो घटनाओ को लेकर अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा कोई तहरीर नही दी गयी है।

## अद्वैत पब्लिक स्कूल में दिव्यांगता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

» हमारा स्नेह व सहयोग दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को ऐसे पर लगाएगा कि वे हर क्षेत्र में सफलता की उडान भरने में कामयाब होंगेः महंत मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर श्री अद्वैत परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित अद्वैत पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने दीप प्रज्वलित करके किया। श्री सिद्धेश्वर महादेव कुटी के महंत, श्री अद्वैत परिवार फाउंडेशन व स्कूल के अध्यक्ष मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य ने कहा कि दिव्यांगता दिवस मनाने की सार्थकता तभी है, जब हम दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह ही स्नेह, प्यार, आशीर्वाद व सहयोग दें। हमारा स्नेह व सहयोग दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को ऐसे पर लगाएगा कि वे हर क्षेत्र में सफलता की




उडान भरने में कामयाब होंगे। डीएड कॉलेज के समन्वयक श्याम सुंदर साहनी ने विश्व दिव्यांगता दिवस 2024 के थीम के विषय में बताते हुए कहा कि इस वर्ष का थीम दिव्यांग जनों के समावेशी भविष्य के लिए उनका नेतृत्व करना है। हर वर्ष 3 दिसंबर दिव्यांगता के क्षेत्र में एक पर्व के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य दिव्यांगता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दिव्यांगजनों का समाज में एकीकरण व उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान कर सशक्त बनाना है। संस्था की निदेशक निधि देवेश्वर, मनीराम पाठक, श्याम सुंदर साहनी, शेखर यादव, प्राची नेगी, निखत सिद्दीकी अंजली त्यागी आदि भी मौजूद रहे।

## निलंबित चल रहे अधिवक्ताओं को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने किया बहाल

» बार एसोसिएशन चुनाव का रास्ता हुआ साफ दिसम्बर माह में सम्पन्न होंगे बार एसोसिएशन के चुनाव

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज की बार एसोसिएशन के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है।उत्तर प्रदेश की बार काउंसिल के अध्यक्ष ने शिवकुमार गौड़ ने निलंबित चल रहे नौ अधिवक्ताओं को बहाल कर दिया है।बार एसोसिएशन अलीगंज के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिसंबर माह में चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है इसी माह में बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न करवाया जायेगा।जानकारी के अनुसार तत्कालीन बार एसोसिएशन अध्यक्ष



मुनीश्वर दयाल एवं बार एसोसिएशन सचिव महेंद्र शाक्य द्वारा नौ अधिवक्ताओं को बार एसोसिएशन के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के कारण बार की सदस्यता से निलम्बित कर दिया गया था उक्त प्रकरण बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के समक्ष चल रहा था जिसका निस्तारण करते हुए सभी निलंबित सदस्यों को बहाल करते हुए सभी सुविधाएं बार एसोसिएशन द्वारा दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। बार एसोसिएशन अलीगंज के मौजूदा अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ द्वारा 2 दिसंबर को एक आदेश पारित किया गया है जिसमें पिछली कार्यकारिणी द्वारा हमारी तहसील के 9 अधिवक्ता गणों को अम्बरीष सिंह आदि को बहला किया गया है ।बार में शामिल किया जाए। एल्डर्स कमेटी पर एफ आई आर के आदेश को निरस्त कर दिया गया है। हमारे मुखिया बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने यह आदेश किया है कि जल्द ही बार एसोसिएशन अलीगंज के चुनाव संपन्न कराए जाएं।

## आंदोलन कर रहे किसानों की गिरफ्तारी की सीटू ने की कड़ी निंदा



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** किसानों की कई लंबित मांगों/ समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों को आज दलित प्रेरणा स्थल से प्रशासन ने संवैधानिक नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसकी सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर कमेटी कड़ी निंदा करती है और किसानों के आंदोलन के समर्थन व एकजुटता में 5 दिसंबर 2024 को दोपहर 3ऋ00 बजे जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही 4 दिसंबर 2024 को दलित प्रेरणा स्थल से दिल्ली कूच आंदोलन में सीटू कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि दमन के आधार पर किसानों के हक अधिकारों की लड़ाई को कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। मजदूर किसान एकजुट होकर लड़ेंगे और जीतेंगे।

## कु. मायावती महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट व गाइड शिविर का किया गया शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आज कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर में पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. डॉ0 अनीता रानी राठौड़ के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। छात्रा नीलांशी, साक्षी एवं पूजा के द्वारा सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति की गई। प्राचार्या कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर द्वारा अपने उद्बोधन में छात्राओं को शिविर में निरंतर उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि स्काउट गाइड जैसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, एवं समाज सेवा के मूल्यों का विकास कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने में सहायता करते है, स्काउट शिविर का आयोजन छात्राओं को रचनात्मक मंच प्रदान करता है, जिससे कि सशक्त युवा एक सशक्त समाज का आधार बन सके। स्काउट गाइड प्रशिक्षक के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट शिवकुमार एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड शेफाली के द्वारा छात्राओं को पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप के नियम बताएं गए एवं कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी। मंच का संचालन बीएड विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार के द्वारा किया गया, जिसमें विभाग के समस्त सदस्य डॉ अमर ज्योति, डॉ रामा कांति, डॉ दीपक कुमार शर्मा, डॉ सोनिया यादव, डॉ गौरव, डॉ दीप्ति कमल कश्यप उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर साइकिल सवार की दर्दनाक मौत



**गाजियाबाद।** साइकिल पर सवार होकर काम पर जा रहा युवक की ट्रैक्टर-ट्रॉली के चपेट में आने से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पीआरवी ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। घटना कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर की है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक की पहचान रामायण सिंह (27) पुत्र शियोग सिंह मूल निवासी ग्राम डूमरी जिला बलिया के रूप में हुई है। वह मेरठ रोड पर स्थित एक कॉलोनी में रहते थे। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

## जीटी रोड बन जाने के बाबजूद भी एटा का पिछड़ापन क्यों दूर नहीं हो रहा

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जनरथ बस, उत्तर प्रदेश राज्य पथ परिवहन निगम (क्वत्र्ञ्ळष्ट) की एक प्रीमियम एसी बस सेवा है. ये बसें आरामदायक होने के लिए जानी जाती हैं. इनमें कई तरह की सुविधाएं होती हैं और ज़्यादातर बसें साफ़-सुथरी होती हैं. जनरथ बसें लंबी दूरी की यात्रा के लिए किफ़ायती विकल्प साबित होती हैं। एटा के लिए न तो ट्रेन की सुविधा हैं, क्वत्र्ञ्ळष्ट की दिल्ली -लखनऊ जनरथ /ए.सी /पिंक /शताब्दी /वॉल्वो /स्कैनिआ आदि की 2 दर्जन से अधिक बस जीटी रोड से होकर दिल्ली वाया एटा नहीं जाती हैं, लखनऊ -अलीगढ जनरथ बस सेवा भी आगरा होकर जाती है द्य क्वत्र्ञ्ळष्ट ने सभी बसों का रूट आगरा से होते हुए तय किया हुआ हैं, जबकि आगरा के लिए तो ट्रेन सुविधा भी हैं, दिल्ली



रोडवेज, राजस्थान रोडवेज, हरियाणा रोडवेज, अन्य राज्यों की रोडवेज, प्राइवेट्ढ्ढ बस सेवा की दर्जनों बस है। एटा की जनता जानना चाहती हैं कि क्वत्र्ञ्ळष्ट की *दिल्ली -लखनऊ जनरथ /ए.सी /पिंक /शताब्दी /वॉल्वो /स्कैनिआ आदि की कुछ बस बाया एटा होकर अलीगढ, दिल्ली क्यों नहीं जा सकती मेडिकल कॉलेज, जवाहर तापीय योजना से जुड़े अधिकारी /कर्मचारियों , जनपद एटा के निवासियों को अच्छी बस सेवा से क्यों वँचित रखा गया है। जन सुविधाओं को विस्तारित करने के लिए जन प्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई पहल कदमी की हो ऐसा अभी तक नहीं दिखा। यदि एटा के सांसद और विधायक इस को लेकर प्रयास करें तो एटा के लिए आवागमन की दृष्टि से यह बड़ी सौगात होगी।

# एसकेएम ने ग्रेटर नोएडा के किसानों की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की

» शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन

» पुलिस बल का प्रयोग लोगों के ज्वलंत मुद्दों को हल नहीं कर सकता

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** दिल्ली हाईवे पर दलित प्रेरणा स्थल पर किसानों की गिरफ्तारी के लिए एस के एस योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी निंदा करता है। पुलिस ने सौ से अधिक महिलाओं सहित सैकड़ों किसानों को गिरफ्तार किया है और उन्हें विरोध स्थल से जबरन हटा दिया है।

यह शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है और एसकेएम न्यायपालिका से हस्तक्षेप करने और मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का आग्रह करता है। एसकेएम उत्तर प्रदेश के सीएम को याद दिलाता है कि पुलिस बल का उपयोग उन लोगों के ज्वलंत मुद्दों को हल नहीं कर सकता है जिन्होंने अपनी कीमती जमीन और आजीविका को थोड़े से पैसे के लिए खो दिया है। एसकेएम ने 2 दिसंबर 2024 को किसान नेतृत्व के साथ बनी आम सहमति का खुलेआम उल्लंघन करने के लिए राजस्व और पुलिस विभाग दोनों यूपी प्रशासन के अहंकार का विरोध किया, जिसमें यूपी के मुख्य सचिव को किसान नेतृत्व के साथ चर्चा करने और मांगों को हल करने के लिए 7 दिन का समय मांगा गया था।

उनके अनुरोध के अनुसार, किसानों ने संघर्ष का स्थान अंबेडकर पार्क के दलित प्रेरणा स्थल पर स्थानांतरित कर दिया था और रात-दिन धरना संघर्ष जारी रखा था। लेकिन भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे किसानों को बलपूर्वक हटा दिया गया। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के किसानों को प्रभावित करने वाली परियोजना का उनके भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष पिछले 18 वर्षों से अधिक समय से जारी है। 2008, 2011 और 2012 के दौरान इस संघर्ष के तहत पुलिस गोलीबारी में छह किसान शहीद हुए थे। इस परिप्रेक्ष्य में, मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन यूपीए 2 सरकार किसानों के भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (आरएफसीटीएलएआरआर अधिनियम) बनाने के लिए मजबूर हुई थी। लेकिन 2014 में, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत एनडीए 1 सरकार एलएआरआर अधिनियम 2013 को अमान्य करने के लिए भूमि अधिग्रहण अध्यादेश ले आई। भूमि अधिकार आंदोलन के बैनर तले देश भर में किसानों के संघर्ष के कारण वे कानून बनाने में विफल रहे।

उत्तर प्रदेश सहित भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों ने एलएआरआर अधिनियम 2013 का उल्लंघन करने के लिए राज्य भूमि कानून लाए थे। लेकिन किसान अपने वास्तविक भूमि अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रख रहे हैं और ग्रेटर नोएडा परियोजना से प्रभावित किसानों का संघर्ष इस देशव्यापी संघर्ष का हिस्सा है। भूमि के सर्किल रेट में 2017 से संशोधन नहीं किया गया है।

यूपी में किसानों को रोजगार, पुनर्वास और पुनर्वास सहित एलएआरआर अधिनियम 2013 द्वारा सुनिश्चित पर्याप्त, वैध मुआवजे और लाभों से वंचित किया गया है। ग्रेटर नोएडा परियोजना से प्रभावित किसान विकसित भूमि का 10त्न वापस पाने, भूमिहीन किसान परिवारों के लिए रोजगार, पुनर्वास और पुनर्वास के अलावा मुआवजे के रूप में सर्किल रेट की 4 गुना दर पाने के हकदार हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार परियोजना प्रभावित किसानों के इन वैध अधिकारों को सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। ग्रेटर नोएडा के किसानों के अलावा, पूरे उत्तर प्रदेश में लाखों किसान परिवार भी प्रभावित हैं। एसकेएम सभी किसानों से अपील करता है।

## मिशन शक्तिः अब नारी ने ठाना है, नशामुक्त समाज बनाना है

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/कासगंज।** समाज की संरचना महिला से शुरू होती है। इस दृष्टि से नशा निवारण में भी महिलाएं महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। एक मां के रूप में अपने बच्चे का, एक पत्नी के रुप में पति का एवं एक सदस्य के रुप में परिवार के अन्य पुरुष सदस्यों को नशे जैसी बुरी आदतों के बारे में जागरूक करने में अपनी महती भूमिका निभा सकती है। नशे के आदी व्यक्ति का तिरस्कार करने की बजाए उसे सहयोग की आवश्यकता है ताकि उसे सुधरने का अवसर मिल सके। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत



महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान के तहत नशीली वस्तुओं का सेवन न करने एवं नशावृत्ति के कारण परिवार को होने वाली शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक भी किया गया।

नशे की लत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति जागृत करने एवं नशामुक्ति विशेषज्ञों एवं परिवार की महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कराये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए गए। इसके साथ ही महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर अपनी बात या शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के फुटपाथ पर दौड़ने वाली थार सीज, चालक फरार

**इंदिरापुरम।** रविवार देर रात सोशल मीडिया पर तेजी से एक वीडियो वायरल हुई। वीडियो में एक युवक काली थार को नेशनल हाईवे नौ के फुटपाथ पर अंधाधुंध दौड़ाता दिख रहा है। हालांकि गनीमत रही कि कोई भी राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया। वहीं सोशल मीडिया पर जब वीडियो वायरल हुई तब इंदिरापुरम पुलिस ने संज्ञान लिया। फिलहाल गाड़ी को विजयनगर से पुलिस ने जब्त कर सीज कर दिया है। वहीं उसे चलाने वाले युवक को पुलिस टीम तलाश रही है। एनएच नौ पर काली थार के दो पहिये फुटपाथ पर और दो पहिये सड़क पर रखकर तेज रफ्तार में दौड़ाने का वीडियो सोमवार को इंदिरापुरम पुलिस के पास पहुंचा। ट्विटर पर साझा हुई इस वीडियो के बाद सोशल मीडिया के बाकी प्लेटफॉर्म पर भी तेजी से साझा हुई। पुलिस ने वीडियो से गाड़ी का नंबर ट्रेस किया तो पता चला कि गाड़ी विजय नगर निवासी सौरभ के नाम पर पंजीकृत है। छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि गाड़ी विजयनगर में है।

## बाइक सवार 18 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा हुई दर्दनाक मौत

» शव का कराया गया पोस्टमार्टम, परिजनों में मचा हाहाकार

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज थाना क्षेत्र के मैनपुरी रोड तिराहे से 100 मीटर दूर रात 8ऋ00 बजे अज्ञात वाहन ने 18 वर्षीय बाइक सवार युवक को रौंद दिया।सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना मिलते ही अलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची । एक्सीडेंट की सूचना पर परिजन दौड़े दौड़े घटना स्थल पर पहुंचे। गंभीर अवस्था में युवक अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया है।जानकारी के अनुसार चमननगरिया निवासी रिंकू पुत्र राजेश अपनी बाइक



से बाजार के तरफ से वापस गांव जा रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया।युवक की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई है।वहीं युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।घर में मातम पसरा हुआ है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर शिव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि परिजनों द्वारा युवक को अस्पताल लाया गया था।युवक बुरी तरह से जख्मी था नाक ,कान और आंख से हैवी ब्लीडिंग हो रही थी।परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया है। एक्सीडेंट के दौरान युवक की मौके पर ही मौत हो गई है।वहीं एक्सीडेंट के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया है।पुलिस वाहन चालक के तलाश में जुटी है।घर में चीत्कार मचा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर में घायल युवक की मौत



**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में बाराबंकी रामनगर हाईवे पर हसनपुर मोड़ के निकट मंगलवार की प्रातः करीब तीन बजे एक आटो को अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर मारकर भाग निकला। आटों पर सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिनको ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस पर धनश्याम की मौत हो गई। परिजनों का रो-रो के बुरा हाल था। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लोहारन पुरवा, पूरे किन्हौली निवासी धनश्याम पुत्र बद्री प्रसाद 24 वर्षीय आटों चालता था। मंगलवार की प्रातः करीब तीन बजे गांव के अमीत कुमार वर्मा पुत्र अमर सिंह वर्मा 26 वर्षीय आटों रामनगर की ओर से वापस घर की ओर लौट रहा था कि बाराबंकी रामनगर हाईवे पर थाना क्षेत्र के टीआर भट्ठा के करीब पहुंचा था कि किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें आटों तो क्षतिग्रस्त हुआ ही साथ में चालक धनश्याम और साथी अमित गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्साक घनश्याम को मृतक घोषित कर दिया। अमित का इलाज चल रहा है।

### 30 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान में 2.12.2024 को उ0नि0 हेमनारायण थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त रामप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव निवासी देवकली पश्चिम थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष को नगेशरगंज अण्डरपास लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे के पास से समय करीब 08:45pm गिरफ्तार किया गया। स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल सं0 क्ष36 5956 के कागज मांगने पर दिखा न सके। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### एचडीएफसी बैंक शाखा में लगी आग,बैंक कर्मचारी और ग्राहकों ने भागकर बचाई जान

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के नाका पैसार स्थित एचडीएफसी बैंक में आज दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट-सर्किट के कारण लगी। घटना के समय बैंक में ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने तुरंत परिसर खाली कर दिया। बताया जा रहा है कि बैंक समय में आग लगने के कारण अंदर मौजूद ग्राहकों में भय और हड़बड़ी का माहौल बन गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए बैंक से बाहर भागे। इस दौरान कर्मचारियों ने स्थिति को संभालने की कोशिश की और फायर इंस्ट्रूमेंट का इस्तेमाल कर आग बुझाने का प्रयास किया। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। प्रशासन ने बैंक परिसर को सुरक्षित किया और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अभी शॉर्ट सर्किट को घटना का कारण बताया जा रहा है। घटना के कारण बैंक का कार्य काफी प्रभावित हुआ है। फिलहाल बैंक प्रबंधन नुकसान का आकलन कर रहा है। हालांकि समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ी दुर्घटना टल गई।

### हिंदू संगठनों ने निकाली रैली, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार स्वीकार नहीं

**बाराबंकी।** जनपद में मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंसा के विरोध में भारी आक्रोश देखा गया। सैकड़ों साधु-संतों और हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर में रैली निकालकर विरोध जताया। जीआईसी मैदान से शुरू हुई रैली पटेल तिराहे होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रपति से आग्रह किया गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और इस मामले में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की जाए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपील की कि बांग्लादेश में हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफठोस कदम उठाए जाएं। रैली में शामिल साधु-संतों और हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, और उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की मांग की। रैली और प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा, जिससे शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखी गई। प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी और ज्ञापन सौंपने के बाद वापस लौट गए। बाराबंकी का यह प्रदर्शन दिखाता है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा देशभर में तूल पकड़ रहा है। विभिन्न हिस्सों से लोग अपनी चिंता और आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं और जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

### हाईवे पर पिकअप वाहन खराब होने से लगा जाम

**बाराबंकी।** जिले में मंगलवार दोपहर को एक पिकअप वाहन के अचानक खराब हो जाने से हाईवे पर वाहनों का भीषण जाम लग गया। इस जाम में एक एम्बुलेंस भी फंसी रही, हालांकि गनीमत यह रही कि एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं था। रामनगर क्षेत्र के मसौली चौराहा के पास बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर डिवाइडर कट के पास पिकअप वाहन खराब हो गया, जिससे हाईवे पर वाहनों का लंबा जाम लगने लगा। इस जाम में करीब एक घंटे तक वाहन रेंगते रहे, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में फंसी एम्बुलेंस को देखकर स्थानीय लोगों में चिंता भी बढ़ गई, लेकिन जब यह पता चला कि एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं था, तो राहत की सांस ली गई। स्थानीय पुलिस ने सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर पहुंचकर जाम में फंसे वाहनों को हटाने का काम शुरू किया। पुलिस ने खराब वाहन को हाईवे किनारे से हटवाकर आवागमन को फिर से सुचारु रूप से शुरू कराया। इस प्रक्रिया में काफी मशक्कत और समय लगा, लेकिन आखिरकार जाम को हल किया गया और यातायात फिर से सामान्य हुआ। मसौली थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को मसौली चौराहे पर जाम की सूचना मिली थी। तुरंत मौके पर पहुंचकर खराब वाहन को हाईवे किनारे करवाया और यातायात को फिर से सुचारु रूप से चलवाया गया, ताकि लोगों को कोई और परेशानी न हो।

### फतेहपुर तहसील में अधिवक्ताओं की 11वें दिन भी हड़ताल जारी

**बाराबंकी।** जिले के फतेहपुर तहसील में अधिवक्ताओं की हड़ताल 11वें दिन भी बदस्तूर जारी रही। इस दौरान अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला पंचायत अध्यक्ष और एमएलसी से भेंट कर के अपना मांग-पत्र सौंपा और निराकरण किए जाने की मांग की है।तहसील परिसर व उपनिबन्धक कार्यालय में मंगलवार को अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी रहा। अधिवक्ता अपनी मांगो को लेकर डटे हुए हैं। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल की अगुवाई में पूर्व बार अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता शीलरत्न मिहिर, गणेश शंकर मिश्रा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत से भेंट करने के लिए उनके कार्यालय पहुंचे।

जहां पर प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांग को रखते हुए कहा कि जिस स्थान पर उपनिबन्धक कार्यालय बनना प्रस्तावित है वह सुरक्षा के दृष्टिगत ठीक नहीं है। करोड़ों का लेन-देन इस पुरानी कचहरी के अन्दर होता है। यहां पर अधिवक्ताओं, स्टाम्प वेन्डर, मुंशी व अन्य सहयोगियों सहित करीब 500 लोगों की रोजी रोटी का सवाल है। ऐसे में पुरानी कचहरी में ही आवश्यकता के अनुरूप बने बंद पड़े उपनिबन्धक कार्यालय के पास ओर अधिक भूमि मिल सकती है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने समस्या के निराकरण कराए जाने के प्रयास की बात कही है।

# भाजपा संघठन चुनावः जिला अध्यक्ष पद के लिए शुरू हुआ जोड़ तोड़

> उन्नाव जिला अध्यक्ष की कुर्सी बदलना तय, मूल रूप से हरदोई के निवासी हैं अवधेश कटियार

लोकमित्र ब्यूरो



**सफीपुर, उन्नाव।** बीजेपी के संगठन में भारी फेरबदल की कवायद शुरू हो चुकी है. प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर तक संगठन में बदलाव की तैयारी है. इतना ही नहीं बीजेपी ने नए नए अध्क्यक्षों के लिए उम्र सीमा भी तय कर दी है. माना जा रहा है कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी के संगठन में भारी बदलाव नजर आएगा।

शीर्ष नेतृत्व के अनुसार भाजपा में जिला अध्यक्ष पद के लिए 45 वर्ष से लेकर 60 वर्ष के बीच वालों को ही जिला अध्यक्ष के लिए मौका दिया जाएगा। उन्नाव जिले में वर्तमान जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार की जिला अध्यक्ष की कुर्सी संभालते ही विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बंपर जीत हासिल की थी भाजपा ने अपने जिले के सभी विधानसभा सीटों पर विजय श्री हासिल की थी पर नगर निकाय चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा का ग्राफ गिरता ही गया हालांकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी साक्षी महाराज ने लोकसभा सीट तो जीत ली परंतु 4 लाख से अधिक मतों में से जीत का अंतर सिर्फ 40000 ही आ गया। भाजपा के गिरते ग्राफ से माना जा रहा है कि उन्नाव जिले में जिला अध्यक्ष की कुर्सी बदलना तय हैं हालांकि वर्तमान जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार दूसरे जनपद हरदोई जिले के मूल निवासी बताए जाते हैं जिससे कार्यकर्ता दबे जबान उन्नाव जिले में जिले का ही निवासी सक्रिय कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष के रूप में देखना चाहता है।

भाजपा में संभावित जिला अध्यक्षों की लिस्ट बहुत लंबी है परंतु कुछ संभावित प्रत्याशियों अभी से ही क्षेत्रीय कार्यालय से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को अपना बायोडाटा देकर अपनी गोट बिछाने में लग गए हैं।

**जिले के निवासी कई सक्रिय पदाधिकारी भी हैं जिला अध्यक्ष की रेस में शामिल:** क्षेत्रीय टीम में रहे जनपद के ही वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह को भी संभावित प्रत्याशी के रूप में माना जा रहा है।

इसी प्रकार भाजपा की जिला टीम में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे सरोज सिंह चौहान, पूर्व में महामंत्री व उपाध्यक्ष रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय शुक्ला, वर्तमान में भाजपा महामंत्री, पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों के जिला संयोजक एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके प्रवीण सिंह नूतन का नाम भी रेस में प्रमुख बताया जाता है, हालांकि भाजपा के गठन के बाद से उन्नाव जनपद में कोई भी क्षत्रिय समाज से जिला अध्यक्ष अभी तक नहीं बना इन तर्कों से भी प्रदेश नेतृत्व अवगत है। इसी प्रकार जिला के उपाध्यक्ष आनंद अवस्थी, वर्तमान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बालाराव गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री विपिन मिश्रा सामान्य वर्ग में मजबूत कैंडिडेट माने जा रहे हैं वही ओबीसी में श्रीकृष्ण वर्मा तथा राकेश साहू के नाम जहां दोनों को संगठन का अच्छा खासा अनुभव है तथा वर्तमान में बीजेपी जिला टीम में पदाधिकारी भी हैं वही भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल विश्वकर्मा भी जिला अध्यक्ष की दौड़ को लेकर जिले से लेकर प्रदेश तक दौड़ भाग कर रहे हैं।

वहीं अनुसूचित जाति में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर रावत के अलावा भाजपा संगठन में कई पदों पर रहे एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता पुत्तीलाल गौतम, धीरेन्द्र कनौजिया का भी नाम संभावित लिस्ट में शामिल है हालांकि भाजपा कर इस संगठन चुनाव में जिला अध्यक्ष के लिए दावेदारी 15 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर तक रहेगी जिसमें भाजपा का कौन सा कार्य करता है नामांकन कर पता है यह देखना दिलचस्प होगा।

### असंद्रा पुलिस ने दो चोरों को दबोचा,शौक पूरा करने के लिए करते थे चोरी

**बाराबंकी।** जनपद के बनीकोडर विकासखंड अंतर्गत असन्द्रा थाना पुलिस ने मंगलवार को चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई लोहे की पाइप और एक बाइक बरामद की। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। असन्द्रा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह गश्त के दौरान पठकनपुरवा बाजार से दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम विशाल कश्यप पुत्र शिवदत्त, निवासी दांदूपुर, थाना असन्द्रा) और संजय पुत्र बुधई केवट, निवासी सराय, थाना सुबेहा बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो लोहे की पाइप जोड़ने वाली सर्किट और घटना में प्रयोग की गई बाइक (न्च् 41 ।भ् 9089) बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने रारी पुलिया के पास निर्माणाधीन पानी की टंकी से सामान चुराया था। उन्होंने यह भी कबूल किया कि निजी खर्च और शौक पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

### वाहन की टक्कर से अज्ञात वाहन से युवक की मौत पर मुकदमा दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के कोलुहागाड़ा गांव निवासी युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना 13 नवंबर की है, जब युवक प्रद्युम्न द्विवेदी अपने साथी रमन के साथ बाइक से कानपुर सुधांशु आश्रम दर्शन के लिए जा रहा था। बैराज मार्ग स्थित पुलिस चौकी के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रद्युम्न को तुरंत इलाज के लिए हैलट अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रमन को भी घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की मां गायत्री देवी ने गंगाघाट थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीएम ने की जनसुनवाई, लोगों की सुनी जनसमस्याएं



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी करें पंजीयन सहित आवेदन अमेठी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि जनपद के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों द्वारा एक वर्षीय शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी एन0ए0पी0एस0 पोर्टल www.apprenticeshipindia.gov.in पर अपना पंजीकरण कराते हुए आवंटित हुई पंजीकरण संख्या के साथ आवेदन जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज में 10 दिसम्बर 2024 तक जमा किया जा कर सकते है।

## बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम आयोजित

> बसपा के कार्यकर्ताओं को छः दिसंबर को लखनऊ में आयोजित बड़े कार्यक्रम में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिले में छः दिसंबर को संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिले में दो दर्जनक से अधिक छोटे बड़े आयोजन किए जायेंगे।नगर स्थित बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और विचार गोष्ठी के साथ शाम को कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया में बुद्ध चरित्र चन्द्रोदय पाठ के समापन के बाद त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। अम्बेडकर कल्याण समिति की ओर से पंचशील धम्म यात्रा निकाली जाएगी।

मंगलवार को कार्यक्रम को लेकर तैयारी बैठकें आयोजित की गई। अम्बेडकर सेवा समिति, वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति और आम नागरिक सुरक्षा सेना की ओर से छः दिसंबर को माल्यार्पण, विचार गोष्ठी और कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा।

सामाजिक समितियों के साथ बामसेफ के कार्यकर्ताओं की ओर से तैयारी की जा रही है। बसपा के कार्यकर्ताओं को छः दिसंबर को लखनऊ में आयोजित बड़े कार्यक्रम में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। सिरमौर बौद्ध विहार के प्रबंधक भंते प्रज्ञा मित्र और वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव भारती ने बताया कि विहार की प्रबंध समिति की बैठक में छः दिसंबर को आगे का निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के आयोजक संजय कुमार ने बताया कि छः दिसंबर को बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष सुबह से देर शाम तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अम्बेडकर कल्याण समिति के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र बौद्ध ने बताया कि पंचशील धम्म यात्रा, मुंशीगंज से प्रारम्भ होगी।

जिला मुख्यालय से होते हुए वापस शाम को अमेठी में समाप्त की जाएगी। तैयारी बैठकों में भंते धम्मदीप ,रामटहल बौद्ध, रामचंद्र, राजेश अकेला, शमशेर, ललित कुमार रामफल फौजी,,राम प्रताप, डा नन्हे लाल , बृजेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार एडवोकेट, सत्यम एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## एकमुश्त समाधान योजना की बैठक आयोजित

लोक मित्र संवाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड कुन्दन रोड, उन्नाव ने आज प्रेमा मैरिज लान सरोसी उन्नाव में एक बैठक का आयोजन किया। यह बैठक उत्तर प्रदेश यावर कार्पोरेशन द्वारा लागू की गई एकमुश्त समाधान योजना (ब्याज माफी) 2024-25 के घरातल पर कार्यान्वयन और विद्युत उपभोक्ताओं को इस योजना के लाभ के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक में उपखण्ड के अंतर्गत कार्यरत समस्त अपर अभियंता, विद्युत कर्मी, संविदा कर्मी, बिलिंग एजेंसी के प्रतिनिधि और क्षेत्रीय सम्मानित व्यक्तित्व शामिल हुए।

उपखण्ड अधिकारी इं. जय प्रकाश द्वाच्च ने बैठक में सभी सहकर्मियों और प्रतिनिधियों को इस योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यह योजना 15 दिसंबर से लागू होगी और इसमें पंजीकरण कराये जाने के लिए तीन चरणों में विभाजित किया गया है। पंजीकरण के आधार पर उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की छूट दी जाएगी। विशेष रूप से, घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को इस योजना का सबसे अधिक लाभ मिलेगा, लेकिन वाणिज्यिक, निजी प्रतिष्ठान और औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी छूट का प्रावधान है। इसके अलावा, जिन उपभोक्ताओं के खिलाफ आरसी जारी की गई है या स्थायी विच्छेदन के बाद बकाए की नोटिस जारी हो चुकी है, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा। बैठक के अंत में उपखण्ड अधिकारी ने सभी विद्युत कर्मियों से हाथ उठाकर यह संकल्प कराया कि वे इस योजना को धरातल पर व्यापक रूप से लागू करने में सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे। इस योजना को लागू करने में क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भी समर्थन का आश्वासन दिया।

## दूरबीन पद्धति से हर्निया का सफल ऑपरेशन अमेठी की जनता के लिए वरदान

लोकमित्र ब्यूरो




**अमेठी** जिले के संजय गांधी अस्पताल ने अपनी उन्नत चिकित्सा सेवाओं में एक और मील का पत्थर जोड़ते हुए दूरबीन पद्धति से हर्निया का सफल ऑपरेशन कर चिकित्सा क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को नए आयाम दिए हैं। प्रतापगढ़ निवासी लक्ष्मी (बदला हुआ नाम), पत्नी राकेश का ऑपरेशन, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राहुल गुप्ता द्वारा सफलता पूर्वक किया गया।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि दूरबीन विधि अत्याधुनिक तकनीक है, जिसमें बेहद छोटे चीरे के माध्यम से ऑपरेशन किया जाता है। यह तकनीक मरीजों के लिए कम दर्दनाक और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने वाली है। उन्होंने कहा कि अब अस्पताल में हर्निया, अपेंडिक्स, और पथरी जैसी सर्जरी भी इस उन्नत विधि द्वारा की जा रही हैं।

**संजय गांधी अस्पताल ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी:** अस्पताल के CFO एस. के. जैन ने कहा, कैंसर और हृदय रोग के सफल इलाज के बाद, दूरबीन विधि से ऑपरेशन की शुरुआत हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लिए बड़ा कदम है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को यह सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अस्पताल में कई अन्य विभागों की स्थापना की योजनाएं प्रगति पर हैं।

**विशेषज्ञ सेवाओं का निरंतर विस्तारः** संजय गांधी अस्पताल ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लिए चिकित्सा का मुख्य केंद्र बनता जा रहा है। कैंसर और हृदय रोग विभाग के साथ, अब नियमित रूप से दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन किए जा रहे हैं। यह न केवल अस्पताल की उन्नत सेवाओं को दर्शाता है बल्कि ग्रामीण जनता में नई उम्मीदें भी जगा रहा है। अस्पताल का यह प्रयास न केवल अमेठी बल्कि पूरे क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित कर रहा है।

### पोल से टकराकर पलटी मारुति वैन,बच्चों और ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला

**बाराबंकी।** जनपद में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार मारुति वैन विद्युत पोल से टकराकर पलट गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार सभी लोग, जिनमें चार बच्चे भी शामिल थे, बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई चोट नहीं आई। घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र के सूरतगंज मार्ग स्थित जरखा पुरवा गांव के पास हुई, जहां इसी गांव के निवासी सागर अपनी निजी मारुति वैन ( यूपी 32-एक्सएल-0223) में चार बच्चों को लेकर घूमने निकले थे। जब वे घर वापस लौट रहे थे, तो तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और विद्युत पोल से टकराकर पलट गया। घटना के बाद आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने शीशा तोड़कर गाड़ी में फंसे बच्चों और ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी को भी खरोंच तक नहीं आई और सभी लोग सुरक्षित बच गए। हालांकि, गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

## धोखाधड़ी से वसीयत के बाद हत्या का आरोप, महिला ने एसपी से की शिकायत

> महिला का आरोप है उसके पति की हत्या की गई है। पीड़िता ने बताया कि उसके पास पति की मौत होने के बाद मात्र एक जमीन का ही सहारा बचा है

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** साजिश कर आरोपियों ने एक व्यक्ति से अपने हक में वसीयत कराने के बाद पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने वसीयत को निरस्त करने के साथ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी विशुनपुर निवासी दयावंती के पति लखनऊ में घंटाघर ढाल निवासी शमा परवीन के घर में नौकरी करते थे। मोहल्ला दाउत नगर फैजुल्ला गंज में कपिल मिश्र के घर पर किराए पर रहता था। सात नवंबर को बीमार होने पर महिला के पति को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि उसके पति प्रदीप कुमार को अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर तहसील रामनगर में ले जाकर कपिल ने अपनी पत्नी प्रीति मिश्रा के नाम वसीयत करा ली। आरोप है कि उसके पति को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसके पति की 10 नवंबर को मौत हो गई। महिला का आरोप है उसके पति की हत्या की गई है। पीड़िता ने बताया कि उसके पास पति की मौत होने के बाद मात्र एक जमीन का ही सहारा बचा है, जिसको आरोपियों ने फर्जी तरीके से अपने हक में वसीयत करा ली है। इस कारण अब उसके व उसकी सास के जीवनयापन पर संकट आ गया है। इस सम्बन्ध में आईजीआरएस के माध्यम से महिला ने शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने मामले में कहीं जाए बगैर रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा-दफा कर दिया है। महिला ने दोबारा पुलिस

### देवा थाने के अतिरिक्त निरीक्षक बने अनिल कुमार पांडे, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं एएसपी गरिमा पंत बनाई गईं प्रभारी

**बाराबंकी।** जिले में तैनात पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिले में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं उपाधीक्षक गरिमा पंत को देवा थाने का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही, देवा थाने में पहले से तैनात निरीक्षक अनिल कुमार पांडे को अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने एक प्रेस नोट जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से बाराबंकी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही उपाधीक्षक गरिमा पंत को अब जिम्मेदारी सौंप दी गई है। गरिमा पंत महिला थाना प्रभारी के तौर पर अपनी सेवा दे चुकी हैं और अब उन्हें देव थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। साथ ही, जिले की सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देव थाने में तैनात निरीक्षक अनिल कुमार पांडे को का कार्यभार सौंपा गया।

## मार्ग दुर्घटनाओं में दो महिलाओं सहित सात घायल

लोकमित्र संवाद

**बांगरमऊ,उन्नाव।** क्षेत्र के अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में दो महिलाओं और एक बालिका सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक महिला सहित दो घायलों की हालत नाजुक होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम गुरूदीन खेड़ा निवासी प्रदीप 29 पुत्र शिवकुमार अपनी मां शांती 50 को बाइक के जरिए बांगरमऊ से वापस अपने गांव जा रहा था। तभी रास्ते में बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग स्थित ग्राम बरुआ घाट के निकट मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा में जा टकराई।

हादसे में दोनों मां बेटे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर घायल शांती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इसके अलावा अन्य पांच दुर्घटनाओं में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवला पुर निवासी विजय कुमार 58 पुत्र गंगाराम व राजकुमार 40 पुत्र भगवान दीन, इशिता कटियार 09 पुत्री ऋषि कटियार निवासी ब्लॉक रोड बांगरमऊ तथा परनाम 10 पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम पंचू पुरवा घायल हुए हैं। घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। साथ ही बीते सोमवार को देर रात फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तकिया चौराहे पर एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। ग्रामीणों ने उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

संक्षिप्त खबरें

## अयोध्या में बनेगा एक और सर्किट हाउस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भव्य मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या धाम में दर्शन-पूजन के लिए अन्य प्रदेशों से माननीयों का तांता लगा हुआ है। आलम यह रहता है रोज कोई न कोई नेता-मंत्री यहां पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहा है। इनके आने के क्रम को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां अब एक और सर्किट हाउस का निर्माण कराने का फैसला किया है। इसके लिये कौशल्या घाट के पास भूमि चिह्नित कर ली गई है। कुल 25 सौ 20 स्क्वायर मीटर में निर्माण प्रस्तावित किया गया है।दरसअल अयोध्या की बढ़ती लोकप्रियता ने देश-विदेश में अपनी छाप छोड़ दी है। एक अनुमान के मुताबिक रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद लगभग सभी केंद्रीय मंत्री, प्रदेशों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक यहां पहुंचकर माथा टेक चुके हैं। यह फेहरिस्त अभी समाप्त नहीं हुई है और वीआईपी के आने का क्रम अभी जारी है। इनके रुकने के लिए अभी यहां सिविल लाइन्स में बस अड्डे के निकट एक सर्किट हाउस का संचालन किया जा रहा है। भविष्य में वीआईपी की आमद को देखते हुए एक और सर्किट हाउस को बनाने का निर्णय लिया गया है।

### मौजूदा सर्किट हाउस से भी होगा अच्छा

सर्किट हाउस में सिर्फ शासन-प्रशासन के ही लोग रुकते हैं। इसलिए इसे मौजूद सर्किट हाउस से भव्य बनाया जाएगा। कोशिश रहेगी कि इसे मंदिर मॉडल से भी जोड़ा जाए। जी प्लस 3 की बिल्डिंग होगी। इसमें 30 कमरे होंगे, प्लस में जिसमें दो वीआईपी रूम शामिल रहेगा। मॉड्यूलर किचन, डाइनिग हॉल, वॉल लाइटिंग, पार्किंग सुविधा और लग्जरी बाथरूम बनाये जाएंगे।

### 16 करोड़ 70 लाख का है प्रोजेक्ट

लोक निर्माण विभाग सीडी-2 के अधिशाषी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का सारा काम लगभग हो गया है। मीजरमेंट करा लिया गया है। 16 करोड़ 70 लाख की लागत से सर्किट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। शासन से धन की स्वीकृति अभी बाकी है। आदेश आते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करा दी जाएगी।

## चुनावी रंग में डूबा कचहरी परिसर



**अयोध्या ।** 17 दिसंबर को होने जा रहे फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या के वर्ष 2025 के वार्षिक चुनाव के लिए मतदान के अब मात्र 13 दिन शेष बचे हैं। 2250 अधिवक्ता मतदाताओं की सूची भी जारी कर दी गई है। कचहरी खुलते ही नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई मतदाता सूची में अधिवक्ता सोमवार को दिन भर अपना नाम खोजते हुए देखे गए। अधिवक्ता संघ के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री संयुक्त मंत्री व कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों के प्रत्याशियों ने कचहरी परिसर में चुनाव प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। सोमवार को प्रत्याशियों ने कचहरी परिसर में मतदाताओं के बीच जाकर जीतने के लिए वोट मांगे। इसी के साथ कचहरी परिसर चुनावी रंग में सरो बार होता जा रहा है। 17 दिसंबर को 12 पदों के लिए होने जा रहे चुनाव में जारी वोटर लिस्ट के अनुसार 2250 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। फिलहाल यह अभी अंतिम सूची नहीं है। इसमें अभी नाम घटाए व बढ़ाए भी जा सकते हैं। मतदाताओं की सही संख्या 5 दिसम्बर के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर सभी पदों के प्रत्याशी अधिवक्ता शेडो व चैंबरो में घूम घूम कर जनसंपर्क कर मतदाताओं के बीच प्रचार कर रहे हैं। वही चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी मुकदमों की परवाह न करते हुए प्रचार में लग गए हैं। फैजाबाद बार एसोसिएशन द्वारा चुनाव आचार संहिता लागू किए जाने के बाद भी कचहरी परिसर में प्रत्याशियों के बैनर व पोस्टर लगे हुए हैं। जबकि कचहरी परिसर में प्रत्याशियों द्वारा लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाए जाने तथा भविष्य में तथा दुबारा न लगाए जाने का आदेश चुनाव अधिकारी जे पी तिवारी द्वारा जारी किया गया है। एल्डर्स कमेटी के सदस्य अरविंद कौल ने बताया कि चुनाव कराए जाने के लिए एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जेपी तिवारी व उप चुनाव अधिकारी पी एन सिंह ही चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्यवाही करने के लिए अधिकारी हैं। शीघ्र ही ऐसे मामलों पर बैनर पोस्टर लगाने वाले प्रत्याशियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक 8 दिसंबर को



**अयोध्या ।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद जनपद अयोध्या की एक आवश्यक बैठक 08 दिसम्बर 2024 रविवार को अपराह्न 12.00 बजे से केंद्रीय कार्यालय के परिसर में आहूत की गई है । जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने बताया जिसमें जनपद अयोध्या महानगर के पदाधिकारी का गठन किया जायेगा तथा अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के स्थापना दिवस मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 की तैयारी की चर्चा की जायेगी विगत कार्यवाही की संपुष्टि आय व्यय के पारदर्शिता पर विचार आगामी कार्यक्रम के स्थलीय निरीक्षण पर चर्चा पूर्व में दी गई रसीदों के अनुपलब्धता पर विचार अन्य विचार अध्यक्ष की अनुमति से इस बैठक में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के समस्त केंद्रीय, प्रदेशीय, मंडलीय जनपदीय एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारीयों एवं सदस्यों का रहना नितांत आवश्यक है।जनपद के सभी सम्मानित ब्राह्मण बंधु बांधवियों को सूचित किया जाता है कि जो लोग समाज सेवा करने के इच्छुक हो कृपया उक्त आयोजित बैठक में समय से पहुंचकर अपना दायित्व लेकर संगठन का कार्य करने का कार्य करें सभी ब्राह्मण बंधु बांधवियों से निवेदन है कि कृपया समय से बैठक में पहुंचकर जनपद अयोध्या महानगर के गठन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की कृपा करें ।

## आयुक्त कार्यालय में तैनात कर्मचारी की जांच शुरू

**▸▸पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष दुबे ने सतर्कता अधिष्ठान में की थी शिकायत**

**अयोध्या।** अयोध्या मंडल के आयुक्त कार्यालय में तैनात कर्मचारी मेवालाल की सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक द्वारा जारी पत्र पर जांच शुरू कर दी गई है।जांच अधिकारी अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी ने कर्मचारी मेवालाल से एक सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया है।आयुक्त कार्यालय के कर्मचारी मेवालाल के विरुद्ध जांच जिला पंचायत के पूर्व सदस्य संतोष दुबे की शिकायत पर हो रही है।

शिकायतकर्ता ने मेवालाल पर आयुक्त कार्यालय में फ्रॉड करके महत्व पूर्ण पदों पर रहकर अकूत धन व संपत्ति अर्जित करने की शिकायत उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक को पत्र भेज कर किया था। कई बार की शिकायत करने के बाद अब जांच शुरू की गई है।

संतोष दुबे ने 17 नवंबर 2022 में भी मेवालाल द्वारा शहर में महंगी जमीनों के खरीदने व करोड़ों रुपए अर्जित करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।लेकिन जांच शुरू होने से पहले ही शिकायत प्रार्थना पत्र को दबा दिया गया।

# बांग्लादेश में हिंदू समाज पर अत्याचारों के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा

**▸▸गुलाब बाड़ी से गांधी पार्क तक निकाली जन आक्रोश रैली**




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूटा है। गुलाब बाड़ी से गांधी पार्क तक एक जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया, जिसमें आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद (ड्डाक्क), और भाजपा के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस रैली में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि भारतीय समाज में कष्टों को जल्दी भूल जाने की आदत है और भगवान में आस्था के कारण हम अपने दुखों को जल्दी भूल जाते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने बांग्लादेश में हिंदू समाज की रक्षा के लिए हमेशा सहयोग किया है और बांग्लादेश को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए मदद दी है। चंपत राय ने बांग्लादेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वहां की सरकार हिंदू समाज की रक्षा में विफल रही है और वह अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश पर दबाव डालने की अपील की ताकि वहां के हिंदुओं को न्याय मिल सके।

## एबीवीपी का पुन: राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर महापौर ने किया अभिनंदन



**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर अंकित शुक्ला का महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कैम्प कार्यालय सिविल लाइन से पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। अंकित शुक्ला का दूसरी बार विद्यार्थी परिषद का मंत्री बनाया गया है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रवादी विचारधारा का संगठन है। छात्रों में राष्ट्रवाद का भाव जाग्रत करने तथा विद्यार्थी हितों के लिए एबीवीपी लगातार प्रयत्नशील रहता है। उन्होंने कहा कि सम्पर्क व संवाद के माध्यम से छात्रों को वैचारिक रूप में सबल बनाने के लिए अंकित शुक्ला लगातार प्रयत्नशील रहते है। इन्हें पुन राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने से छात्रों के मध्य राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूती मिलेगी। इस दौरान विभाग मंत्री अंकित दीक्षित, प्रांत सहसंयोजक अर्पित श्रीवास्तव, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष विशाल सिंह, आशीष तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री, शिवमोहन शुक्ला, मोहित पाण्डेय, प्रमेंद सिंह, रमेश राणा उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**जानाबाजार -अयोध्या।** अज्ञात कारणों से आग लगने के चलते एक परिवार की गृहस्थी खाक हो गई ।

आग की सूचना पर पहुंचे ग्राम वासियों और स्थानीय पुलिस की जवानों ने काबू किया । जिसके चलते आग दूसरे घरों तक नहीं बढ़ सकी। ग्राम प्रधान ने सूचना राजस्व कर्मी को दिया। राजस्व कर्मी जयसूर्या ने पहुंचकर छतिपूर्ति का आकलन करते हुए आर्थिक रिपोर्ट तहसीलदार बीकापुर को भेजने की कार्यवाही में जुट गये। वही समाजसेवी उपेंद्र दुबे ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को बर्तन राशन और पन्नी की व्यवस्था कर तत्काल राहत प्रदान की।थाना क्षेत्र हैदरगंज के ग्राम पंचायत इमलिया दुबे का पुरा निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र घिराऊ के घर सोमवार को लगभग 3ः00 बजे आग लग गई। उस समय घर के सदस्य सभी बाहर थे। तभी एकाएक अज्ञात कारणो से आग लग गई । जब तक ग्रामवासी और लोग पहुंचते आग अपना उग्र रूप ले चुकी थी। आग ने अपने चपेट में मकान सहित पूरा गृहस्थी का सामान आगोश में ले लिया। और जलकर पूरा खाक हो गया। पीड़ित के सूचना पर डायल 112 की पुलिस ने पहुंचकर ग्राम वासियों की मदद से आग को काबू में किया । सूचना मिलते ही राजस्व कमी जयसूर्या ने पहुंचकर आर्थिक रिपोर्ट का आकलन कर तहसीलदार को भेजने का करवाई किया । तो वही क्षेत्र के समाजसेवी उपेंद्र दुबे ने पीड़ित परिवार को खाने की सामग्री के साथ बर्तन और पन्नी की व्यवस्था की।

# 27 अधिवक्ताओ ने किया रक्तदान

### अधिवक्ता दिवस राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व एच डी एफ सी बैंक नें लगाया रक्तदान शिविर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अधिवक्ता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन कचहरी के सिविल कोर्ट परिसर में किया गया जिसमें 27 अधिवक्ताओ ने रक्तदान कर महादनी बनें।उक्त रक्तदान शिविर का आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक अयोध्या इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।इस मौके पर संस्था संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी राजेश चौबे ने कहा की यह रक्तदान शिविर अधिवक्ता साथियो के सम्मान में आयोजित किया गया है जिसका उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेविका श्वेता राज सिंह ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोगों को न्याय दिलाने के साथ साथ अधिवक्ता साथी जीवन बचाने के लिए भी संकल्प ले चुके है। अधिवक्ता साथी लगातार अपने खून से लोगों को जीवन बचा रहे है। आरक्षी मो अहद ने बताया संस्थान द्वारा निरंतर रक्तदान शिविर लगाए जा रहे है जिससे मरीज को आसानी से ब्लड मिल सकें। सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा डोनर कार्ड दिए गया।इस मौके पर जनसम्पर्क अधिकारी विन्दश्वरी प्रसाद,लैब टेक्निशियन विशाल पटेल व अनिल सिंह , कॉउसलर ममता खत्री का सराहनीय योगदान रहा संस्था के सहयोगी अधिवक्ता अखंड प्रताप यादव व अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता ने उपस्थित लोगो के प्रति आभार व्यक्त कियाकैम्प के आयोजन में सब इस्पेक्टर रणजीत यादव उपाध्यक्ष विजय वर्मा,इंद्र प्रीत सिंह वेदी,विनय सिंह कुशवाहा,राम कुमार मौर्य आदि का सराहनीय योगदान रहा। रक्तदान करने में वैभव पाण्डेय, विनीत कन्नौजिया, सौरभ निषाद, शंशाक प्रताप सिंह, पुष्कर जायसवाल, राकेश कुमार पाण्डेय, पीयूज कुमार, अतुल कुमार सिंह, सक्षम कुमार श्रीवास्तव, हरी प्रसाद तिवारी, राम शंकर तिवारी, अम्बरीश कुमार शुक्ला,विनोद वर्मा, आशीष मांझी, वृजेश विश्वकर्मा, वीरेंद्र तिवारी, हेमंत विक्रम सिंह, राम प्रकाश पाण्डेय, आशुतोष कुमार सिंह, आनंद कुमार, तिजेंद्र यादव, कुंवर शैलेश श्रीवास्तव, अमरेश चंद मिश्र, अभिषेक चौधरी,जय प्रकाश व अन्य अधिवक्ता साथी शामिल रहें।



## हनुमानगढ़ी के पहलवान नागेंद्र दास ने जीता उद्घाटन मुकाबला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या -अमानीगंज।** अमानीगंज संत बाबा भीखा दास तप स्थली महोली में सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय दंगल का उद्घाटन अमानीगंज की ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने किया दंगल का आयोजन हनुमानगढ़ी अयोध्या के पहलवान बाबा संजय दास की ओर से किया गया है दंगल का उद्घाटन मुकाबला हनुमानगढ़ी की पहलवान नागेंद्र दास और मध्य प्रदेश के पहलवान संदीप के बीच हुआ इसमें नागेंद्र दास विजय रहे दूसरा मुकाबला पंजाब के बग्गा पहलवान और दिल्ली की अशोक सिंह के बीच बराबरी पर छूटा तीसरा मुकाबला नेपाल के शंकर थापा और हरियाणा के कल्लू के बीच हुआ इसमें नेपाल के शंकर थापा विजई हुई दो दिवसीय दंगल में हरियाणा पंजाब राजस्थान मध्य प्रदेश नेपाल हनुमानगढी अयोध्या सहित देश के नामी गिरामी पहलवान हिस्सा ले रहे हैं पहले दिन 11 मुकाबले हुए दंगल की आयोजक पहलवान संजय दास ने बताया कि फाइनल मुकाबला मंगलवार को दोपहर बाद खेला जाएगा उन्होंने कहा कि इस दंगल को आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को नशा से मुक्त करने का अभियान है इस अवसर पर संत भीखा दास के पुजारी जमुना दास गोस्वामी पहलवान मुन्नादास पूर्व प्रधान बिंदेश्वरी सिंह बबलू सिंह अमर बहादुर सिंह भीखी का पूरा जीत बहादुर सिंह मौजूद रहे।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मोत्सव पर जिला जज ने अधिवक्ताओं को उनके नक्शे कदमों पर चलने का दिलाया संकल्प

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अधिवक्ता संघफैजाबाद अयोध्या मे देश के प्रथम राष्ट्रपति बाबू डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद का जन्म दिवस धूमधाम से आचार्य नरेंद्र सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष पंडित जेपी तिवारी ने अधिवक्ता संघ के तीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं सूर्य नारायण मिश्र प्रयोग नारायण तिवारी एवं सुरेश प्रताप सिंह को साल एवं अधिवक्ता का गाउन और बैंड देकर सम्मानित किया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जज रणंजय वर्मा ने अधिवक्ताओं को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री प्रातः स्मरणीय डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प दिलाया और कहा कि बार और बेंच का आपस में बराबर की जिम्मेदारी होती है जिससे निर्वहन करने में अधिवक्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है अधिवक्ता पर उसके बाद कार्य का अटूट विश्वास होता है उन्होंने एक कविता के माध्यम से वकीलों का दर्द भी बयान किया और ईमानदारी से अपने वादकारी के वाद की पैरवी कर की वकालत करने की सलाह दी। जिला जज में अधिवक्ताओं को अपने मुकदमों की तैयारी करने और पढ़ने की आदत डालने के साथ कार्य से अपने क्लाइंट को संतुष्ट करने की सलाह दी वरिष्ठ अधिवक्ता एल्डर कमेटी के सदस्य गिरीश प्रताप सिंह ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहां की बाबू राजेंद्र प्रसाद ऐसे विद्यार्थी थे जिनके बारे में एग्जामिनर ने लिखा था एग्जामिनी इज बेटर दैन एग्जामनामिनर। अधिवक्ता दिवस पर यदि देश के महान विभूति सरदार वल्लभभाई पटेल को नया याद किया जाए तो बेनामी होगा उन्होंने एक अधिवक्ता के रूप में देश को जोड़ने का काम किया था कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र कुमार श्रीवास्तव विजय कुमार श्रीवास्तव प्रियनाथ सिंह ने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में चर्चा किया कार्यक्रम का संचालन अरविंद कॉल ने किया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बब्बन प्रसाद चौबे सूर्य नारायण सिंह अंजनी कुमार तिवारी प्रभु गिरीश चंद्र तिवारी शैलेंद्र जायसवाल राज कपूर सिंह प्रोफेसर कृष्ण मुरारी सिंह नाथ बख्श सिंह त्रिलोकी नाथ दुबे राकेश तिवारी राकेश वैद्य राजेंद्र तिवारी रवि प्रकाश पाठक प्रदीप पाठक आदि भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। इसी तरह से कचहरी परिसर में उनके जन्मोत्सव पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में भी कार्यक्रम मनाया गया जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को आत्मसात करने का संकल्प लिया अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज मेहरोत्रा शावेज जाफरी आलोक खरे गिरीश चंद्र तिवारी राजेश यादव राकेश वैद्य राकेश तिवारी उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पवन तिवारी विपिन कुमार यादव आदि भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे

## सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महापौर और नगर आयुक्त की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

वार्डों की मैपिंग और बीट निर्धारणः प्रत्येक वार्ड की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी बीटवार तय की जाएगी। साथ ही, हर बीट पर संबंधित कर्मचारियों का विवरण अंकित किया जाएगा।

स्वच्छता योद्धा सम्मानः सफाई में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को ÷स्वच्छता योद्धा÷ के रूप में सम्मानित किया जाएगा। ये सफाई मित्र वार्ड के पार्षद से प्रमाणित किए जाएंगे और सोशल मीडिया पर उनकी सराहना की जाएगी। मैकेनिकल स्वीपिंगः मुख्य मार्गों की सफाई के लिए मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। सफाई मित्रों को इन मार्गों पर तैनात किया जाएगा।डोर टू डोर कूड़ा संग्रहणः डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण कार्य करने वाली संस्था के प्रदर्शन को संतोषजनक नहीं पाया गया, और इसे सुधारने के निर्देश दिए गए।निगरानी और निरीक्षणः सभी जोनल अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे प्रतिदिन एक वार्ड का निरीक्षण करें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करें।महापौर ने कहा कि अयोध्या एक आध्यात्मिक नगरी है, जहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। यहां 24 घंटे सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा सकें। नगर आयुक्त ने बताया कि सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है।इस बैठक में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, सौरभ नाथ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी राममणि शुक्ला, और अन्य निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीकापुर बार में मनाया गया अधिवक्ता दिवस, पांच अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

**▸▸नगर पंचायत अध्यक्ष ने दी आधुनिक शौचालय की सौगात**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** विगत वर्षो की भाति बार एसोसिएसन बीकापुर अयोध्या द्वारा डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का जन्म दिन अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया

जिसमे सम्मानित अधिवक्ता राममूर्ति यादव, बृजेश कुमार यादव, वीरेश्वर कुमार मिश्र राजन, झिनकू यादव व सैयद मो0 शोएब को सम्मानित किया गया जिसके मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय राना रहे तथा समारोह मे उपजिलाधिकारी न्यायिक बीकापुर, तहसीलदार न्यायिक / नायब तहसीलदार महोदय बीकापुर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अवधेश प्रताप पाण्डेय, सदस्य चन्द्र भूषण दूबे, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम तिवारी, शेख मो इश्हाक, लश्करी पाण्डेय, श्याम मनोहर पाण्डेय, आवाद अहमद खॉ, सदानन्द पाठक, बृजेश तिवारी, मंत्री अमर नाथ दूबे, अवधेश प्रताप सिंह, अन्नत नरायण पाण्डेय, देवी दयाल आदि काफी तादाद मे अधिवक्ता उपस्थित उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता बैजनाथ तिवारी ( अध्यक्ष ) ने करते हुए अधिवक्ता कल्याण राशि चार लाख से बढाकर पाँच लाख करने की घोषणा की कार्यक्रम का समापन शोएब मोहम्मद इश्हाक ( पूर्व अध्यक्ष ) ने किया मुख्य अतिथि ने वातानुकूलित सुलभ शौचालय व बार के अन्दर अलग से 6 सीटो का शौचालय बनवाने की घोषणा करते हुए सभी अधिवक्ता गण का धन्यवाद किया

संक्षिप्त खबरें

## नौ अभियुक्तों को जेल में बिताई अवधि और 25 हजार रुपये का जुर्माना

**बांदा।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित और निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन व पैरवी के चलते 10 मामलों में नौ अभियुक्तों को 25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित कराया गया। जसपुरा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अभियुक्त विशाली निषाद पुत्र बुल्लारे निषाद निवासी खैरी अंश गड़रिया थाना जसपुरा को दो हजार, बिसंडा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अभियुक्त सतीशरण उर्फ शक्तिशरण पुत्र घनश्याम निवासी कैरी थाना बिसण्डा को दो हजार, अभियुक्त सतीशरण उर्फ शक्तिशरण पुत्र घनश्याम निवासी कैरी थाना बिसण्डा को 8000 रुपये, अभियुक्त नौकाई उर्फ ननकाई पुत्र रामदास निवासी अमवा थाना बिसण्डा को दो हजार, अभियुक्त मोतीलाल पुत्र भवानीदीन निवासी शाहपुर सानी थाना बदौसा को 2500 रुपये, अभियुक्त प्रेमविजय पुत्र रामखिलावन निवासी बड़ागांव थाना बिसण्डा को एक हजार, थाना जसपुरा में दर्ज रिपोर्ट पर अभियुक्त हरिकेश पुत्र भूरा निवासी थाना जसपुरा को जुर्म स्वीकार करने पर जेल में बिताई गई अवधि के कारावास और दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह जसपुरा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अभियुक्त सुरनिया पत्नी राम खिलावन निवासी बरेहटा थाना जसपुरा को 1500 रुपये अभियुक्त शशांक पुत्र कैलाश दुबे निवासी कस्बा व थाना जसपुरा को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना तथा मटौंध थाने में दर्ज रिपोर्ट के अभियुक्त बदरुद्दीन पुत्र कल्लू निवासी बेवली थाना सलोन जनपद रायबरेली को तीन हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया।

## बांग्लादेश में देवालयों पर हमला चिंताजनक



**बांदा।** बांग्लादेशी हिंदू रक्षा संघर्ष समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को राष्टपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश के अंदर हिंदू देवालयों पर हो रहे हमले चिंताजनक हैं। बांग्लादेश सरकार और उसकी अन्य एजेंसियां इसे रोकने के स्थान पर मूकदर्शक बनकर बैठी हुई हैं। बांग्लादेश के हिंदुओं के द्वारा स्वरक्षण के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभर रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास कग्बांग्लादेश सरकार की ओर से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना, अलोतांत्रिक अमानवीय और हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है, उसमें वामपंथी इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय के वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिये और जैसी रोक लगानी चाहिये थी, वैसी रोक नहीं लगाई गई। समिति के पदाधिकारियों ने मांग की है कि भारत सरकार विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को अपने संज्ञान में लेते हुए बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए और हिंदुओं के ऊपर उत्पीड़न व अत्याचार और देवालयों को लक्षित करके निशाना बनाए जाने की घटनाओं को तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए। इसके साथ ही इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को तत्काल रिहा किया जाए। इसके साथ ही किसी भी हिंदू नेता, हिंदू पुजारी, हिंदू संत, धार्मिक गुरू को बिना किसी कारण के उत्पीड़न न करते हुए गिरफ्तार न किया जाए। ज्ञापन देते समय समिति के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संकट मोचन मंदिर में श्रीराम लीला का मंचन

**बांदा।** संकट मोचन मंदिर में पांच दिवसीय श्रीराम लीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन श्रीराम जन्म लीला का मंचन किया गया। कलाकारों में भगवान शिव का किरदार में पंडित राज नारायण, ब्राह्म भाइया लाल मिश्र, इंद्र पंकज तिवारी, पृथ्वी बने हुए रामरतन, दशरथ बड़े भंईया महोबा, हास्य कलाकार राममिलन कानपुर और छोटा भाइय मंडल संचालक का किरदार निभाया। इस मौके पर धर्मेन्द्र त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, विवेक नामदेव, प्रेमकिशोर श्रीवास्तव, सुरेन्द्र, समाजसेवी राजू द्विवेदी आदि शामिल रहे। संकटमोचन मंदिर में 109वे वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 5 दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन हो रहा है। रात आठ बजे से गणेश पूजन और श्री राम जन्म कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी महंत और संरक्षक उमाशंकर दास संकट मोचन हनुमान मंदिर ने बताया कि 2 से 6 दिसंबर हवन-यज्ञ, विशाल भंडारा तक आयोजित कार्यक्रम किया जाएगा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बांदा।** बाइक से गांव जा रहे दो युवको को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव के मजरा पाड़ादेव निवासी 32 वर्षीय गोपाल पुत्र रामलाल सोमवार की रात अपने29 वर्षीय फुफेरे भाई रज्जू पुत्र राममनोहर निवासी जवाहर नगर कबरई महोबा के साथ बाइक में बैठ कर नरैनी से पाड़ादेव जा रहे थे। तभी रिसौरा गांव स्थित पुल के पास सामने से आ रहेअज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को उठाकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक गोपाल दो भाइयो में छोटा था। बडा भाइ बृजेश सूरत में रहता है। वही रज्जू अपनें पता की इकलौती संतान था। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाली प्रभारी रामकिशोर सिंह ने बताया वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## सड़क हादसो में दंपति समेत पांच घायल

**बांदा।** अलग अलग हुए सड़क हादसो में दंपति समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पैलानी थाना क्षेत्र के कुकुआ खास गांव निवासी 40वर्षीय धर्मराज पुत्र श्रीपाल अपनी 35 वर्षीय पत्नी शोभा को मंगलवार की दोपहर साइकिल में बैठाकर पैलानी जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी 19 वर्षीय अनुज पुत्र दिलीप ईरिक्शा चलाता है। वह मंगलवार की दोपहर सवारी लेकर जा रहा था। तभी इद्रानगर के पास सामने से आ रही प्राइवेट एंबुलेस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे ईरिक्शा पलट गया। अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी तरह तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूगुस गांव निवासी 32 वर्षीय चद्रशेखर पुत्र कोदा प्रसाद ई रिक्शा चलाता है। मंगलवार की दोहपर ई रिक्शा से मुत्तौर गांव जा रहा था। तभी बेदा गांव के पास ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आखिरी दिन भाजपा और कांग्रेस समेत 13 उम्मीदवारों ने कराया नामांकन

## बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष पद उप चुनाव में 16 उम्मीदवार दाखिल कर चुके हैं पर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बबेरू नगर पंचायत के उप चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस समेत 13 उम्मीदवारों ने तहसील पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा उम्मीदवार के साथ जनप्रतिनिधियों का हुजूम रहा जबकि कांग्रेस ने शांतिपूर्ण और सादगी के साथ नामांकन कराया। जनता दल युनाइटेड और आजाद समाज पार्टी समेत निर्दल उम्मीदवारों ने भी पर्चा दाखिल किया। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच किए जाने के बाद 6 दिसंबर को नाम वापसी होगी।

उप चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर अबकी बार कड़ी टक्कर होने के आसार नजर आ रहे हैं। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार डॉ. विवेकानंद गुप्ता ने तामझाम के साथ तहसील परिसर पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जगराम सिंह, विश्वेश्वर पांडेय, अजय सिंह पटेल,





विजयपाल सिंह, विक्रम सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह, विनय तिवारी आदि समर्थक मौजूद रहे। इधर, कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रामनरेश मिश्रा ने सादगी के साथ नामांकन कराया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदुम्न कुमार दुबे, अखिलेश सिंह, साकेत बिहारी मिश्र, गजेन्द्र सिंह पटेल, आदित्य स्वरूप पांडेय, समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। आजाद समाज पार्टी से फूलचंद्र सोनी, जनता दल यूनाइटेड से शिवप्रकाश सिंह समेत निर्दलीय प्रत्याशी रामफल त्यागी, संतोष कुशवाहा, अवधेश कुमार, दुर्गेश सिंह, शिवप्रसाद, रवींद्र कुमार, अरुणेश कुमार गुप्ता, दीपिका, संतोष कुमार वर्मा सहित 13 उम्मीदवारों ने गर्मजोशी के साथ नामांकन दाखिल किया। जबकि सोमवार को सपा सहित दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन कराया था। इस तरह से 16 उम्ममीदवारों ने नामांकन कराया। आरओ राजेश कुमार, एआरओ सुधीर, ललित कुमार ने बताया कि कुल 48 उम्मीदवारों ने पर्चे खरीदे थे। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और शुक्रवार 6 दिसंबर को नाम वापसी होगी। उसी दिन चुनाव निशान दिए जाएंगे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 17 दिसंबर मतदान और 19 दिसंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। नामांकन का सिलसिला खत्म होने के बाद चुनावी गलियारों में चर्चाओं का सिलसिला शुरू हो गया है।

इधर, अतर्रा में भाजपा, सपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं, जबकि चार निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं। बसपा ने कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है।

सपा की प्रत्याशी कांति देवी ने सोमवार को एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया था और मंगलवार को दोबारा एक और सेट दाखिल किया। कांग्रेस के संजय कुमार, भाजपा के अमित और निर्दलीय प्रत्याशियों में सुमन देवी, रामसिया, राम मनोहर, तथा चौबे प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ उत्साहपूर्वक नामांकन पत्र दाखिल करके प्रक्रिया पूरी की।

## रस्सी का फंदा लगाकर युवक ने कर ली खुदकुशी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** सूने घर में युवक ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे छोटे भाई ने शव देखा तो चीख पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मटौध थाना क्षेत्र के अछरौड़ गांव निवासी 18 वर्षीय रामबाबू उर्फ छोटू निषाद पुत्र बंदरा निषाद ने सोमवार को सूने घर में अटारी में छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को मौके पर पहुंचे छोटे भाई बौनी निषाद ने शव लटकता देखा तो चीख पड़ा। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चचेरे भाई मंगल निषाद ने बताया कि रामबाबू राजकोट में रह कर काम करता था। दो माह पहले गांव आया था। उसकी मां प्यारी और पिता बंदर किसी काम से बांदा आए थे। घर में कोई नही था। सूचना मौका देखा उसने यह घटना अंजाम दी। घटना का कारण अज्ञात है।

## शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित हुई परीक्षा



**नरैनी।** कस्बा स्थित सीताराम समर्पण महाविद्यालय में व्यापक व्यवस्था के साथ मिडटर्म परीक्षाओं का सिलसिला शुरू हो गया। मंगलवार को 175 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सीताराम समर्पण महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि आज से विश्वविद्यालय मिडटर्म एग्जाम शुरू हो गये है यह परीक्षायें बीए ,बीएससी, एमए हिंदी, राजनीति, विज्ञान और शिक्षा शास्त्र के होम एग्जाम 3 दिसम्बर से 9 दिसम्बर तक दो पाली में चलेगी जिसमें सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है । आज प्रथम पाली में बीएससी वनस्पति विज्ञान, बीए अंग्रेजी द्वितीय पाली में भूगोल ,गणित और एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर हिंदी शिक्षा शास्त्र और राजनीति विज्ञान की परीक्षाऐं सम्पन्न हुई जिसमें कुल 175 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा प्रभारी का कहना है कि शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं।

## भव्य तरीके से आयोजित किया गया शिव अवतरण रुद्राभिषेक





**बांदा।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा आयोजित केदारनाथ धाम से प्रयागराज महाकुम्भ यात्रा के तहत मंगलवार को जिले में शिव अवतरण रुद्राभिषेक कार्यक्रम डॉ. आशीष गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जनपद का संयोग अमित सेठ भोलू को बनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चित्रकूट अंचल के संयोजक शिवशंकर, सह संयोजक दिनेश दीक्षित, हमीरपुर संयोजक अभिषेक तिवारी, चित्रकूट संयोजक अश्वनी अवस्थी, संयोजक महोबा वियोगी शाश्वत, सह संयोजक महोबा आकाशदीप सिंह, आलोक योगी संयोजक युवाशक्ति चित्रकूट अंचल और यजमान के रूप में अवधेश चंदेल, बलराम गुप्ता, अनुभव अवस्थी, हिमांशु त्रिवेदी, बलबीर सेन, सौरभ कुमार, जयराम सिंह, धीरेन्द्र सिंह, नीरज गुप्ता, मालती गुप्ता उपस्थित रहे। मंगलवार को 51 नए शिव साधकों ने संकल्प लिया। साथ ही काशी से आय ब्राह्मणों द्वारा भव्य आरती भी की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता, लवलेश सिंह, कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह, विजय ओमर, रामेंद्र शर्मा, शिवचरण शुक्ला, कल्लू सिंह राजपूत, जगन्नाथ पाठक, रामकिशोर शिवहरे, कपिल अवस्थी, प्रेम गुप्ता, शिवधार गुप्ता, नागेंद्र सिंह, धर्मेंद्र त्रिपाठी, पंकज गुप्ता, श्याम निगम, सुनील दीक्षित, विप्रश यादव, राकेश बाजपेई, महेंद्र देव पुरिया, लक्ष्मी नारायण आदि मौजूद रहे।

## जुलूस, रैलियों और प्रचार-प्रसार व जनसभा के लिए लेनी होगी इजाजत

### अनुमति प्रदान करने के लिए निकायवार मजिस्ट्रेटों को किया गया नामित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत जुलूस, रैलियों और प्रचार-प्रसार समेत जनसभा का आयोजन करने के लिए निर्वाचन विभाग से इजाजत लेनी होगी। इसके लिए निकायवार मजिस्ट्रेटों को नामित किया गया है। बिना इजाजत प्रचार-प्रसार और जनसभा का आयोजन करने पर संबंधित उम्मीदवार कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। निकायवार नामित किए गए मजिस्ट्रेटों में सदर तहसील क्षेत्र के नगर पालिका परिषद बांदा (वार्ड संख्या 14 स्वराज कॉलोनी) अधिकारी का नाम व पदनाम अमित शुक्ला उप जिला मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। मोबाइल नंबर 9454415969 पर सूचना दी जा सकती है। तहसील अतर्रा नगर पालिका परिषद अतर्रा निर्वाचन के लिए सदस्य पद (वार्ड संख्या 04 सुदामापुरी) अधिकारी का नाम व पदनाम राहुल द्विवेदी उप जिला मजिस्ट्रेट अतर्रा मोबाइल नंबर 9454415975, तहसील बबेरू में नगर पंचायत बबेरू निर्वाचन के लिए अध्यक्ष पद अधिकारी नमन मेहता जिला मजिस्ट्रेट बबेरू मोबाइल नंबर 9454415970 हैं। यह सभी चुनाव प्रचार सभी राजनीतिक दल-उम्मीदवार, इलेक्शन एजेन्ट चुनाव प्रचार के दौरान निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। कहा गया कि किसी अन्य राजनीतिक दल, उम्मीदवार या उसके समर्थक का पुतला लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर जलाने अथवा इस प्रकार के अन्य कृत्य व प्रदर्शन नही करेंगे, न ही इसका समर्थन करेंगे। निर्धारित व्यय सीमा से अधिक व्यय नहीं करेंगे। किसी उम्मीददार या उम्मीदवारों के राजनैतिक विचारों या कृत्यों से असहमति एवं मतभिन्नता होते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण एवं विघ्नरहित पारिवारिक जीवन के अधिकार का आदर किया जायेगा। किसी व्यक्ति के विचार, मत, कृत्य का विरोध उसके निवास के सामने कोई भी प्रदर्शन या धरना आयोजित करके नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते, दीवार का उपयोग झंडा लगाने, झंडियां टांगने, बैनर लगाने जैसे कार्य उस व्यक्ति की अनुमति के बिना नही करेंगे और न ही अपने चुनाव कार्यकर्ताओं, एजेण्ट को ऐसा करने देंगे। किसी भी शासकीय/सार्वजनिक सम्पत्ति, स्थल, परिसर में, विज्ञापन, वॉल राइटिंग नही करेंगे। कटआउट, होर्डिंग बैनर आदि नही लगाएंगे और न ही किसी प्रकार से गन्दा करेंगे।

सभाएं एंव जुलूस सभी राजनितिक दल, उम्मीदवार, इलेक्शन एजेन्ट चुनाव प्रचार के दौरान सभा एवं जुलूस के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। सभा, रैली, जुलूस का आयोजन जिला प्रशासन (उक्त निकायवार नामित मजिस्ट्रेट) से पूर्व अनुमति लेकर करेंगे। किसी अन्य राजनीतिक दल, उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित सभाओं जुलूसों आदि में किसी प्रकार से बाधा या विघ्न उत्पन्न नहीं करेंगे। सभा, रैली, जुलूस को इस प्रकार आयोजित करेंगे कि यातायात में बाधा उत्पन्न न हों।

## अंत्योदय राशन कार्ड में जोड़े जाएं दिव्यांग, मुफ्त दी जाए बिजली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** दिव्यांगों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में सभी दिव्यागों को अंत्योदय राशन कार्ड से जोड़े जाने के अलावा अन्य मांगें की गई। दिव्यांगों ने कहा कि उनकी दुर्दशा पर कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है।

सीएम को संबोधित ज्ञापन में दिव्यागों ने कहा कि सभी दिव्यांगजनों को अंत्योदय राशन कार्ड से जोड़ा जाए। दिव्यांग अधिनियम 2016 जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। इसके साथ ही अगर दिव्यांग के साथ कोई व्यक्ति मारपीट करता है, उसके ऊपर दिव्यांग अधिनियम 2016 के तहत कार्रवाई होनी चाहिये। चाहे वह पिता व भाई, भतीजा आदि खानदानी ही क्यों न हो। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसें दिव्यांग द्वारा रुकवाए जाने पर तत्काल रोकी जाए। न रोकने पर चालक व परिचालक के ऊपर दिव्यांग अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि दिव्यांग, वृद्ध, विधवाओं को जांच कराकर आवास मुहैया कराए जाएं। प्रत्येक माह के किसी एक तारीख को दिव्यांगों की समस्या सुनी जाए और जांच कराकर चौबीस घंटे में निस्तारण कराया जाए। दिव्यांगजनों की बिजली मुफ्त दी जाए। प्रत्येक दिव्यांग को तीन माह में एक गैस सिलेंडर फ्री दिया जाए। दिव्यांगों को रोजगार के लिए पांच लाख रुपये का लोन सरकार की गारंटी पर दिया जाए। इस दौरान श्रीराम प्रजापति, पूनम देवी, जुग्गगू, राजकुमारी, रामदइया, गायत्री, मीरा, संगीता देवी, रजनी देवी, कामता प्रसाद, राकेश, जगरूप गुप्ता, सुखरानी आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा शुभारंभ के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** शहर के इंदिरा नगर मोहल्ले में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह शुभारंभ के पूर्व मंगलवार की दोपहर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण किया।

भक्ति भजनों की धुन पर कलश यात्रा में शामिल भक्त थिरकत नजर आए। मालूम हो कि कथा के पहले निकली भव्य कलश यात्रा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश रखकर निकलीं। वहीं भक्त भी जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

इसके बाद कलश यात्रा कथा स्थल पहुंची। वहां अहमदाबाद गुजरात से आए आचार्य कपिल मुनि महाराज नें श्रीमद् भागवत प्रारंभ की।

कथा शाम सात से रात दस बजे तक की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं। कथा को संपन्न कराने वाले भाग्यवाती राजू तिवारी ने बताया कि संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा मंगलवार से 9 दिसंबर तक आयोजित होगी।

## स्टेडियम ट्रेनिज ने खानकाह इण्टर कालेज टीम को 32 रनो से हराया

**बांदा।** जिला स्तरीय जूनियर किकेट बालक वर्ग की प्रतियोगिता में मंगलवार को स्टेडियम ट्रेनीज और खानकाह इंटर कालेज टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। स्टेडियम ट्रेनिज के कप्तान गौरव के द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 111 रनो का स्कोर खड़ा किया। इसमें ओम के 23 रन गौरव के 20 रन आयुष के 17 रन उज्वल और युवराज के 12 रनों का योगदान दिया। खानकाह इण्टर कालेज के गेदबाज हसनैन और साहिल को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ। लक्ष्य का पीछा करते हुये खानकाह इण्टर कालेज 79 रनों में ऑल आउट हो गईश्र संस्कार ने 27 रन और तौहिद ने 16 रनों का योगदान दिया। स्टेडियम ट्रेनीज के गेदबाज यशवर्धन सिंह 04 विकेट उज्जवल युवराज और कुनाल दो-दो विकेट प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का द्वितीय मैच लिटिल मास्टर और डीएवी इण्टर कालेज के मध्य होगा। इधर, मंगलवार को हुए मैच का उद्घाटन विनय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष जिला किकेट संघ, धनन्जय करवरिया सीनियर किकेट खिलाड़ी ने किया। उद्घाटन के समय कल्पना कमल उप क्रीड़ाधिकारी, सहिद अली खेल अध्यापक महेश अध्यापक शिवप्रताप सिंह किकेट प्रशिक्षण स्टेडियम उपस्थित रहे।